www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:41

आज का तापमान

शिमला	2.02 न्यू	12.06 अधि
धर्मशाला	5.02 न्यू	19.00 अधि

बाजार

सेंसेक्स	71386.00
निफ्टी	21544.00
सोना 62,490	चांदी 72,560

धर्मशाला | बुधवार, 10 जनवरी 2024 | 26 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 23 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

शिमला राम मंदिर में एक साथ जलाए जाएंगे 5100 दीपक...पेज 3

सरयू तट पर स्थापित होंगे 1008 नर्मदेश्वर शिवलिंग

- अयोध्या में राम नाम महायज्ञ 14 जनवरी से
- 100 एकड़ में बसा कुटी और तंबुओं का शहर

अनंत ज्ञान विशेष

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सरयू तट पर महायज्ञ होगा। महायज्ञ को लेकर सरयू तट पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यह महायज्ञ 14 से 25 जनवरी तक चलेगा। रामघाट बाइपास स्थित बालू घाट में 100 एकड़ भूमि में तंबुओं का शहर बसाया जा रहा है, जिसमें विश्व कल्याण के लिए सीताराम जप महायज्ञ होगा।

रोजाना 21 हजार नाम जापक 1008 नर्मदेश्वर शिवलिंग स्थापित कर उनका पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। अयोध्या धाम के गर्भगृह से लेकर भूतल तक सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इस बीच राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में मंदिर के अंदर और बाहर की भव्यता दिख रही है।

- मंदिर में गृर्भगृह से लेकर भूतल तक सभी तैयारियां पूरी
- विशाल भव्यता-सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध होंगे भक्त

100 कुंडों में 1100 दंपती राम मंत्र से होंगे हवन

50 हजार श्रद्धालुओं के रुकने और रोजाना एक लाख लोगों के लिए भंडारे का इंतजाम

सीएम योगी ने गर्भगृह में की रामलला की आरती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर सबसे पहले अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की आरती की। सीएम योगी ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

अयोध्या धाम नहीं, सिर्फ जन्मभूमि परिसर का ही भ्रमण करेंगे रामलला

रामलला को प्राण प्रतिष्ठा से पहले नगर भ्रमण नहीं कराया जाएगा। रामलला अब सिर्फ जन्मभूमि परिसर का ही भ्रमण करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से यह फैसला लिया। 17 जनवरी को रामलला की अचल मूर्ति राम जन्मभूमि परिसर पहुंचेगी। परिसर में ही शोभायात्रा निकालने की रस्म पूरी की जाएगी।

सात सुरक्षा एजेंसियों ने संभाला सुरक्षा का जिम्मा

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरी अयोध्या सुरक्षा के घेरे में रहेगी। सात बड़ी सुरक्षा एजेंसियां रामनगरी के विभिन्न इलाकों में छानबीन में जुटी हैं। इसके अलावा जिले की सीमाओं पर भी चौकसी बढ़ाई गई है। आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी करके ही प्रवेश दिया जा रहा है।

अहमदाबाद से आया 44 फुट का ध्वजदंड

अहमदाबाद से अयोध्या राम मंदिर के शिखर का ध्वजदंड पहुंच गया है। इस ध्वज दंड की ऊंचाई 44 फुट है और इसका वजन साढ़े पांच टन है। राम मंदिर के शिखर के तीसरे तल पर ध्वज दंड को स्थापित किया जाना है।

न्यूज शॉर्ट्स

जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास से हथियार बरामद

कुपवाड़ा। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपावड़ा जिले में एलओसी के पास से एक एके-47, दो मैगजीन और ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। पुलिस ने एक संदिग्ध नागा मंडियान निवासी मोहम्मद अमीन लोन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और पूछताछ कर रही है।

गेब्रियल अटल बने फ्रांस के सबसे युवा प्रधानमंत्री

पेरिस। गैब्रियल अटल फ्रांस के अब तक के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने 62 साल की एलिजाबेथ बोर्न के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद उनकी जगह ली। प्रधानमंत्री के रूप में गैब्रियल की ये नियुक्ति तब हुई है, जब इस साल के आखिर में होने वाले यूरोपीय संघ के चुनाव से पहले मैक्रों अपनी टीम में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहे हैं।

भूकंप के झटकों से कांपी जापान-इंडोनेशिया की धरती

टोक्यो। जापान में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई। उसने बताया कि जापान के समुद्र तट पर झटके लगे हैं। बता दें कि एक जनवरी को भी जापान के इसी हिस्से में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिससे काफी तबाही हुई थी। वहीं, इंडोनेशिया के तलौद द्वीप पर रिक्टर पैमाने पर 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 80 किलोमीटर गहराई पर था।

टॉप स्टोरीज

स्कूल के सालाना समारोह में बच्चों से जमा कराए गए दो-दो सौ रुपए ...पेज 2

विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा एडीलेड टूर्नामेंट से हटीं ...पेज 15

यूएई के राष्ट्रपति के साथ पीएम मोदी का अहमदाबाद में रोड शो ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय 98162-32526, 98160-10065

जुब्बल में कार और शिलाई में बोलेरो गिरी, छह की मौत

जुब्बल में दो दंपतियों और शिलाई में युवती व बुजुर्ग ने गंवाई जान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल में मंगलवार को दो सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई। ये हादसे शिमला जिले के जुब्बल और सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में हुए। जुब्बल में नंदपुर संपर्क मार्ग पर चींग कैंची में एक कार के 300 मीटर गहरे नाले में गिरने से दो दंपतियों की मौत हो गई।

मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कार (एचपी 39ए0875) से सभी लोग नंदपुर संपर्क मार्ग पर शलाड़ गांव की ओर जा रहे थे कि चींग कैंची में कार के नियंत्रण खोने से कार अचानक सड़क से नीचे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के सहयोग से चारों शवों को खाई से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान मनीष (42) पुत्र भागमल गांव नंदपुर, अंजना (38) पत्नी मनीष गांव नंदपुर, जगत राम (70) पुराना जुब्बल, विमला (60) पत्नी जगत राम निवासी गांव पुराना जुब्बल के रूप में हुई है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को फौरी राहत दी गई है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जुब्बल अस्पताल भेजा है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में एक बोलेरो कैंपर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें पांवटा साहिब अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जुब्बल में नाले में गिरी अनियंत्रित कार।

मंगलवार सुबह सभी लोग शिलाई से बोलेरो कैंपर से बशवा गांव जा रहे थे। इस दौरान बशवा के नजदीक गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। गाड़ी में चालक सहित 19 लोग सवार थे। दुर्घटना के घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और शिलाई अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान करीना (19) पुत्री फकीर चंद निवासी गांव हंडाड़ी व मोहन सिंह (62) पुत्र प्रीतम सिंह गांव बश्वा के तौर पर हुई है। कुछ घायलों को पांवटा साहिब अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शिलाई हादसे के घायल

दलीप (35), काजल (17), ड्राइवर अर्जुन (25), रितिका (17), रौनक (18), युवराज (18), नरायणी देवी (48), उत्तम (25), प्रतिभा (24), विजय उर्फ बीजा राम (35), निर्मला (20), विक्रम (34), अभिषेक (17), सुंदर सिंह (40), अभिषेक (18), विनोद (45), नेहा (17) पुत्री बंसी राम गांव बश्वा शामिल हैं।

सीएम सुक्खू ने जताया शोक

हादसे को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शोक व्यक्त किया है।

सिरमौर की बेटी रितु नेगी को मिला अर्जुन अवॉर्ड

नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिला सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर की बेटी व भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी को अर्जुन अवॉर्ड मिला है। मंगलवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन अवॉर्ड से रितु नेगी को नवाजा। नेगी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड और दो खिलाड़ियों को साल का सर्वोच्च खेल रत्न पुरस्कार यानी मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा पांच कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से नवाजा गया है।

रितु नेगी वर्तमान में भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान है। रितु नेगी हिमाचल के सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के शरोग गांव की रहने वाली है। वह पिछले करीब एक दशक से भी अधिक समय से भारतीय महिला कबड्डी टीम का हिस्सा हैं। वर्तमान में रितु नेगी रेलवे में सेवारत है।

हिमाचल प्रदेश की बेटी व भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर हार्दिक बधाई। हमें गर्व है कि हिमाचल की महिलाएं हर क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। **-सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री।**

हिमाचल के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है, क्योंकि हमारे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हासिल किया है। रितु नेगी को कबड्डी में अर्जुन अवॉर्ड मिलना बड़ी उपलब्धि है। प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई।

-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय खेल मंत्री

पिता बोले- बेहद खुशी है

अर्जुन पुरस्कार मिलने पर गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पिता भवान सिंह नेगी ने बताया कि उन्हें बेहद खुशी है कि सिरमौर की बेटी ने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर देश में पहचान बनाई है।

भंग चयन आयोग के शुरू होने तक पब्लिक सर्विस कमीशन करेगा भर्तियां

विक्रम ढटवालिया, धनेटा (हमीरपुर)

हिमाचल प्रदेश में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को नौकरी की उम्मीद में निराश नहीं होने दिया जाएगा। भंग कर्मचारी चयन आयोग जब तक सुचारु रूप से शुरू नहीं हो जाता, तब तक शिमला स्थित पब्लिक सर्विस कमीशन टीजीटी, लेक्चरर, शास्त्री और अन्य कुछ श्रेणियों की करीब 3500 पदों की भर्ती का जिम्मा संभालेगा।

- सुक्खू बोले- बैच वाइज व कमीशन से होंगी आधी नियुक्तियां

यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन के धनेटा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6500 पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बैच वाइज इंटरव्यू प्रक्रिया जारी है और बैच वाइज के अलावा कमीशन से आधी नियुक्तियां होनी हैं, उनकी प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा कि 984 पटवारी,1250 स्पेशल कमांडो और 2061 वन मित्र भी भर्ती किए जा रहे हैं। जल शक्ति विभाग में 9000 युवाओं को भर्ती किया जाएगा। जो अलग-अलग पदों पर काम करेंगे। 20000 नई भर्तियां की जा रही हैं और यह इसी साल नई भर्ती के रूप में होंगी। (अनंत ज्ञान)

कांग्रेस के सामने कई चुनौतियां

सीएम ने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच साल में हर मामले में बेड़ा गर्क किया है, लेकिन कांग्रेस सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली चुनौती हर महीने वेतन देने की रही है। अब हम 20 फीसदी स्थिति पटरी पर लाने में कामयाब रहे हैं। धनेटा का डिग्री कॉलेज भवन अगले सात-आठ महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद यहां साइंस की पढ़ाई भी शुरू होगी।

भरत खेड़ा डेपुटेशन पर जाएंगे दिल्ली

शिमला। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाएंगे। केंद्र सरकार ने भरत खेड़ को डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर में एडिशन सेक्रेटरी के तौर पर तैनाती दी है।

इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। भरत खेड़ा को तीन दिन के भीतर दिल्ली में अपनी ज्वॉइनिंग देनी होगी। भरत खेड़ा अभी प्रिंसिपल सेक्रेटरी टू सीएम के पद के साथ एक्साइज एंड टैक्सेशन, सामान्य प्रशासन, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, पावर, पार्लियामेंटरी अफेयर, लोक निर्माण और सचिवालय प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभाग देख रहे थे।

पूर्व डीजीपी कुंडू और एसपी शालिनी की बढ़ी मुश्किलें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश हाई कोर्ट ने पालमपुर के कारोबारी निशांत शर्मा मामले में डीजीपी संजय कुंडू और एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री का तबादला करने से जुड़े आदेशों को वापस लेने से इनकार कर दिया है।

- हाई कोर्ट का तबादला आदेश वापस लेने से इनकार

कोर्ट ने पुलिस के दोनों अधिकारियों के आवेदनों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें कोई कारण प्रतीत नहीं होता कि दोनों अधिकारियों के तबादले संबंधी आदेशों को वापस लिया जाए। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने जांच को सीबीआई के हवाले करने की दोनों अधिकारियों दलीलों को भी नकार दिया। मामले को लेकर एक सप्ताह में आईजी स्तर के अधिकारी की देखरेख में एसआईटी गठित कर जांच करने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर संजय कुंडू ने हाई कोर्ट में रिकॉल एप्लीकेशन दायर की थी, जिस पर हाई कोर्ट ने पांच जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था। अब इस मामले की 28 फरवरी को अगली सुनवाई होगी।

सुक्खू सरकार ने दी प्रमोशन

सौम्या, मोहित और राहुल बने डीआईजी

शिमला। हिमाचल सरकार ने 2010 बैच के तीन आईपीएस अफसरों को डीआईजी के पद पर प्रमोट किया है। तीनों आईपीएस अधिकारी वर्तमान में एसपी के पद पर तैनात हैं। इनमें बद्दी के एसपी मोहित चावला, मंडी की एसपी सौम्या सांबशिवन और स्टेट विजिलेंस व एंटी क्रप्शन ब्यूरो के एसपी राहुल नाथ शामिल हैं। तीनों को प्रमोट करने के बारे में स्क्रीनिंग कमेटी ने सिफारिश की थी। गृह विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

तैयारी मालदीव होगा परेशान और चीन की उड़ेगी नींद, लक्षद्वीप को लेकर मोदी सरकार ने बनाया प्लान

मिनिकॉय में बनेगा एयरपोर्ट, लड़ाकू विमान होंगे तैनात

एजेंसी, नई दिल्ली

मालदीव से तनातनी के बीच मोदी सरकार ने लक्षद्वीप को लेकर बड़ा प्लान बनाया है। अब मिनिकॉय द्वीप समूह पर नया हवाई क्षेत्र डेवलप करने की तैयारी है। यह एयरफील्ड कमर्शियल विमानों के साथ फाइटर जेट और मिलिट्री एयरक्राफ्ट को भी ऑपरेट करने में सक्षम होगा। इससे पहले भी मिनिकॉय द्वीप समूह में नए हवाई क्षेत्र को विकसित करने के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजे गए थे।

लक्षद्वीप द्वीपों को मालदीव के वैकल्पिक टूरिस्ट प्लेस के तौर पर देखा जा रहा है। सरकारी सूत्रों के हवाले से एएनआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि योजना एक संयुक्त हवाई क्षेत्र बनाने की है जो लड़ाकू जेट, सैन्य परिवहन विमानों और वाणिज्यिक विमानों को संचालित करने में सक्षम होगा।

अगत्ती में है हवाई पट्टी

इस समय द्वीप क्षेत्र में केवल एक हवाई पट्टी है, जो अगत्ती में है और यह केवल कुछ विमानों के लिए ही सही है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद से यह द्वीप क्षेत्र चर्चा और आकर्षण का केंद्र रहा है। मालदीव की सत्तारूढ़ पार्टी के राजनेता लक्षद्वीप को पर्यटक आकर्षण के रूप में बढ़ावा देने की भारतीय योजनाओं की आलोचना करने की कोशिश कर रहे हैं और भारत के खिलाफ ट्वीट कर चुके हैं। साथ ही यह विवाद भी बढ़ता जा रहा है।

समुद्री डाकुओं पर रहेगी पैनी नजर

ड्रोन हमलों के बीच समुद्री डाकुओं की ओर से भी जहाजों पर कब्जा करने की कोशिश चल रही है। इन वारदातों पर भी नजर रखने में मदद मिलेगी। भारतीय तटरक्षक रक्षा मंत्रालय के अधीन पहला बल था, जिसने मिनिकॉय द्वीप समूह में हवाई पट्टी के विकास का सुझाव दिया था। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार, भारतीय वायु सेना मिनिकॉय से ऑपरेशन चलाने में आगे होगी। मिनिकॉय में हवाई अड्डा क्षेत्र पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

पहले ही बना ली थी योजना

यहां हवाई क्षेत्र के लिए योजना कई साल पहले बनाई गई थी, लेकिन इसे रक्षा उपयोग के लिए उपलब्ध कराने का विचार हाल ही में लिया गया था। तब से योजना सक्रिय रूप से आगे बढ़ी है। सैन्य दृष्टिकोण से द्वीपों पर एक हवाई क्षेत्र होने से भारत की ताकत और बढ़ेगी, क्योंकि इसका उपयोग अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र पर नजर रखने के लिए एक बेस के तौर पर किया जा सकता है। अभी हाल ही में भारत आ रहे समुद्री जहाज पर ड्रोन हमले का मामला सामने आया था।

कर्नाटक में मंकी वायरस से युवती की मौत

नई दिल्ली। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले की रहने वाली 19 साल की युवती की मंकी वायरस से मौत हो गई। इस बीमारी को क्यासानूर फॉरेस्ट डिजीज भी कहा जाता है। लड़की को तेज बुखार की शिकायत थी। पांच जनवरी को उसका केएफडी टेस्ट किया गया था। टेस्ट में पॉजिटिव आने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंकी वायरस से राज्य में पहली मौत है। वहीं, कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। नए वेरिएंट के 819 मामले आए हैं। देश के 12 राज्यों में अब इस वेरिएंट से संक्रमित मरीज हैं।

- कोरोना के नए वेरिएंट के आए 819 नए मामले

सुक्खू सरकार ने नवनियुक्त दोनों मंत्रियों को सौंपे विभाग

धर्माणी को तकनीकी शिक्षा गोमा को खेल और आयुर्वेद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में बनाए गए दो नए मंत्रियों को करीब एक माह बाद पोर्टफोलियो अलॉट कर दिए गए हैं। राजेश धर्माणी को तकनीकी शिक्षा और वोकेशनल व इंडस्ट्रियल एजुकेशन दिया गया है, जबकि यादवेंद्र गोमा को आयुष और खेल विभाग दिया गया है।

वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दो मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से टेक्निकल एजुकेशन और वोकेशनल एवं इंडस्ट्रियल एजुकेशन वापस लिया गया है। लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह से युवा सेवा एवं खेल विभाग वापस लिया है। शिलाई से विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री हर्षवर्धन चौहान से आयुष विभाग वापस लिया गया है। हर्षवर्धन के पास अब उद्योग और संसदीय कार्यमंत्री का विभाग का जिम्मा रहेगा।

- विक्रमादित्य, रोहित व हर्षवर्धन से छीने विभाग

एसएचओ मानपुरा 20,000 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बीबीएन

जिला बद्दी पुलिस के तहत मानपुरा एसएचओ सब-इंस्पेक्टर ललित कुमार को विजिलेंस ने 20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई विजिलेंस थाना बद्दी डीएसपी डॉ. प्रतिभा चौहान की अगुआई में हुई। अब विजिलेंस मामले की आगामी जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार विजिलेंस को शिकायत मिली कि थाना मानपुरा में तैनात सब-इंस्पेक्टर ललित कुमार माइनिंग मामले को लेकर रिश्वत की डिमांड कर रहा है, जिसके बाद तुरंत टीम ने शिकायकर्ता के साथ मिलकर ट्रैप लगाया और थाना प्रभारी को पुलिस स्टेशन के अंदर सीट पर ही रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। अब विजिलेंस आरोपी सब-इंस्पेक्टर ललित कुमार को कोर्ट में पेश करेगी, जिसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसपी विजिलेंस अजुंम आरा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सब-इंस्पेक्टर ललित कुमार को 20 हजार रिश्वत लेने पर रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

डीएसपी प्रतिभा की बड़ी कार्रवाई

डीएसपी विजिलेंस डॉ. प्रतिभा चौहान ने बीते कुछ माह पहले ही विजिलेंस थाना बद्दी का कार्यभार संभाला था, जिसके बाद से अब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। अब तक दो बड़े मामलों को पर्दाफाश किया जा चुका है। इससे पूर्व डीएसपी प्रतिभा चौहान ने पूर्व में एसएचओ बरोटीवाला रहे बहादुर सिंह के खिलाफ कार्रवाई की थी, जिसमें आय से अधिक संपत्ति का मामला विजिलेंस थाना में दर्ज किया था, जिसके बाद अब मानपुरा एसएचओ सब-इंस्पेक्टर ललित कुमार को 20 हजार रिश्वत के मामले में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

सर्द हवाओं के बीच शिमला में गिरे बर्फ के फाहे

कुफरी और नारकंडा में गिरी हल्की बर्फ, प्रदेश के छह शहरों का तामपान शून्य से नीचे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश में बीते कई दिनों से चल रही सर्द हवाओं के बीच शिमला में चार बजे के करीब बर्फ के फाहे गिरे। इस दौरान शिमला के जाखु, युएस क्लब और कुफरी व नारंकडा में भी बर्फबारी देखने को मिली। सुबह से ही आसमान में छाए रहे बादलों के बीच शाम के समय एकाएक बर्फ के फाहे गिरने लगे जिसे देखे सैलानी भी चहक उठे। शिमला के पर्यटन क्षेत्र कुफरी और नारकंडा में हालांकि कुछ देर तक बर्फबारी होती रही, जिससे स्थानीय लोगों ने अपने कैमरों में जरूर कैद किया है।

कड़ाके की ठंड के बीच तापमान गिरने से बर्फबारी के अनुकूल मौसम बना हुआ है। न्यूनतम तापमान में भी कमी आई है। शिमला, कुफरी, नारकंडा के तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई है। इन क्षेत्रों में सोमवार रात इस वर्ष की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। नए वर्ष में पहली बार प्रदेश के छह शहरों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। कल्पा, कुकुमसैरी, समदो के बाद अब कुफरी और नाकंडा का तापमान भी जमाव बिंदू से नीचे गिर गया है, जिससे शिमला सहित आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों से लेकर मैदानी क्षेत्रों में भी शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। राजधानी शिमला की बात की जाए तो बीते 24 घंटों के दौरान शिमला के तापमान में तीन दशमलव एक डिग्री की कमी दर्ज की गई है।

दो दिनों तक घने कोहरे का अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा नौ और दस जनवरी के लिए मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। कोहरे के चलते मैदानी क्षेत्रों में विजिबिलिटी कम होने का अनुमान जारी किया गया है। वाहन चालकों को भी सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की गई है।

कुफरी में गिरे बर्फ के फाहे। इस दौरान कुछ ऐसी दिखी बर्फ से ढकी सड़क ।

इन क्षेत्रों का पारा माइनस में

हल्की बर्फबारी के बीच राज्य के कई क्षेत्रों का तापमान माइनस में पहुंच गया है। शिमला के नारंकडा का तापमान में हल्की बर्फबारी के बाद माइनस 2.0 डिग्री सैल्सियस, कुफरी माइनस 0.4, रिकांगपियो माइनस 0.6, कल्पा में माइनस 3.2, कुकुमसैरी माइनस 8.6 और समदो में माइनस 5.1 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

आगामी दिनों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान

राज्य के कुछ एक क्षेत्रों में बर्फ के फाहे जरूर गिरे, लेकिन इससे किसानों और बागवानों की आस पूरी नहीं हो पा रही है। लंबे समय से बारिश व बर्फबारी की राह देख रहे लोगों को इसके लिए और इंजतार करना पड़ सकता है। आगामी 15 जनवरी तक राज्य में मौसम के साफ रहने का पुर्वानुमान लगाया गया है।

स्कूल के सालाना समारोह में बच्चों से जमा कराए गए दो-दो सौ रुपए

उच्च शिक्षा उपनिदेशक बोले- बच्चों से रुपए लेना गलत, कराएंगे जांच

दीपक जोशी, श्रीरेणुका जी

ददाहू गवर्नमेंट गर्ल हाई स्कूल में सालाना पारितोषिक वितरण समारोह विवादों में आ गया है। कई अभिभावकों का कहना है कि आयोजन के लिए बच्चों से 200 रुपए प्रति बच्चे के हिसाब से इकट्ठा किया गया। बच्चों के इन पैसों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्व जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

अभिभावकों का कहना है कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकतर बच्चे गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। कई गरीब बच्चे जो पैसे नहीं दे पाए वे इस फंक्शन में भी नहीं आए। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों के ऊपर प्रेशर बनाकर पैसे मांगे गए थे। ऐसे में इस तरह के आयोजनों को लेकर बच्चों से पैसा जुटाना अनैतिक है।

नाम न छापने की शर्त पर कई अभिभावकों ने बताया कि बच्चों को सूजी का हलवा दिया गया, जबकि वीआईपी व अध्यापकों को गाजर का हलवा, मटर पनीर इत्यादि परोसा गया। ऐसे में शिक्षा के मंदिर में अध्यापकों द्वारा बच्चों के साथ भेदभाव करना तर्कसंगत नहीं है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के पैसे पर मौज उड़ाना व वीआईपी को खुश करने के लिए किए गए इस कार्यक्रम की लोगों में काफी चर्चा है। गौरतलब है कि इस आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार को बुलाया गया था।

- जरूरतमंद अभिभावक-बच्चे नहीं हो सके कार्यक्रम में शामिल
- बच्चों को परोसा गया सूजी का हलवा और मेहमानों को मिला गाजर का हलवा व मटर पनीर

लोगों का आरोप है कि अगर स्कूल के पास फंड नहीं था तो इस कार्यक्रम को साधारण तरीके से भी मनाया जा सकता था। उधर, इस बारे जब डिप्टी डायरेक्टर हायर करमचंद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूलों में बच्चों से इस तरह पैसा इकट्ठा किया जाना गलत है। अगर ऐसा हुआ है तो वह इसकी जांच करेंगे और जो भी इसके लिए दोषी है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

(अनंत ज्ञान)

सीएम-डिप्टी सीएम ने दी बधाई, गिरिपार शिलाई में मनाया जश्न

कबड्डी खिलाड़ी रितु नेगी की उपलब्धि पर झूमे हिमाचल-हरियाणा

प्रीति चौहान, पांवटा साहिब

जिला सिरमौर की कबड्डी खिलाड़ी रितु नेगी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित हुई है। सोमवार की रात महामहिम राष्ट्रपति के हाथों देश की महान हस्तियां सम्मनित हुईं। उसमें गिरिपार के शिलाई की बेटी और हरियाणा की बहु रितु नेगी का नाम भी शामिल है। बता दें कि रितु नेगी भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान है। हाल ही में एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। सोमवार की रात साल 2023 में खेल के मैदान में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल पुरस्कार दिए गए।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अलग-अलग खेल पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिसमें हिमाचल प्रदेश की बेटी रितु नेगी का नाम भी शामिल है। रितु नेगी को अर्जुन अवॉर्ड से नवाजा गया। यह हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवशाली पल है। सिरमौर जिले से संबंध रखने वाली रितु नेगी एक कबड्डी खिलाड़ी हैं और मौजूदा समय में भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान हैं। रितु नेगी पिछले करीब एक दशक से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। रितु नेगी को अर्जुन अवॉर्ड मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से लेकर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री समेत कई नेताओं ने बधाई दी है। वहीं, जिला सिरमौर कबड्डी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राणा और ग्यार सिंह नेगी ने भी खुशी जताई है।

(अनंत ज्ञान)

देवभूमि की बेटी व भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी को अर्जुन पुरस्कार मिलना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। रितु नेगी को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।-

मुकेश अग्निहोत्री, उपमुख्यमंत्री

प्रदेश की रितु नेगी को अर्जुन अवॉर्ड मिलने पर बधाई। यह पूरे प्रदेश के लिए हर्ष का विषय है। आपकी उपलब्धि से आज संपूर्ण हिमाचल गौरवान्वित हुआ है। प्रदेश का नाम ऊंचा करती रहो, ऐसी शुभकामनाएं देता हूं।

जयराम ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष।

बरशैणी में लकड़ी के तीन शैड और डेढ़ मंजिला वेटरनरी अस्पताल जलकर राख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मणिकर्ण घाटी के बरशैणी में आगजनी की घटना पेश आई है। इस घटना में लकड़ी के तीन शैड और डेढ़ मंजिला वेटरनरी अस्पताल भवन जलकर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को अचानक लकड़ी के शैड में आग लगी, जो कि देखते ही देखते फैल गई, जिससे लकड़ी के शैड और डेढ़ मंजिला वेटरिनरी अस्पताल का सरकारी भवन व उसके अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों ने आग को बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत की, लेकिन लकड़ी से बने शैड देखते ही देखते पल भर में रख हो गए। इस आगजनी की घटना में स्थानीय बरशैणी पंचायत प्रधान रविंद्र कुमार, गिंदू राम को लाखों रुपए नुकसान हुआ है। साथ ही लाखों रुपए की सरकारी संपति को भी नुकसान हुआ है। स्थानीय पंचायत प्रधान रविंद्र कुमार ने बताया आगजनी से लकड़ी के बने तीन शैड और एक सरकारी डेढ़ मंजिला वेटरनरी अस्पताल का भवन जलकर राख हो गया है। आगजनी के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है।

बरशैणी में आग की भेंट चढ़े शैड व वेटरनरी अस्पताल।

सब्जी की दुकान में लगी आग

सोलन। बसाल रोड पर मंगलवार सुबह सवेरे कठाड़ गांव के समीप शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। इस आगजनी की घटना में दुकान मालिक का 25 से 30 हजार का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक मदन ने बताया कि जब वह सुबह सब्जी लेने के लिए सब्जी मंडी गए थे तो इस बीच दुकान में आग लग गई। उस समय दुकान में कोई नहीं था। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को कॉल की ओर आग पर काबू पाया। उनका कहना है कि इस घटना में दुकान में रखी सब्जियां, फर्नीचर, फ्रिज सभी जलकर राख हो गए हैं। सिलेंडर में भी आग लगी थी, परंतु स्थानीय लोगों ने मौके पर आकर सिलेंडर में लगी आग पर काबू पा लिया।

शास्त्री पद के नए आरएंडपी रूल का किया विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान, कुल्लू

शास्त्री पद के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए आरएंडपी रूल पर संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ की जिला कुल्लू इकाई ने अपना विरोध जताया है।

कुल्लू इकाई के अध्यक्ष सतपाल ने कहा कि 11 अक्तूबर, 2023 को सरकार ने शास्त्री पद की भर्ती के लिए नए आरएंडपी रूल लागू किए हैं। उन्होंने कहा इन रूल के लागू होने से शास्त्री करने वाले युवाओं के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ किया गया है। नए रूल के अनुसार शास्त्री पद के लिए बीएड करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 5000 शास्त्री हैं, जिनके भविष्य से सीधे तौर पर खिलवाड़ किया जा रहा है, जबकि इस रूल के अनुसार बीएड करने के साथ-साथ संस्कृत को वैकल्पिक विषय पढ़ने के बाद उनकी इसके लिए योग्यता बनेगी, जबकि पांच विषय व्याकरण, ज्योतिष आदि पढ़ने के बाद भी शास्त्री करने वाले युवा इसे बाहर हो जाएंगे। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि वह शास्त्री पद के लिए आरएंडपी रूल 2012 को ही लागू रखें, ताकि शास्त्री करने वाले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। सेवानिवृत्त जिला भाषा अधिकारी एवं संस्कृत विद डॉक्टर सीताराम ठाकुर ने कहा कि शास्त्री के लिए नए आरएंडपी रूल लागू करना संस्कृत भाषा को प्रदेश में हाशिए पर ले जाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो किसी भी सूरत में मान्य नहीं होगा। उन्होंने कहा जिस प्रकार ओपीएस को सरकार द्वारा लागू किया गया था, उसी प्रकार शास्त्री पद की भर्ती पुराने नियमों के अनुसार की जाए। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो आने वाले समय में सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ना पड़ सकता है।

पत्रकारों को संबोधित करते संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के सदस्य।

पूर्व एसएचओ कुलदीप, सब-इंस्पेक्टर अशोक का जिले से बाहर तबादला

अनंत ज्ञान, बीबीएन

- हाई कोर्ट के 20 अक्तूबर को जारी आदेशों पर हुआ तबादला

नालागढ़ थाने के तहत पुलिस अधिकारियों से जुड़े बहुचर्चित मामले में पूर्व एसएचओ नालागढ़ व सब-इंस्पेक्टर का पुलिस जिला बद्दी से बाहर तबादला कर दिया गया है। पिछले डेढ़ माह से दोनों पुलिस कर्मी पुलिस जिला बद्दी में ही लाइन हाजिर चल रहे थे, लेकिन अब पुलिस हेड क्वार्टर से जारी आदेशों में स्थायी तौर पर बटालियन के तबादला आदेश जारी किए गए हैं।

आदेशों के अनुसार पूर्व एसएचओ नालागढ़ कुलदीप शर्मा को चतुर्थ रिजर्व बटालियन जंगल बेरी सुजानपुर भेज दिया है, जबकि सब-इंस्पेक्टर अशोक राणा को पांचवीं आईआरबीएन बस्सी में भेजा गया है। यह तबादला आदेश 20 अक्तूबर को जारी हाई कोर्ट के आदेशों पर किए गए हैं। गौरतलब है कि नालागढ़ थाना में जबरन वसूली व जाली सर्टिफिकेट के दर्ज मामले में चल रहे आरोपी उत्तराखंड के दंपती ने पुलिस थाना नालागढ़ में पूर्व में तैनात एसएचओ व सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ हाई कोर्ट में अनफेयर जांच व जमानत के लिए पैसों की डिमांड की शिकायत के गंभीर आरोप जड़े थे, हाई कोर्ट ने तथ्यों की जांच के आधार पर दोनों पुलिस कर्मियों को तुरंत ट्रांसफर के आदेश दिए थे, जिसके बाद जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक ने पूर्व एसएचओ व सब-इंस्पेक्टर को तुरंत लाइन हाजिर कर दिया था, लेकिन ट्रांसफर नहीं किए थे, लेकिन अब हिमाचल पुलिस हेड क्वार्टर द्वारा दोनों को स्थायी तौर पर ट्रांसफर कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पेड़ों को तारों से जकड़ने व नुकीली कीलों से चोटिल करने के मामले में जवाब तलब

अनंत ज्ञान, शिमला

प्रदेश हाई कोर्ट ने पेड़ों को तारों से जकड़ने और नुकीली कीलों से चोटिल किए जाने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी जिलाधीशों से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सभी जिलाधीशों को प्रतिवादी बनाया।

हाई कोर्ट के नाम लिखी ईमेल में आरोप लगाया गया है कि पेड़ों पर कीलें ठोक कर लटकाए होर्डिंगों और तरह तरह की तारों से पेड़ों को जकड़ने से हरे भरे पेड़ों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। इस प्रकार के कृत्यों से पेड़ों पर आशियाने बनाने वाले पक्षियों और पेड़ों पर निर्भर अन्य जीवों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे तारों में उलझ कर जख्मी हो जाते हैं। डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के लेक्चरर डॉ. धर्मेश शर्मा, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. मालविका और डॉ. साक्षी सुपेहिया ने हाई कोर्ट के नाम ईमेल से पेड़ों की व्यथा को कोर्ट के समक्ष रखा, जिसे हाई कोर्ट ने जनहित याचिका में तब्दील किया गया है। प्रार्थियों का कहना है कि अक्सर पेड़ों पर लटके होर्डिंग, तारों, कंक्रीट से जकड़े और कीलों से जख्मी पेड़ों को देख उनका मन बहुत उदास हो जाता है। न जाने क्यों जवाबदेह पक्ष अपनी आंखे खोलकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं करते। इस प्रकार के कृत्यों से न केवल पेड़ जख्मी होते हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर सुख भी जाते हैं।

मसला क्रस्ना लैब में पैथोलॉजी के टेस्ट व एक्स-रे रहेंगे बंद, फंड न देने पर दिया अल्टीमेटम

आज अस्पतालों में बढ़ेंगी मरीजों की मुश्किलें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों को बुधवार से टेस्ट की सुविधा न मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। राज्य सरकार की ओर से अधिकृत क्रस्ना लैब में पैथोलॉजी के टेस्ट व एक्स-रे बंद करने का अल्टीमेटम दे दिया है।

इसके लिए एनएचएम के मिशन निदेशक को कंपनी के पदाधिकारी की ओर से लिखित में पत्र दे दिया है। इसमें साफ कहा है कि लंबे समय से उनका भुगतान नहीं हो रहा है। राज्य के दो जिलों लाहौल-स्पीति व किन्नौर के लिए नवंबर तक का भुगतान हुआ है। इन दोनों ही जिलों में ये सेवाएं जारी रहेंगी। इसके अलावा राज्य के किसी भी जिले में यह सेवाएं जारी नहीं रहेंगी। आईजीएमसी, डीडीयू अस्पताल से लेकर प्रदेश भर के सभी अस्पतालों में हजारों लोग रोजाना क्रस्ना लैब के तहत होते हैं। पैथोलॉजी के साथ एक्स-रे भी बंद हो जाएंगे। इन दोनों ही सेवाओं को बंद करने का फैसला लिया है। इसकी लिखित तौर पर भी प्रति एनएचएम को दी है। इसमें आरोप है कि पिछले लंबे समय से इन्हें इसके पैसे नहीं मिले हैं। अधिकारियों को यह तक कह दिया गया है कि एक्स-रे का भुगतान न किया जाए। इससे लैब प्रबंधन ने सीधे तौर पर सेवाएं बंद करने का फैसला ले लिया है। बुधवार से इस पर अमल किया जाएगा। इसे तब तक इसे लागू रखा जाएगा, जब तक इनका भुगतान नहीं किया जाता है।

> कंपनी के साथ कुछ मामले तो लंबित हैं, सेवाएं बंद करने की कंपनी ने जानकारी नहीं दी है। कंपनी के साथ बात कर मामले सुलझा लिए जाएंगे।
>
> **प्रियंका वर्मा**
>
> **मिशन निदेशक एनएचएम।**

एक्स-रे के पांच करोड़ पैथोलॉजी के 45 करोड़ से ज्यादा राशि लंबित

क्रस्ना लैब को 50 करोड़ की राशि देय है। कंपनी के पदाधिकारियों का दावा है कि लगातार पिछले आठ महीने से एनएचएम के अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है। वे भुगतान की बजाय मामले को टाल रहे हैं। इस कारण अब लैब प्रबंधन के लिए भी बिना किसी पेमेंट के इसे चलाना संभव नहीं है। इसलिए सेवाओं को बुधवार से स्थगित करने का फैसला लिया है।

न्यूज ब्रीफ

पिकअप और स्कूटी की टक्कर, चार लोग घायल

बिलासपुर। बिलासपुर शहर के साथ लगते कुनाला क्षेत्र में एक सड़क हादसे में पिता, पुत्र और बेटी और मां गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कुनाला क्षेत्र के शिवालिक होटल के समीप हुए इस हादसे में पिकअप और स्कूटी की टक्कर हो गई। ऐसे में पिकअप अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गई, जिससे कार में बैठे एक ही परिवार के चार लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बिलासपुर अस्पताल से एम्स कोठीपुरा रैफर किया गया, परंतु महिला की हालात गंभीर होने के चलते उन्हें शिमला आईजीएमसी रैफर कर दिया गया है। बिलासपुर एएसपी शिव कुमार ने बताया कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

सीएम ने आईटीबीपी जवान के निधन पर जताया शोक

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल में तैनात दीपेश परमार के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनकी एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह हमीरपुर जिले की नादौन तहसील के जजोली गांव के रहने वाले थे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

बस्सी पावर हाउस के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

जोगिंद्रनगर । जोगिंद्रनगर उपमंडल के बस्सी पावर हाउस इंजीनियर एवं कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर भोजन अवकाश के समय बस्सी पावर हाउस के मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड में अस्थायी एमडी को हटाने की मांग की। बिजली बोर्ड में एनपीएस के कर्मचारियों को शीघ्र-अतिशीघ्र पुरानी पेंशन में लाया जाए। इस गेट मीटिंग को ललित कुमार, कर्मचारी सगंठन के उपप्रधान जितेंद्र ठाकुर, मुख्य सलाहकार स्वरूप कुमार यूनिट प्रधान बस्सी पावर हाउस इस मीटिंग को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि कर्मचारियों से ठेकेदारों का काम नहीं लिया जाए।

रामलला के स्वागत के लिए 22 जनवरी को सजेगा शिमला का राम मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर

शिमला राम मंदिर में एक साथ जलाए जाएंगे 5100 दीपक

अरविंद शर्मा/आशिमा वैरागी, शिमला

हिंदुओं की पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जोरों शोरों के साथ तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे में देशभर में हिंदू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भारतवर्ष के अधिकांश हिंदू मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग-अलग तरह से कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

राजधानी शिमला के बीचोंबीच स्थित राम मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। 22 जनवरी को मंदिर परिसर में सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक जलाए जाएंगे। रामलला के स्वागत के लिए मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या राम मंदिर के दर्शन के लिए मंदिर में एलईडी लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम भी दिखाया जाएगा। इस सुअवसर पर शिमला राम मंदिर की साफ-सफाई का काम शुरू हो गया है। मंदिर परिसर को भव्य बनाया जा रहा है। मंदिर को सुंदर और आकर्षित बनाने के लिए गुलाब और गेंदे के फूलों का प्रयोग किया जाएगा। मंगलवार को अयोध्या से आए अक्षत कलश का श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम के साथ स्वागत किया गया। सच्ची श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं ने कलश पूजा की गई और श्रद्धालुओं में अक्षत वितरण भी किया गया। (अनंत ज्ञान)

राम मंदिर का इतिहास



राजधानी शिमला के प्रसिद्ध राम मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। आजादी के समय एक पंडित उस स्थान पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा की आराधना करते थे। उसके बाद स्वामी चिन्मयानंद 1960-62 में यहां पहुंचे। स्वामी चिन्मयानंद ने सभी के सामने यह प्रण लिया कि जब तक यहां पर राममंदिर का निर्माण नहीं होता, तब तक वह केवल एक समय का ही भोजन ग्रहण करेंगे। इस मंदिर का निर्माण सूद कमेटी द्वारा किया गया है। इस कमेटी ने मंदिर के निर्माण के लिए सभी लोगों से दस-दस पैसे एकत्रित किए। आलू का व्यापार उस समय में बहुत प्रसिद्ध होता था। आलू की हर बोरी की कुल कीमत से कुछ पैसा मंदिर निर्माण के लिए रखा गया। लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए कार सेवा भी की। 28 मार्च, 1988 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

शिमला राम मंदिर

हिंदुओं की पवित्र अयोध्या नगरी में 500 वर्षों के बाद भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना पूरे हिंदू समाज के लिए गौरव की बात है। इस पावन अवसर पर शिमला राम मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हो सकते हैं।

राजीव सूद, सूद सभा अध्यक्ष।

आठ पंडित करेंगे मंदिर में अखंड पाठ

21 जनवरी से शिमला के राम मंदिर में अखंड पाठ शुरू होगा, जिसमें कुल आठ पंडित शामिल होंगे। अखंड पाठ से भगवान राम, शिव तथा हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। कुछ लोग जो हवन में किसी कारणवश सक्षम नहीं हैं, वे बिना हवन के भी इस पाठ को करवा सकते हैं। यह पाठ 24 घंटों तक अनवरत रूप से चलता है। इसमें लगातार रामचरितमानस का सस्वर पाठ किया जाता है।

निमंत्रण के साथ श्रद्धालुओं को दिए जाएंगे पांच दीपक

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राम मंदिर कमेटी 11 जनवरी को मीटिंग कर रही है। कमेटी द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं को निमंत्रण प्रदान करने और आगे की रणनीति तैयार करने को लेकर मंत्रणा की जाएगा। बहरहाल सूद कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को निमंत्रण के साथ पांच दीपक भी दिए जाएंगे जो कि 22 जनवरी को जलाए जाएंगे।

सुबह चार बजे से ही खुल जाएंगे मंदिर के कपाट

रामलला के स्वागत के लिए सुबह चार बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। शिमला के राम मंदिर में 21 जनवरी से कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह चार बजे से अखंड पाठ शुरू होगा, इसी बीच राम रक्षा स्तोत्रम का पाठ भी किया जाएगा। अखंड पाठ 22 जनवरी को समाप्त होना है। इसके समापन के बाद बड़ा हवन किया जाएगा, जिसमे शंख ध्वनि, घंटानाद, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड और 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ होगा। दिन में आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का प्रबंध किया जा रहा है। सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक से मंदिर जगमगाना शुरू हो जाएगा।

29 व 30 को होगी विधायक प्राथमिकता की बैठक

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में वार्षिक बजट 2024-25 के लिए विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए प्रस्तावित दो दिवसीय बैठक का आयोजन 29 और 30 जनवरी को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में किया जाएगा। 29 जनवरी को सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक ऊना, हमीरपुर और सोलन तथा दोपहर दो से पांच बजे तक सिरमौर, चंबा, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। 30 जनवरी को सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक कांगड़ा, किन्नौर व कुल्लू जिलों तथा दोपहर दो से पांच बजे तक शिमला और मंडी के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में वार्षिक बजट 2024-25 की विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठकों में विधायकों से वर्ष 2024-25 के लिए मित्तव्ययता उपायों, वित्तीय संसाधन जुटाने एवं बेहतर प्रशासन के संदर्भ में प्राप्त सुझावों पर भी चर्चा होगी।

सरकार को बने एक साल हो गया कब जारी होंगे रुके हुए रिजल्ट

जयराम ठाकुर बोले- साल भर से एक-दो सप्ताह का समय मांग रहे सीएम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को बने एक साल से जयादा का समय हो गया है, लेकिन सरकार ने भर्ती परीक्षा के परिणामों को रोक कर रखा है। युवाओं को रोजगार देने के नाम पर उन्हें सिर्फ कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री एक साल से युवाओं को सप्ताह दो सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की बात कर रहे हैं।

पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

विधानसभा में भी जल्दी से जल्दी रिजल्ट जारी करने का दावा किया जा चुका है। ऐसे में युवा भी सरकार से पूछ रहे हैं कि वह समय कब आएगा। सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री ने बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन नतीजा शून्य है। आज युवा भटकने के किए मजबूर हैं। इस ऑफिस से उस ऑफिस के चक्कर लगा रहे हैं। सरकार सिर्फ जुबानी जमा खर्च से काम चलाना चाह रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुरानी भर्तियों के परिणाम निकालने साथ-साथ सरकार अपने चुनावी वादे को भी पूरा करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन नौकरियां देने की बजाय सरकार ने हिमाचल के युवाओं को नौकरी देने वाले संस्थान कर्मचारी चयन आयोग को ही बंद कर दिया। एक साल हो गया, लेकिन कर्मचारी चयन संस्थान को फिर से क्रियाशील नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय कर लिया है कि किसी को भी नौकरी नहीं देनी है इसलिए नौकरी देने वाले संस्थाओं की आवश्यकता ही नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कई पोस्ट कोड पर भर्ती की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, सिर्फ परीक्षा परिणाम जारी करना बाकी है। उन्होंने कहा कि सरकार भर्तियों में घोटाले के आरोप लगा रही है लेकिन जांच में तेजी नहीं ला रही है। एक साल का समय हो गया और अभी तक जांच पूरी नहीं हो पा रही है, क्योंकि सरकार की मंशा युवाओं को नौकरी देने की है ही नहीं। जयराम ठाकुर ने कहा कि अब इधर-उधर की बात नहीं जल्दी से जल्दी रुकी हुई भर्तियों के लिए सरकार कोई ठोस रास्ता निकाले, जिससे हमारे प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले।

केंद्र सरकार से मिलने वाली मदद में अड़ंगा न डालें भाजपा के नेता

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राहत पैकेज को लेकर विपक्ष पर बोला जोरदार हमला

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं पर राहत पैकेज के मामले को लेकर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को राहत पैकेज की बात तो छोड़ दीजिए, रूटीन में जितना पैसा मिलना है, उसमें भी भाजपा नेता अड़ंगा अड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नियमों के तहत जितना रिलीफ हिमाचल को देना होता है, उसे दिया नहीं गया और यह राशि बीते वर्ष के आखिर तक मिल जानी चाहिए थी।

भाजपा के नेताओं को राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए अड़ंगे नहीं अड़ाने चाहिएं। दो दिनी दौरे के लिए अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अमतर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की एडवांस किस्त के रूप में जो पैसा समय पर मिलना चाहिए, उसमें भी देरी हुई है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह जगह-जगह रुक कर लोगों से बात करते रहे।

रिलीफ तो मिला ही नहीं है, लेकिन उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर पूछे गए एक सवाल पर कहा कि यदि वह हिमाचल के इतने ही हिमायती हैं, तो फिर उन्हें जो क्लेम हिमाचल को केंद्र से मिलना है, उसमें मदद करवाएं। रिलीज करवाने में अपना सहयोग दें, तब तो बात बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के नियमों के तहत 9900 करोड़ क्लेम दिया गया, जो देना होता है। डिजास्टर के बाद जो मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने केंद्र सरकार से 9700 करोड़ का क्लेम मांगा हुआ है, जिसे अभी तक नहीं दिया गया। प्रदेश सरकार उसी की बात कर रही है। राहत पैकेज तो बाद की बात है, जितना हक बनता है, उसे केंद्र को देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने हवाले से 4500 करोड़ रुपए रिलीफ फंड के रूप में राज्य की जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सूखे की जो स्थिति है, वह क्लाइमेट चेंज का प्रभाव है और इससे हिमाचल भी अछूता नहीं रहा है। बरसात के समय बरसात ज्यादा आई और अब ड्राई स्पेल चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

17 से शुरू होगा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम सरकारी तौर पर 17 जनवरी से शुरू करेगी, जिसमें विधायक अपने-अपने इलाकों में काम करेंगे। जनता को योजनाओं के बारे में बताएंगे। वे यह भी बताएंगे कि केंद्र सरकार उनके साथ कितना अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी विधायक गांव स्तर पर पहुंचकर जो निर्णय सरकार ने लिए हैं, जनता को अवगत करवाएंगे। आपदा आई तो भाजपा ने विरोध किया था। संकल्प की बात आई तो भाजपा विधायक साथ खड़े नहीं हुए। प्रभावित परिवारों के साथ उन्हें खड़े होना चाहिए था, लेकिन उन्होंने आपदा राहत पैकेज के लिए विधानसभा में प्रदेश सरकार का साथ नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से जो बजट मिला है, वह एनडीआरएफ में अलॉट होता है। स्पेशल रिलीफ पैकेज नहीं मिला है। एक साल में व्यवस्था परिवर्तन पर कार्यक्रम होगा। आने वाले समय में क्या करेंगे, सभी विधायक लोगों को बताएंगे।

जयराम सरकार की फिजूलखर्ची से बढ़ा है प्रदेश का आर्थिक संकट

कौल सिंह ठाकुर बोले- धन की कमी के बावजूद पांच साल में पूरी होगी कांग्रेस सरकार की गारंटियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा वाले कांग्रेस सरकार की गारंटियों की बात करते हैं, लेकिन मोदी सरकार ने 2014 में किए चुनावी वादे आज तक पूरे नहीं किए। मंडी के समीप बिजणी में द्रंग विस के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि एक साल में दो करोड़ नौकरियां और काले धन को वापस लेकर 15-15 लाख रुपए हर देशवासी के खाते में डालने की बात अब जुमला साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नाम से विकास जुड़ा हुआ है। जब-जब भी देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है, विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व की जयराम सरकार ने प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाकर यहां की आर्थिकी बिगाड़ कर रख दी है। इसके बावजूद प्रदेश की कांग्रेस सरकार पांच साल के कार्यकाल में अपनी गारंटियों को पूरा करेगी। कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का हिमाचल प्रदेश के विकास में अहम योगदान रहा है। उनके कार्यकाल में द्रंग विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों की तादाद में सरकारी संस्थान खोले गए हैं। वहीं, पर आठ बार विधायक रहते हुए भी उन्होंने द्रंग के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देने की बात कर रही है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी न पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं का आरक्षण देने की शुरुआत की है और डॉ. मनमोहन सिंह ने इसे 33 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक बढ़ाया। कौल सिंह ने कहा कि हिमाचल देव भूमि के नाम से मशहूर है, यहां के लोगों की देवी-देवताओं पर आस्था है।

लोगों की समस्याएं जानते पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर।

भगवान राम के यहां पर अढ़ाई सौ से ज्यादा मंदिर हैं। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन रहा है इसका भी स्वागत है, मगर भाजपा अब राम मंदिर के नाम पर वोट मांगेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने राम मंदिर के ताले खुलवा कर वहां पूजा शुरू करवाई थी। अयोध्या में राम मंदिर भाजपा ने नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक ने बनवाया है। गांव-गांव ईंटे भेज कर चंदा इकट्ठा किया गया, इसमें सभी देशवासियों का योगदान है।

द्रंग के लोगों ने मुझे घर बैठा दिया

चुनावी हार का दर्द कौल सिंह को अब भी साल रहा है। उन्होंने कहा कि द्रंग के लोगों ने मुझे घर पर बैठा दिया। इसलिए अब लोगों के काम नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य होंगे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कहने पर काम होंगे। इसके लिए अधिकारियों को भी कहा जाएगा। इस अवसर पर द्रंग कांग्रेस अध्यक्ष बामन देव ठाकुर, गुलजार मुह मद भारती, पूर्व अध्यक्ष जोगिंद्र गुलेरिया, हेम सिंह ठाकुर, केसर ठाकुर, कृष्णपाल शर्मा, रेश्मा ठाकुर, रीता ठाकुर, मनोज ठाकुर, चंद्रमणि ठाकुर आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल जम्मू बेंच के न्यायिक सदस्य से बार एसोसिएशन ने की मुलाकात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल जम्मू बेंच के न्यायिक सदस्य राजिंदर सिंह डोगरा का हिमाचल हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गर्मजोशी से अभिवादन किया। हिमाचल हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य होने के नाते उन्होंने नियुक्ति के पश्चात पहली बार एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक कैथ, उपाध्यक्ष अजीत सिंह सकलानी और सचिव आशीष ने राजिंदर डोगरा को बुके देकर सम्मानित किया और बार द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित भोज के लिए आमंत्रित किया।

हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता और बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन अधिवक्ता राजिंदर सिंह डोगरा को केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। राजिंदर डोगरा शिमला जिला के रोहड़ू क्षेत्र से संबंध रखते हैं। अपनी प्रारंभिक पढ़ाई इन्होंने शिमला से की। इन्होंने बीएससी और अंग्रेजी विषय में एमए करने के बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से विधि की उपाधी प्राप्त की। इन्होंने पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में भी स्नात्क की उपाधी प्राप्त की है। वह पिछले 23 वर्षों से हिमाचल हाई कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। इस दौरान इन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार के मामलों की हाई कोर्ट के समक्ष पैरवी भी की।

केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल जम्मू बेंच के न्यायिक सदस्य राजिंदर सिंह डोगरा का अभिवादन करते हिमाचल हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सीयू को लेकर जनता के साथ खड़े हैं विधायक सुधीर शर्मा

सीयू के निर्माण को लेकर विधायक सुधीर शर्मा से मिलता लोगों का प्रतिनिधिमंडल।

धर्मशाला। धर्मशाला के प्रबुद्ध नागरिक मंगलवार को स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा से खनियारा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मिले। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत करवाते हुए कहा कि जनता आपसे अपेक्षा कर रही है कि आप केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए चल रहे आंदोलन में जनता द्वारा संचालित होने वाले धरने पर बैठें तथा इस संदर्भ में विधायक होने के नाते सक्रिय सहयोग भी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांगड़ा, चंबा लोकसभा के अन्य नेता भी इस मुहिम में सहयोग कर रहे हैं। अतुल भारद्वाज ने बताया कि सुधीर शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह जनता के इस संघर्ष में साथ हैं और धर्मशाला की जनता जैसे सहयोग चाहती है वैसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व सीएम शांता कुमार के आग्रह को ध्यान में रखते हुए विधार्थी परिषद से भी इस संदर्भ में संपर्क किया था, लेकिन अभी तक विद्यार्थी परिषद ने अपना मत स्पष्ट नहीं किया है। इस प्रतिनिधि मंडल में सुनील दत्त, अनूप कुमार, कैलाश वालिया, सुरेंद्र भट्ट, शिवि सिंह, सत्यपाल व अतुल भारद्वाज महेश, टेक चंद कल्याण शर्मा, अक्षय, रमेश कुमार आदि शामिल रहे।

रोष विद्यार्थी परिषद ने टूरिज्म विलेज के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय की जमीन लेने पर भी जताया रोष

सीयू निर्माण के लिए प्रदेश सरकार जमा करवाए 30 करोड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के ज्वलंत मुद्दों को लेकर नगरोटा बगवां के विधायक और हि.प्र. सरकार में एचपीटीडीसी के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने कहा है कि पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाए जाने का वह स्वागत करते हैं, जिससे हिमाचल में एक या दो स्थानों में आ रहे पर्यटकों को अन्य विकल्प मिलेगा और पूरा हिमाचल पर्यटन की दृष्टि से तरक्की करेगा।

विद्यार्थी परिषद का कहना है कि बनखंडी में प्रस्तावित चिड़ियाघर के लिए पालमपुर स्थित गोपालपुर के चिड़िया घर से वन्य प्राणियों को वहां शिफ्ट करने का निर्णय और फिर टूरिजम विलेज के लिए 100 एकड़ यानी 2600 कनाल जमीन 'कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर' से लेने का निर्णय लिया जा रहा है। यह निर्णय प्रदेश सरकार का शिक्षण संस्थानों के प्रति नकारात्मक रुख को प्रदर्शित कर रही है। विद्यार्थी परिषद ने इस निर्णय का कड़ा विरोध किया है।

फाइल फोटो

विश्वविद्यालय की 100 एकड़ जमीन को टूरिज्म विलेज के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय से लेने का निर्णय लिया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि वह प्रदेश सरकार को यह बताना चाहते हैं कि यह जमीन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को साइंटिस्ट व शोधार्थियों के शोध के काम में आने वाली जमीन है, जिसके कारण कृषि के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किस प्रकार से किए जाएं, हिमाचल कृषि भूमि के रूप में अपना नाम कमाए ऐसे प्रयोग उस जमीन पर होते हैं। विद्यार्थी परिषद प्रदेश सरकार से यह मांग करती है कि टूरिज्म विलेज के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से 100 एकड़ जमीन को विश्वविद्यालय से न लिया जाए अपितु इसके अलावा टूरिज्म विलेज के लिए किसी अन्य स्थान पर ऐसे जमीन को चिन्हित किया जाए, जो उपयोग में नहीं है, जिसके कारण कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को अपनी पढ़ाई करने में कोई असुविधा नहीं होगी और पालमपुर में कोई अन्य स्थान भी टूरिज्म विलेज व टूरिज्म के नाम से उन्नत होगा।

जदरांगल में होना है सीयू के भवन का निर्माण

इसके साथ केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक भवन का निर्माण धर्मशाला के जदरांगल में होना था, जिसकी सिक्योरिटी के रूप में प्रदेश सरकार को 30 करोड़ केंद्र सरकार की पर्यावरण एवं मंत्रालय को जमा करवाने थे, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा फॉरेस्ट क्लीयरेंस के 30 करोड़ रुपए मंत्रालय को जमा नहीं किए गए हैं, जिसके कारण जदरांगल में जो भवन का निर्माण होना था अभी तक रुका है, जिसको लेकर भी विद्यार्थी परिषद ने सरकार से जल्द से जल्द 30 करोड़ मंत्रालय को जमा करवाने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोग की कार्रवाई में भाग ले सकते हैं अपीलकर्ता

शिमला। प्रदेश राज्य सूचना आयोग की सचिव डॉ. सोनिया ठाकुर ने कहा कि आयोग द्वारा अपीलकर्ताओं की सुविधा के लिए हाइब्रिड मोड ऑफ हियरिंग की शुरुआत की गई है। अपीलकर्ताओं व शिकायतकर्ताओं को आरटीआई एक्ट 2005 के तहत दायर द्वितीय अपील व शिकायत की सुनवाई की दौरान अब व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के साथ ही ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोग की कार्रवाई में भाग लेने का विकल्प भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा 26 दिसंबर, 2023 से प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत अब अपीलकर्ताओं को भेजे जा रहे नोटिस में एक लिंक दिया जाता है, जिसके माध्यम से अपील की सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं। अपीलकर्ताओं को यह विकल्प दिया गया है कि वे अपने ई-मेल आईडी आयोग को भेज कर ई-मेल पर भी इस लिंक को प्राप्त कर सकते हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने थाची में पांच करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए

कोटला-भजोल उठाऊ सिंचाई परियोजना में जो भी कमी रह रही, उसे जल्द दूर करवाया जाएगा

महेंद्र कुमार, सुन्नी

लोक निर्माण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंगलवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत थाची पंचायत के प्रवास पर रहे।

जहां पर उन्होंने लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए, जिसमें दो करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले चलाहल स्कूल (थाची) के भवन का शिलान्यास तथा दो करोड़ 25 लाख की लागत से निर्मित कोटला भजोल उठाऊ सिंचाई परियोजना का उद्घाटन शामिल है। कोटला भजोल उठाऊ सिंचाई परियोजना में जो भी कमी रह रही है। उसे भी जल्द दूर करवाया जाएगा। क्षेत्र में 33 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर शिमला ग्रामीण कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कांग्रेस सचिव प्रदीप वर्मा, बीडीसी सदस्य फूलवती, प्रधान लाजवंती शर्मा, प्रधानाचार्य चलाहल स्कूल उमा देवी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

विक्रमादित्य सिंह मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार और टैब वितरित करते हुए।

लोक निर्माण मंत्री ने ये की घोषणाएं

विक्रमादित्य सिंह ने खेलचौंरा से बागी सड़क के चौड़ीकरण के लिए 15 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दी दी गई है, जिसके टेंडर जल्द लग जाएंगे और बघार से जगेड़ी सड़क की टारिंग और मेटलिंग हेतु 12 लाख 60 हजार रुपए दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, थाची पंचायत के लिए पिछले एक वर्ष में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 12 लाख रुपए दिए गए हैं और आने वाले समय में विकास कार्यों को और मजबूती दी जाएगी। नलावण-कंदरेण मार्ग के टारिंग और मेटलिंग के लिए 20 लाख रुपए तथा शाहली-नलावण मार्ग के लिए चार लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने चलाहल स्कूल के लिए खो-खो मैट देने की भी घोषणा की।

चलाहल स्कूल में नवाजे मेधावी

लोक निर्माण मंत्री चलाहल स्कूल में आयोजित विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए और मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार और टैब वितरित किए। टैब वितरण के लिए प्रदेश में 7520 छात्राएं चयनित की गई हैं, जिसमें शिमला से 909 छात्राएं और शिमला ग्रामीण से 182 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हम सब ने मिलकर एक नए हिमाचल का निर्माण करना है और प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारा परम दायित्व है। प्रदेश पूरे देश रोल मॉडल बनकर उभर रहा है।

प्रदेश का नाम रोशन कर रहे स्टूडेंट्स

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि देश में बेहतर शिक्षा संस्थान और चिकित्सा संस्थान हैं, जिनमें आईआईटी मंडी, आईआईएम सिरमौर, प्रदेश में तीन मेडिकल कॉलेज, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर आदि शामिल हैं और यहां से निकलकर होनहार स्टूडेंट्स देश के कोने-कोने में प्रदेश का नाम रोशन करते हैं, किंतु बदलते समय के साथ यह आवश्यक है कि शिक्षकों की भी समय-समय पर ट्रेनिंग होती रहे।

लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता पर दिया बल

लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता पर बल देते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सब मतदान में भाग लें, जिससे कि लोकतंत्र सशक्त बना रहे। प्रदेश को आगे ले जाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है, इसलिए युवा भी इसमें बढ़-चढ़कर योगदान दें। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे ले जाना हमारा कर्तव्य है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र को हिमाचल का नंबर एक विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा।

प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए: सुक्खू

मुख्यमंत्री ने कार रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

इन्नरव्हील क्लब के 100 वर्ष के अवसर पर शिमला से दिल्ली के लिए निकाली गई कार रैली को रवाना करते मुख्यमंत्री ।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को ओक-ओवर शिमला से इन्नरव्हील क्लब की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इन्नरव्हील डिस्ट्रिक्ट 308 की ओर से आयोजित कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के समारोह में संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्नरव्हील क्लब सामाजिक सरोकार से जुड़े अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहा है। उन्होंने इस संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था 100 वर्षों से समाज के जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रही है। सुक्खू ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा एवं रितेश कपरेट, इन्नरव्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सीमा कपूर, पदाधिकारी नेहा शर्मा और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

निर्धन कैदियों के कल्याण के लिए प्रशासन के प्रयास जारी

डीसी कैदियों को मॉडल जेल कंडा में वित्तीय सहायता प्रदान करने के संदर्भ में बैठक करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला जिला प्रशासन की ओर से निर्धन कैदियों के कल्याण के लिए कई प्रयास प्रयास किए जा रहे हैं।

डीसी आदित्य नेगी ने अपने कार्यालय कक्ष में निर्धन कैदियों को मॉडल जेल कंडा में वित्तीय सहायता प्रदान करने के संदर्भ में बैठक ली, जिसमें उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन निर्धन कैदियों के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और उनके कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए उन्हें कई प्रकार की ट्रेनिंग दी जा रही है। जेल प्रशासन निर्धन कैदियों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने में भी सहायता कर रहा है, ताकि उन्हें वित्तीय असमानता का सामना न करना पड़े।

डीसी ने बताया कि समय-समय पर जेल प्रशासन कैदियों को उनके अधिकारों के प्रति शिविरों के माध्यम से जागरूक करता है और उनके साथ परस्पर संवाद स्थापित किया जाता है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अजीत भारद्वाज, सहायक आयुक्त डॉ. पूनम बंसल, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

असम के कृषि अधिकारियों ने ली प्राकृतिक खेती की जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

असम सरकार के कृषि अधिकारियों के एक दल ने मंगलवार को कृषि निदेशालय शिमला में प्राकृतिक खेती पर विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान उन्हें प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अधिकारियों ने विस्तार से प्रस्तुतीकरण कर जानकारी दी। प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के उपनिदेशक डॉ. मोहिंदर भवानी ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को केंद्र प्रायोजित आतमा, बीपीकेपी तथा पीकेवीवाई के सम्मिश्रण के साथ चलाया जा रहा है। प्रदेश में 1.70 लाख से अधिक किसान 24000 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इन किसानों की ओर से उगाए जा रहे उत्पादों को बेचने और उनकी ब्रांडिंग के लिए प्रदेश सरकार की ओर से तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक एवं अर्थशास्त्री डॉ. मनोज गुप्ता ने किसानों के प्रमाणीकरण के लिए हिमाचल की ओर से तैयार निशुल्क प्रमाणीकरण प्रणाली पर प्रस्तुति दी।

इस स्वप्रमाणीकरण प्रणाली के तहत एक लाख से अधिक किसानों को प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। हिमाचल की ओर से तैयार इस प्रणाली को नीति आयोग की ओर से भी सराहा गया है। असम सरकार के दल की अगुआई कर रहे डॉ. मौसम हजारिका ने बताया कि असम में भी प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसलिए उनका सात सदस्यीय दल हिमाचल दौरे पर है। हम यहां किसानों के मॉडलों पर भी भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान कृषि निदेशालय में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

असम के कृषि अधिकारी शिमला में प्राकृतिक खेती की जानकारी लेते हुए।

एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों को किया जागरूक

शिमला। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन परियोजना निदेशक राजीव कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इसमें एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाए जाने वाले कार्यक्रमों के विषय पर चर्चा की गई। राजीव कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के माध्यम से हिमाचल में एचआईवी के साथ जी रहे लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है।

सरकार की ओर से एड्स पीड़ित लोगों को समय पर मुफ्त व समय पर उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही प्रभावित व्यक्तियों के बच्चों व अनाथों को शिक्षा एवं जीवनयापन संबंधी अन्य आवश्यकताओं के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने प्रदेश कौशल विकास निगम से आग्रह किया कि निगम एचआईवी के साथ जीवन जी रहे लोगों को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने पर भी विचार करे। कार्यशाला में उच्च शिक्षा, शहरी विकास, प्रदेश कौशल विकास निगम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, मिल्ड फैड एवं प्रदेश विधिक सेवाएं प्राधिकरण सहित लगभग 10 विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर की भूख हड़ताल

रेलवे के कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भूख हड़ताल करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नार्दन रेलवे मैंस यूनियन के आह्वान पर शिमला में रेलवे के कर्मचारियों की ओर से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भूख हड़ताल की गई।

सुबह नौ से लेकर शाम पांच बजे तक कर्मचारियों की ओर से हड़ताल की गई। इस दौरान केंद्र सरकार से कर्मचारियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली की मांग की। कर्मचारियों की ओर से यह हड़ताल लगातार 11 जनवरी तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

कर्मचारियों का कहना है कि जनवरी 2023 से प्रति माह लगातार चल रहे आंदोलन के बावजूद सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली नहीं की है और अब कर्मचारियों के पास हड़ताल पर जाने के सिवाय कोई विकल्प नहीं है।

वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू, 17 से ऑनलाइन आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- महिला-पुरुष वर्ग में होगी अग्निवीरों की भर्ती
- 17 मार्च से ऑनलाइन परीक्षा होगी आरंभ

देश की सेवा करने का जज्बा रखने वाले युवक-युवतियों को भारतीय वायु सेना में जाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। भारतीय वायु सेना में महिला और पुरुष अग्निवीरों की भर्ती की जा रही है, जिसके लिए सेना की ओर से भर्ती प्रक्रिया शुरू करते हुए आवेदन मांगे गए हैं।

ऐसे में जो युवा सेना में जाने के सपने संजोए हुए हैं, वह ऑनलाइन ओवदन कर सकते हैं। ओवदन 17 जनवरी से 6 फरवरी, 2024 तक किए जा सकते हैं। एयरमैन सिलेक्शन सेंटर अंबाला के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पात्र (अविवाहित) महिला एवं पुरुष उम्मीदवार वेब पोर्टल एचटीटीपी दो बार एट द रेट अग्निपथ वायु हैस सीडीएसी पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

यह पंजीकरण 17 जनवरी को प्रात: 11 बजे से लेकर छह फरवरी रात 11 बजे तक किया जा सकता है। दो जनवरी, 2004 से लेकर दो जुलाई, 2007 तक जन्मे महिला एवं पुरुष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करने वाले युवाओं की ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आरंभ होगी। विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि भर्ती से संबंधित सभी जानकारियां वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने पात्र एवं इच्छुक युवाओं से इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

इन विषयों में बारहवीं पास उम्मीदवार होंगे पात्र

विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि गणित, फिजिक्स और अंग्रेजी विषय सहित कुल 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। 50 प्रतिशत अंकों के साथ वोकेशनल कोर्स करने वाले युवा भी अग्निवीर वायुसेना की भर्ती के लिए पात्र होंगे। साइंस विषयों के अलावा अन्य विषयों में भी कम से कम 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ बारहवीं पास युवा भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण और परीक्षा शुल्क 550 रुपए जमा जीएसटी होगा।

तत्तापानी में अव्वल प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को किया पुरस्कृत

तत्तापानी स्कूल में वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

अनंत ज्ञान, सुन्नी

तत्तापानी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में करसोग कांग्रेस के अध्यक्ष महेश राज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य नीलम कुमारी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर वर्ष भर की शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस दौरान परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए अमन ,आदित्य, पलवी, पियूष, नितिन, निकिता, दिव्या, एकता, महक, सनत, दीपिका, नेहा, हिमांशु, स्वाति, चमन और बबिता को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने बच्चों के प्रोत्साहन हेतु 15000 रुपए की नकद राशि भेंट की।

काली पट्टियां बांध किया प्रदर्शन

पुस्तकालय में बैठने का समय सुबह नौ से शाम आठ बजे तक किया जाए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

एबीवीपी प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने पुस्तकालय में बैठने के समय को बढ़ाने के लिए मुंह पर काली पट्टियां बांधकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

एबीवीपी प्रदेश विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि एबीवीपी प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने पहले भी इस मांग को लेकर पुस्तकालय प्रभारी को ज्ञापन सौंपा था कि पुस्तकालय में बैठने का समय सुबह नौ से शाम आठ बजे तक किया जाए, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इस मांग को काफी समय से अनसुना कर रहा है। एक तरफ विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय में बैठ कर पढ़ाई करना चाहते हैं। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन पुस्तकालय में बैठने के समय को कम करके विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने का काम कर रहा है। आज इसी मांग को लेकर एबीवीपी प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने पुस्तकालय के गेट के बाहर मुंह पर काली पट्टियां बांध कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी के साथ एबीवीपी प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने पुस्तकालय में हीटरों की उचित व्यवस्था की मांग भी की है। सर्दियों में विद्यार्थी पुस्तकालय में बैठकर पढ़ाई तो कर रहा है, लेकिन ठंड में इसके लिए हीटरों की उचित व्यवस्था विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द करें। क्योंकि विद्यार्थी पुस्तकालय में बैठने के कम समय को लेकर बहुत परेशान हैं व ठंड में हीटरों के अभाव के चलते पुस्तकालय में पढ़ना बहुत मुश्किल है।

विश्वविद्यालय में मांगों को लेकर मुंह पर काली पट्टी बांध प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

राहत निगम की ओर से एक नई योजना तैयार की जा रही, इसके लिए निगम ने सरकार को भेजा है प्रपोजल

वैकल्पिक सड़कों को बनाकर जाम से मिलेगी निजात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला शहर की जनता सहित बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को आए दिन जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है।

ऐसे में जाम की समस्या से निजात पाने के लिए शिमला निगम की ओर से एक नई योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए निगम ने सरकार को प्रपोजल भेजा है। इस योजना में प्रमुख सड़क मार्ग से छोटी वैकल्पिक सड़कों को बनाने की बात की गई है, ताकि मुख्य सड़क पर ज्यादा गाड़ियां न हो और ट्रैफिक जाम भी न लगे। इसके लिए निगम सरकार से मदद लेने वाला है। इस योजना में छोटा शिमला के ब्रॉकहॉस्ट से बीसीएस तक, नवबहार से सांगटी तक, छोटा शिमला से शनान, खलीनी बाइपास से टालैंड तक की जगह चिन्हित की गई है। निगम इस पर पार्षदों से भी जानकारी ले सकता है, जिस जोन में रोजाना लोगों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ती है, वहां पर भी वैकल्पिक मार्ग बनाया जा सकता है। निगम प्रबंधन की ओर से फिलहाल चार जोन का चुनाव किया गया है।

शिमला के लक्कड़ बाजार के समीप लगे ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।

शहर को इससे होगा काफी फायदा

नगर निगम ने शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार को यह प्रपोजल भेजा है। शहर को इससे काफी फायदा होगा। शहर में जाम कम करने के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं को लेकर होने वाली बैठकों में निगम को भी शामिल करने की मांग की। इसके जवाब में शहरी विकास सचिव ने निगम से जल्द से जल्द विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार इसमें हर संभव मदद करने को तैयार है।

> शहर में जाम से छुटकारा पाने के लिए नई योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए सरकार से मदद ली जाएगी। प्रमुख मार्गों से छोटे-छोटे वैकल्पिक सड़क बनाई जाएगी, ताकि लोगों को ट्रैफिक से निजात मिल पाए।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

पार्किंग कारोबारियों के पास निगम की करोड़ों की देनदारियां लंबित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला शहर की तीन बड़े पार्किंग कारोबारियों के पास निगम के करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं और लंबे समय से निगम को इसका भुगतान नहीं हो पा रहा है। शिमला शहर में पीपीपी मोड के माध्यम से तीन बड़ी पार्किंग बनाई गई हैं, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों गाडियां पार्क की जा रही हैं और इससे कारोबारियों को खासी आमदनी भी हो रही है, लेकिन कारोबारियों के पास एमसी की करीब 22 करोड़ 70 लाख रुपए की देनदारी लंबित हैं।

इस राशि का भुगतान होने पर शहर के विकास में लगाया जा सकेगा। ऐसे में निगम प्रबंधन की ओर से इस राशि को वसूल करने के लिए लगातार बातचीत की जा रही है। लिफ्ट वाली पार्किंग का आठ करोड़ 38 लाख रुपए से निर्माण किया गया, जिसमें से अभी तक निगम को एक करोड़ रुपए जमा करवाया गया है। छोटा शिमला में तीन करोड़ 94 लाख से पार्किंग का निर्माण किया गया, जिसमें एमसी को 29 हजार 936 रुपए जमा करवाए गए हैं। 10 करोड़ 40 लाख से संजौली में पार्किंग बनाई गई, जिसमें से अभी तक 20 लाख रुपए जमा करवाए गए हैं। अभी इन दोनों पक्षों में बातचीत चली हुई है। इसमें सहमति बनने के बाद ही कोई फैसला होगा।

> शहर की तीन पार्किंग कारोबारियों की ओर से निगम को लंबित राशि अभी जारी नहीं की गई है। इस मामले में अभी बातचीत की जा रही है। सहमति के बाद ही इस पर कोई फैसला लिया जाएगा। एमसी की ओर से लंबित राशि को वसूलने में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

न्यूज ब्रीफ

भाली में पलटा मिनरल वाटर का ट्रक

शाहपुर। जिला के पुलिस चौकी कोटला के तहत भाली में हुए एक हादसे में मिनरल वाटर की बोतलें लेकर जा रहा एक ट्रक सड़क से नीचे खाई में जा गिरा।दोपहर करीब एक बजे हुए इस हादसे में चालक को चोटें आई हैं तथा उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे में सामान का काफी नुकसान हुआ है!

ठानपुरी में पेड़ से टकराकर कार दुर्घटनाग्रस्त

मंडी-पठानकोट हाईवे पर ठानपुरी के पास मंगलवार रात करीब नौ बजे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान हाईवे पर दोनों और काफी देर तक जाम लगा रहा। चालक (एचपी 37जी 2319)कार से पठानकोट से पालमपुर की तरफ जा रहा था कि अचानक सामने पशु आने से कार पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

भलाड़ स्कूल के छात्रों ने जाने ट्रैफिक नियम

जवाली। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलाड़ में मंगलवार को रोड सेफ्टी क्लब के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पेंटिंग प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता एवं भलाड़ स्कूल से भलाड़ चौक तक रैली का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस थाना जवाली के एएसआई अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को मोटर वाहन एक्ट के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट पहनना तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना जरूरी है।

जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर किए भेंट

पालमपुर। रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पठियार के 56 जरूरतमंद बच्चों को ऊन के स्वेटर भेंट किए गए। रोटरी क्लब पालमपुर के अध्यक्ष ऋषि संग्राय ने बताया कि रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा इसी माह 500 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर भेंट करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कड़ी में आज एक स्कूल के बच्चों को स्वेटर भेंट किए गए। उन्हें बताया कि स्वेटर के अलावा इसी माह गवर्नमेंट स्कूल सुंगल में भी स्कूल के बच्चों को गर्म जूते दिए जाएंगे। स्कूल की प्रधानाचार्य ननिता डोगरा ने रोटरी क्लब पालमपुर का आभार जताया।

नगरोटा बगवां कॉलेज में सजा सेमिनार

नगरोटा बगवां। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में मंगलवार को कॉमर्स सोसायटी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार सुबह 10:30 से 12:00 बजे तक आयोजित करवाया गया। प्राचार्य डा. सुरिंद्र सोनी ने बताया कि इस सेमिनार को कॉमर्स विभाग के द्वारा आयोजित करवाया गया। इसका मूलभूत उद्देश्य कॉमर्स के बच्चों को वित्तीय प्रणाली से जुडी मूलभूत विषयों से रू-ब-रू करवाना था। सेमिनार में कम से कम 80 बच्चे पंजीकृत हुए और उन्होंने सेमिनार में भाग लिया। दिल्ली वेल्थ मैनेजमेंट एजुकेशन नामक की नामी संस्थान की नोट स्पीकर डॉक्टर नायला रशदी ने सेमिनार में वेल्थ प्लानिंग और शेयर बाजार से संबंधित अपना व्याख्यान रखना।

जातीय टिप्पणी के दोषियों को दी जाए कड़ी सजा

पंचरुखी। जिला लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर के एसडीएम केशव राम कोली के साथ किए गए जातीय भेदभाव व सामाजिक, मानसिक और प्रशासनिक उत्पीड़न की हिमाचल प्रदेश कोली समाज पंजीकृत जिला कांगड़ा इकाई की समस्त कार्यकारिणी ने कड़े शब्दों में निन्दा की है। बताते चलें कि 24 दिसंबर को उपमंडल अधिकारी केशव राम कोली के साथ कुछ लोगों ने अभद्र व्यवहार किया था व जातीय भेदभाव किया था। इस मामले पर जिला कांगड़ा कोली समाज की कोर कमेटी ने जिला अध्यक्ष कोली समाज कालिदास की अध्यक्षता में बैठक की जिसमें पीड़ित अधिकारी को यथा संभव सहयोग करने का निर्णय लिया।कालिदास ने सरकार से व पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि असहनिय अपराध पर संज्ञान लेते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ।

शास्त्री भर्ती नियमों को निरस्त करे सरकार

धर्मशाला। संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ जिला कांगड़ा ने प्रदेश सरकार से नए शास्त्री भर्ती नियमों को निरस्त करने की मांग उठाई है। संघ की जिला कांगड़ा इकाई के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सीएंडवी कैडर शास्त्री पद पर टीजीटी नियम थोपे जा रहे हैं, जो कि तर्कसंगत नहीं है। यदि सरकार ने मांगें न मानी तो उन्हें सीएम के घर पर आत्मदाह करने को मजबूर होना पड़ेगा, क्योंकि प्रदेश के चार हजार बेरोजगार शास्त्री लंबे समय से नौकरी की वाट जोह रहे हैं। वहीं, भविष्य में यदि शास्त्री अध्यापकों के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संशोधन के लिए आवश्यकता है तो इन नियमों में संशोधन के लिए एक समिति बनाई जाए, जिसमें विषय विशेषज्ञ के रुप में विशेषाधिकारी संस्कृत के शिक्षाविदों को शामिल किया जाए। इस अवसर पर संघ के जिला प्रभारी सागर शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप, मनोज, अजय, रंजना, रोहित, तिलक, आशीष, साहिल, सतीश, राजिंदर, आशीष कुमार, नीलम, रूचिका इत्यादि मौजूद रहे।

अब बनेगी राम राज्य की सरकार

पालमपुर। मोदी साधारण पुरुष नहीं कोई अवतार, इन्हीं के नेतृत्व में अव बनेगी राम राज्य की सरकार । यह बात प्रवीन कुमार पूर्व विधायक पालमपुर ने चिंबलहार में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु रामजी की जन्म स्थली अयोध्या से आए पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्र व प्रभु रामजी के मंदिर का चित्र घर घर बांटते हुए व्यक्त किए ।

एंजल स्कूल में सालाना समारोह की धूम

डरोह। एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्रों ने अनेकता में एकता का संदेश देते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित रमेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य समीर सूद ने और उपप्रधानाचार्या सोनिया रानी ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि महोदय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कक्षा नवमीं की छात्राओं ने 'सरस्वती वंदना' की सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा नर्सरी के नन्हे -मुन्ने बच्चों ने बूम-बूम गाने पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा एल के जी के बच्चों ने करंट लगा और के जी के बच्चों ने चिकन कुकडू कूगाने पर, कक्षा प्रथम के बच्चों ने लूँगी डांस और बार्बी गर्ल, कक्षा द्वितीय के बच्चों ने , 'कोई कहे कहता रहे'और 'इंडिया' गाने पर खूब धूम मचाई ।

नगर पंचायत शाहपुर का कारनामा, पूर्व उपाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी तस्वीरें

पुरानी ईंटों से बना दी मंदिर की दीवार मामला बिगड़ते देख करवा दिया प्लास्टर

6 नंबर वार्ड की पार्षद किरण कौशल ने कहा कि जब दीवार का काम शुरू हो रहा था तो वह आउट ऑफ स्टेशन थी।

15 लाख रुपए से होना था मंदिर की दीवार का काम।

रमेश ठाकुर, शाहपुर

नगर पंचायत शाहपुर में पुरानी ईंटों से मंदिर की चार दीवारी बनाने का मामला सामने आया है। यह मामला ज्यादा न उछले इसलिए संबंधित पार्षद और ठेकेदार ने आधी दीवार को ही प्लास्टर करवा दिया है। इसको लेकर लोगों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है।

लोगों का तर्क है कि मंदिर की चार दीवारी को पुरानी ईंटों से बनाना हिंदू धर्म की आस्था के खिलाफ है। जब मंदिर की चारदीवारी पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं तो पुरानी ईंटें क्यों लगाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शाहपुर में पुरानी ईंटों से मंदिर की चारदीवारी बनाने का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब आए हो रहा है। यह वीडियो नगर पंचायत शाहपुर की पूर्व अध्यक्ष उष्मा चौहान ने अपने फेसबुक अकाउंट से शेयर किया गया है और इसको लेकर उन्होंने आपत्ति भी जताई है। इसको लेकर पूर्व पार्षद उष्मा चौहान ने बताया कि धर्म के इस पवित्र कार्य में भ्रष्टाचार की बदबू आने लगी है। जब नगर पंचायत की तरफ से मंदिर की चारदीवारी और पार्क के लिए लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं तो इसमें पुरानी ईंटें क्यों लगाई जा रहीं हैं। इसमें पार्षद और ठेकेदार मिलीभगत कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए।

इसको लेकर नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड छह की पार्षद किरण कौशल ने कहा कि जब दीवार का काम शुरू हो रहा था तो वह आउट ऑफ स्टेशन थी। जैसे ही मुझे इसकी जानकारी मिली तो ठेकेदार को नई ईंटें लगाने के आदेश दिए हैं। पूर्व सरकार के समय मंदिर में पार्क और चारदीवारी के लिए 15 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। मंदिर के काम में पुरानी ईंटें नहीं लगाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

मामला सामने आने पर गिरा दी थी आधी दीवार

इसको लेकर नगर पंचायत शाहपुर के सचिव प्रदीप दीक्षित ने कहा कि वार्ड नंबर छह में पुरानी ईंटों से मंदिर की दीवार बनाने का मामला ध्यान में आया हुई। उसके बाद आधी दीवार गिरा दी है। संबंधित पार्षद और ठेकेदार को नई ईंटें लगाने के आदेश दिए हैं।

मंदिर के बाहर फेंकी गई ईंटे।

शाहपुर मंदिर में पुरानी ईंटों से बनाई गई आधी दीवार।

हैप्पी बर्थडे

मटौर की सानवी को अनंत ज्ञान परिवार की तरफ से जन्मदिन पर हार्दिक बधाई।

नगरोटा बगवां के दक्षित मेहता को अनंत ज्ञान परिवार की तरफ से जन्मदिन पर हार्दिक बधाई।

डेपुटेशन कार्यकारी अधिकारी के सहारे चल रहा ज्वालामुखी नप का कामकाज

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी

ज्वालामुखी के नगर परिषद कार्यालय में कार्यकारी अधिकारी का पद पिछले छह महीनों से खाली चल रहा है। इससे आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ईओ का स्थायी पद न होने से ज्वालामुखी में विकास कार्यों को रफ्तार नहीं मिल पा रही है।

इस बजह से लोगों को बार-बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नियमित कार्यकारी अधिकारी के न होने से लोगों के मकान के नक्शे पास होने में भी बिलंब हो रहा है व कुछ मामले ऐसे भी हैं। इनमें सरकारी योजना के तहत गरीब लोगों को मकान बनाने के लिए पैसे दिए जाते है। इसमें संबंधित कर्मचारीयों को पूरी जानकारी न होने के कारण लोगों को पैसे नहीं मिल पा रहे हैं।

नगर परिषद कार्यालय ज्वालामुखी।

लग रहे ऑफिस के चक्कर

ज्वालामुखी नगर परिषद में नियमित सेवाओं के लिए सरकार ही कुछ बता सकती है। अधिकारी न मिलने से लोगों को लगाने पड़ रहे आफिस के चक्कर।

ज्वालामुखी नगर परिषद में डेपुटेशन पर एक कार्यकारी अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जोकि हफ्ते में दो या तीन दिन आते हैं पर कोई तय दिन नहीं है, जिस बजह से कार्यालय में अपने कार्यों के लिए आने वाले लोगों का समय बर्बाद होता है और अधिकारी को ढूढने के लिए प्रतिदिन चक्कर लगाना पड़ता है।

दो या तीन दिन ही दे पा रहे सेवाएं

इस संदर्भ में डेपुटेशन पर सेवाएं दे रहे कार्यकारी अधिकारी अक्षित गुप्ता नें बताया की वह दो तीन दिन अपनी सेवाएं नगर परिषद ज्वालामुखी में दे रहे हैं।

देहरा के ईओ को सौंपा गया है अतिरिक्त कार्यभार

इस संदर्भ में नगर परिषद अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि नगर परिषद में फिलहाल कोई स्थायी कार्यकारी की नियुक्ति नहीं है। देहरा के ईओ के पास ज्वालामुखी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया।

प्राणी उद्यान से निखरेगा पर्यटन स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि कांगड़ा जिले के बनखंडी 619 करोड़ की अनुमानित लागत से निर्मित होने प्राणी उद्यान पर्यटकों को भ्रमण का यादगार अनुभव प्रदान करेगा। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

मंगलवार को कांगड़ा तथा नगरोटा में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि यह पार्क पर्यटकों को क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ जुड़ी जैव विविधता से रू-ब-रू करवाएगा। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। आरएस बाली ने कहा कि क्षेत्र की पर्यटन क्षमता का समुचित दोहन करने के उद्देश्य से इस प्राणी उद्यान के डिजाइन में क्षेत्र की विविध पर्यटन क्षमताओं का समावेश किया गया है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान नगरोटा में लोगों की समस्याएं सुनते आरएस बाली।

ज्वालामुखी अस्पताल में फ्री होंगे थायराइड के टेस्ट

ज्वालामुखी। प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में अब लोगों को थायराइड टेस्ट करवाने की सुविधा निशुल्क मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। पहले भी थायराइड के टेस्ट अस्पतालों में होते थे, लेकिन यहां पर तीन और चार टेस्ट के पैसे लिए जाते थे, लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से साफ कर दिया गया है कि थायराइड टेस्ट के अब पैसे नहीं लिए जाएंगे तथा अस्पतालों में यह सुविधा निशुल्क मिलेगी। वहीं, ज्वालामुखी सिविल अस्पताल में स्थित क्रस्रा लैब में यह सुविधा निशुल्क शुरू कर दी गई है। अब मैरिज अन्य टेस्टों के साथ-साथ थायराइड के टेस्ट भी निशुल्क करवा सकते हैं। ज्वालामुखी अस्पताल में स्थित क्रस्रा लैब के मौजूदा स्टाफ पूनम ने बताया कि विभाग के आदेशा अनुसार अब थायराइड के टेस्ट भी निशुल्क होंगे।

आशीष बुटेल ने किया राजस्व सदन भवन का उद्घाटन

अनंत ज्ञान, पालमपुर

मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने मंगलवार को उपमंडल अधिकारी कार्यालय पालमपुर के नजदीक 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजस्व सदन पालमपुर के भवन का उद्घाटन किया। आशीष बुटेल ने कहा कि लगभग 500 करोड़ रुपए की धनराशि पालमपुर विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए खर्च की जा रही है। सीपीएस ने कहा कि पालमपुर विधान सभा क्षेत्र का योजनात्मक और सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में लोगों की मांग और जरूरतों के अनुरूप जनसहभागिता से विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान और उसे मुख्य धारा में लाने के ध्येय से कार्य कर रही है।

पालमपुर में राजस्व सदन भवन का उद्घाटन करते विधायक आशीष बुटेल।

आशीष बुटेल को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता

पालमपुर। आशीष बुटेल के जन्मदिवस पर मंगलवार को समर्थकों का उनके घर तांता लग रहा। वहीं, ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान त्रिलोक चंद, नगर निगम के महापौर गोपाल नाग, डिप्टी मेयर राजकुमार, पार्षदों में इंदु वाला, निशा राज, दिलवाग सिंह, कमलेश, राजेंद्र ठाकुर, कल्याण, नीलम, ओंकार आदि ने विधायक को जन्मदिन की बधाई दी। वहीं, आशीष बुटेल ने कहा कि आज निवास स्थल पर पहुंचकर सभी प्रिय जनों एवं साथियों ने जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं।

पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर बोले, कांग्रेस सरकार ठेकेदारों से लेती है दस प्रतिशत कमीशन

अनंत ज्ञान, देहरा

पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने मंगलवार को प्रागपुर ब्लॉक के दियाड़ा के निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जसवां परागपुर में गुंडागर्दी का माहौल है और ठेकेदारों से दस प्रतिशत कमीशन ली जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में कांग्रेस के कार्यकर्ता ही सुरक्षित नहीं हैं तो बाकी जनता का क्या होगा। उन्होंने कहा कि यह सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है। बिक्रम सिंह ठाकुर ने जसवां परागपुर के कांग्रेसी कार्यकर्ता जीवन धीमान की पिटाई मामले पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की टिप्पणी करता है तो इसका मतलब ये नहीं कि उसके साथ मारपीट की जाए। कानूनी तौर पर भी कार्रवाई की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर भी सवालिया निशान खड़े हुए हैं।

प्रेस वार्ता करते पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर।

चारों सीटों पर जीत हासिल करेगी भाजपा

बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि 2024 में आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत से चारों सीटों पर जीतेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की आपील की।

सुरिंद्र मनकोटिया ने आरोपों को किया खारिज

पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर के आरोपों पर कांग्रेस नेता सुरिंद मनकोटिया ने कहा कि जो भी व्यक्ति इस मामले पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं। सब अलग-अलग बात बता रहे हैं। कोई कह रहा है कि तीन दिन पहले उनकी पिटाई हुई है, कोई कह रहा है कि घर वापस जाते समय पिटाई की है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जो भो आरोप लगाए हैं वो निराधार हैं उन्हें झूह इस केस में फंसाया जा रहा है।

पूर्व मंत्री के आरोप सरासर गलत

ठेकेदारों से कमीशन मामले पर मनकोटिया ने कहा कि ठेके विभाग देता है और उसमें भाजपा के 40 से 50 ठेकेदार मौजूद होते हैं। सभी को ठेके मिलते हैं बिक्रम ठाकुर का ये आरोप बिलकुल गलत है।

प्रकरण पर पुलिस का बयान

पुलिस ने कहा कि जीवन धीमान की पत्नी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 पर शिकायत की थी। उस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

अब स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित होंगे सीनियर सेकेंडरी स्कूल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि राज्य में 500 प्राथमिक पाठशालाओं, 100 उच्च पाठशालाओं तथा 200 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को पठन और पाठन की बेहतर सुविधा मिल सके।

मंगलवार को विधायक सुधीर शर्मा ने कैप्टन राम सिंह ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनियारा खास के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कहा कि कि प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी रूमस स्थापित किए जाएंगे इसके साथ ही दस हजार मेधावी छात्रों को टैबलेट्स दिए जाएंगे। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य एसके शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा नशा एक अभिशाप थीम पर आधारित लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत भी किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार की राशि भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान विधायक सुधीर शर्मा को सम्मानित करते हुए।

समारोह जयसिंहपुर स्कूल के सालाना समारोह के दौरान छात्रों की दी सौगात

गोमा ने 67 छात्रों को वितरित किए टैबलेट

अतुल जसवाल, जयसिंहपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। यह बात कैबिनेट मंत्री, यादविंद्र गोमा ने मंगलवार को श्रीनिवासन रामनाजुन छात्र डिजिटल योजना में 67 मेधावी छात्रों को टैब वितरण के उपरांत अपने संबोधन में व्यक्त किए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर लंबागांव में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा खण्ड जयसिंहपुर में 39 दसवीं तथा 28 जमा दो के मेधावी छात्रों को टैब वितरित किए। इस दौरान 47 छात्राएं और 20 छात्र शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को टैबलेट बांटते मंत्री यादविंद्र गोमा।

अंग्रेजी माध्यम होगा शुरू

उन्होंने कहा कि आगामी सत्र से प्रदेश के लगभग 70 प्रतिशत सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से भी पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे।

जयसिंहपुर अस्पताल में तैनात होगा बाल रोग विशेषज्ञ

इसके उपरांत यादविंद्र गोमा ने बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर वार्षिक उत्सव की बधाई दी और बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में यह स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं और अगले महीने यहां बाल रोग विशेषज्ञ भी तैनात कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 15 लाख से डिजीटल एक्सरे उपलब्ध करवा दिया गया है।

30 लाख से होगा जयसिंहपुर मैदान का सौंदर्यीकरण

उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर के ऐतिहासिक मैदान के सौंदर्यीकरण के 30 लाख जारी किए गए हैं और दो हाई मास्क लाइट लगाई जा रही हैं। उन्होंने विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ावा देने के लिए 21 हजार देने की घोषणा की।

शास्त्री की भर्ती एनसीटीई के तहत करवाने पर सीएम का जताया आभार

अनंत ज्ञान, जवाली

जवाली में बेरोजगार संस्कृत व शास्त्री बीएड प्रशिक्षित संघ के तमाम पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने इस बार शास्त्री की भर्ती एनसीटीई के तहत करवाने को लेकर माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री हिमाचल में गुणवत्ता युक्त शिक्षा की बात करते है ऐसे में शास्त्री भर्ती एनसीटीई के तहत होना आने आप मे शिक्षा में क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन है। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि संस्कृत संरक्षण संघ के कुछ हमारे मित्र यह कहा रहे हैं कि उनको बीएड करने के लिए कोई केंद्र नहीं था तो उनको हम बता दें कि बीएड करने हेतु संस्थान भी थे परंतु हमारे बंधुओं ने बीएड की ही नहीं। उन्होंने बताया कि गरली संस्थान के पढ़े हुए हमारे सीनियर काफी है जिन्होंने समय रहते बीएड की है अगर बीएड करने हेतु संस्थान नहीं थे तो उन्होंने कहाँ से की। उन्होंने बताया है कि अब कुछ नहीं बस अपनी गलती को छुपाने के लिए सरकार व कुछ शास्त्री बंधुओ को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माननीय शिक्षा मंत्री व प्रदेश सरकार एनसीटीई व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना कर रही है। ऐसे में शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव को मैकाले कहना उचित नहीं है। सरकार एना काम बखूबी कर रही है जिसके लिए हम समस्त संघ के सदस्य प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते है। इस मौके पर शिव कुमार, अभिषेक, अनीश, रिशु, मनीता, पीयूष, अमित, आशीष आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

नगरोटा में देसी शराब की 20 बोतलें बरामद

नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगरोटा बगवां पुलिस ने एक छापामारी अभियान दौरान सोमवार रात गांव कबाड़ी की एक दुकान से देसी शराब की आठ बोतले बरामद की। पुलिस चौकी बड़ोह के अंतर्गत बड़ोह पुलिस के एसआई सुरजीत कुमार ने छापामारी अभियान के दौरान सरोत्री में एक दुकान से 12 बोतलें देसी शराब की बरामद की। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने दी।

शिक्षा उपनिदेशक की अध्यक्षता में ही हो बैठक

डाडासीबा। मंगलवार को प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ की वर्चुअल संवाद प्रधानाचार्य एवं पूर्व स्कूल प्रवक्ता संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे राजेश कुमार वैद की अध्यक्षता में हुआ। संवाद में मुख्य रूप से शिक्षा उपनिदेशक उच्च द्वारा प्रेषित पत्र संख्या आठ दिनांक 8/1/2024 के बारे में आपत्ति जाहिर की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की स्कूल मुखिया की बैठक केवल शिक्षा उपनिदेशक महोदय की अध्यक्षता में ही होनी चाहिए। संघ ने डीपीओ से भी आग्रह किया कि मुखियों की बैठक का निर्धारण करने से पहले जिला शिक्षा उपनिदेशक से विचार विमर्श कर उनकी अध्यक्षता में ही संपन्न करवाने का कार्य करें।

शहीद तिलक राज क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

शाहपुर। शहीद तिलक राज युवा क्लब की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 11 जनवरी से किया जा रहा है। इसको लेकर जानकारी देते हुए क्लब के सदस्य लक्की, सरताज और संजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोई भी टीम हिस्सा लेकर सकती है। प्रत्येक टीम के लिए एंट्री फीस 1100 रुपए रखी गई है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 11 हजार और उपविजेता को 7100 रुपए पुरस्कार राशि दी जाएगी। यह प्रतियोगिता ग्राम पंचायत धेवा के जंदरोह मैदान में करवाया जाएगा। इस मौके पर शहीद तिलक राज की पत्नी सवित्री देवी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेगी। गौर हो कि पुलवामा के आतंकी हमले में तहसील ज्वाली की ग्राम पंचायत धेवा तिलक राज भी शहीद हुए थे। उनकी याद में हर साल शहीद तिलक राज युवा क्लब की ओर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।

नगरोटा के आर्यन बने चार्टड अकाउंटेंट

नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां के आर्यन धीमान ने कड़ी मेहनत से लगातार छह साल तक चार्टड अकाउंटेंट की पढ़ाई करके शिक्षा क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। 24 साल की उम्र में आर्यन ने यह सफलता हासिल की। आर्यन ने रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण की । इसके बाद उसने लगातार रात दिन कड़ी मेहनत करने के बाद यह सफलता हासिल की। आर्यन के दादा धर्म पाल व पिता संजय धीमान नगरोटा बगवां के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं।

45वां स्थापना दिवस समारोह आज

पालमपुर। पूर्व सैनिक लीग पालमपुर का 45वां स्थापना दिवस समारोह दस जनवरी 2024 को लीग भवन पालमपुर में मनाया जाएगा। बुधवार को लीग अध्यक्ष सीडी सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक लीग कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दस जनवरी को पूर्व सैनिक लीग पालमपुर का 45वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। साथ ही लीग के 45 वर्ष के कार्यों और उपलब्धियों से सभी सदस्यों को अवगत करवाया जाएगा। गुलेरिया ने बताया कि इसके अलावा पालमपुर लीग से जुड़ी अन्य सैनिक इकाइयों में भी ऐसे कार्यक्रम क्रमवार आयोजित होंगे।

सीयू विवि पर पूर्व विधायक ने खोला मोर्चा

धर्मशाला। सीयू के मामले की गर्माहट कम होने को नहीं आ रही। इसी कड़ी में धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खेल दिया है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के लोगों के लिए हर्ष की बात है प्रदेश का सबसे ऊंचा धर्मशाला में लग रहा है। उन्होंने इसके लिए स्मार्ट सिटी प्रोजक्ट तथा पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीयू का मुद्दा धर्मशाला के लिए अहम मामला है तथा 2022 में उन्होंनें व्यक्तिगत तौर पर भी इस मामले पर काफी प्रयास किए थे तथा सारी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई थी। वहीं, अब एफआरए क्लीयरेंस के आने के बाद मौजूदा प्रदेश सरकार इसके लिए 30 करोड़ रुपए का फंड नहीं करवा रही। वहीं, उन्होंने कहा कि त्रियुंड तथा ठठारना में ट्रैकिंग पर भारी शुल्क लगाने से स्थानीय लोगों के साथ पर्यटन पर भी बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीयू का फंड जमा करवाए तथा जनविरोधी फैसले लेने की बजाए संवेदनशीलता से काम करे।

शहीदों के सम्मान में नहीं होंगी अब कोई कमी

पालमपुर। सुलह विधानसभा क्षेत्र अपने आप में ही एक वीर भूमि मानी जाती है। क्योकि न जाने कितने ही शहीद जो इसी भूमि पर जन्मे उन्होंने अपनी जान देकर देश की रक्षा की। जब भी कोई वीर शहीद होता है तो वह केवल देश के प्रति सोचता है, परिवार के लिए नहीं। यह बात संजय सिंह चौहान चेयरमैन हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने कहीं। संजय सिंह चौहान अभी हाल ही में शहीद हुए अरविंद कुमार की माताऔर पिता का कुशलक्षेम लेने शहीद के घर सूरी गांव गए। जहां उन्होंने एक लंबा समय उनके साथ व्यतित किया। उन्होंने भरोसा दिया कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार की ओर से जो भी उनकी कोई समस्या होगी उसका निदान प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा आने वाले समय में भी प्रदेश सरकार शहीदों का सम्मान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। संजय सिंह चौहान ने कहा कि उनकी माताजी की इच्छानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह का नाम शहीद अरविंद कुमार मेमोरियल के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने ने कहा कि अरविंद कुमार के घर का रास्ता भी बहुत जल्द बना दिया जाएगा। अगर रास्ता बनाने में कोई सरकारी कर्मचारी की ओर से कोताही हो रही है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

गर्ल्ज स्कूल नूरपुर में सालाना समारोह में सजे रंगारंग कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सम्मानित करने का दौर।

संजीव महाजन, नूरपुर

बीटीसी राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नूरपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नूरपुर तहसीलदार राधिका ने मुख्यातिथि के रूप शिरकत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व में रही स्कूल प्रधानाचार्य चंद्र रेखा ने की। इस कार्यक्रम में विनोद ठाकुर सुपरिंटेंडेंट तहसील कार्यालय, पूर्व पार्षद डॉ.चंद्र प्रकाश रिटायर्ड प्रधानाचार्य विजय गुप्ता, रिटायर्ड अध्यापिका संतोष कुमारी, संदीप पठानिया सुपरिंटेंडेंट आर्य डिग्री कालेज, विद्यालय पीटीए प्रधान भूषण शर्मा विशेष रूप में उपस्थित रहे।

इस समारोह की शुरुआत ज्योति प्रज्वलित करके की गई है। इस समारोह में उन सभी बच्चों को सम्मानित किया गया जो बच्चें पढ़ाई, स्कूल एक्टिविटी और खेलकूद में अव्वल रहे हैं। मुख्यातिथि नूरपुर तहसीलदार राधिका ने कहा कि में भी सरकारी स्कूल की छात्रा रह चुकी हूं आज यहां आकर पुरानी यादें ताजा हो गई है। आज में जिस स्थान पर हूं आप भी कल यहां पहुंच सकते हैं बस अपने आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखने की जरूरत है। स्कूल प्रधानाचार्य केसी दयोल ने कहा कि आज हमारे स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नूरपुर तहसीलदार राधिका ने मुख्यातिथि के रूप शिरकत की तथा इसके साथ ही इसी स्कूल से रिटायर्ड प्रधानाचार्य चंद्र रेखा, तहसील कार्यालय से सुपरिंटेंडेंट विनोद ठाकुर, पूर्व परिषद डॉ. चंद्र प्रकाश गुप्ता के ओर भी कई लोग इस कार्यक्रम विशेष रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह में अलग-अलग गतिविधियों में जो बच्चे अव्वल रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गया तथा इस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग-सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

विद्युत बोर्ड ज्वालामुखी की कार्रवाई से मचा हड़कंप, चार माह से कर हरे थे चोरी

बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़े दो उपभोक्ता, 80 हजार ठोंका जुर्माना

पंकज सोनी, ज्वालामुखी

ज्वालामुखी विद्युत विभाग अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल की अगुआई में विद्युत बोर्ड की टीम ने बिजली चोरी करने वाले दो उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसा है। इस कार्रवाई पर बिजली बोर्ड ने 80 हजार 85 रुपए का जुर्माना दोनों उपभोक्ताओं पर लगाया है और सख्त चेतावनी भी दी है। बताया जा रहा है ये लोग पिछले चार माह से बिजली की चोरी को अंजाम दे रहे थे। बिजली बोर्ड की ने टीम औचक निरीक्षण कर दो लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। वहीं, ज्वालामुखी विद्युत बोर्ड अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने बताया कि दोनों उपभोक्ता रंगे हाथ पकड़े गए हैं। (अनंत ज्ञान)

दो लोगों पर की कार्रवाई

गांव गुम्मर के उपभोक्ता पर 38000 का जुर्माना लगाया गया है, जबकि दूसरे केस में गांव रजोल के उपभोक्ता पर 42085 रुपए का बिजली चोरी का जुर्माना लगाया गया है।

दोनों को भरना पड़ेगा जुर्माना

अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने बताया कि उन्हें अभी यहां आए चार माह ही हुए हैं। इसके लिए उन्होंने एक टीम का गठन किया है, जो कि हर क्षेत्र में जाकर बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कस रही है। अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने बताया कि अब इन दोनों को जुर्माना भरना पड़ेगा। वहीं, जुर्माना न भरने पर इन दोनों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बड़ोई चौक में गांव-स्कूलों के आसपास शराब बेचने पर दस हजार का जुर्माना

अनंत ज्ञान, चामुंडा

श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर की पदर पंचायत में आजकल बढ़ रही नशाखोरी और शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए कल हुई ग्राम सभा की बैठक प्रधान श्रीमती इंदु राणी की अध्यक्षता में की गई। इसमें सभी वार्ड पंचों और उपप्रधान और समस्त ग्राम वासियों ने सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया और प्रस्ताव पास किया गया की पदर पंचायत वार्ड नंबर-एक बड़ोई चौक के पास जो शराब का ठेका है उसको वहां से जल्दी से जल्दी हटाया जाए।

ठेका हटाने का पुरजोर विरोध पदर महिला मंडलों और युवक मंडलों के द्वारा किया गया ताकि गांव में बढ़ रही शराब बिक्री के कारण गांव का शांतिपूर्ण माहौल खराब हो रहा है। कई परिवार इसके शिकार हो रहे हैं गांव में बड़ोई चौक में गांव में और स्कूलों के आसपास जो भी शराब बेचता हुआ पाया जाता है तो उस पर 10000 दस हजार जुर्माना किया जाएगा और अगर पीता हुआ पाया जाता है 5000 पांच हजार जुर्माना किया जाएगा और गांव में कोई भी व्यक्ति चाहे वह गांव का हो या गांव के बाहर का हो यदि बह हमारे गांव का माहौल खराब करता हुआ गांव में शराब पीकर हुड़गबाजी करता हुआ और गाली-गलौज करता हुआ पाया जाता है तो उसके ऊपर भी पंचायत द्वारा 5000 जुर्माना किया जाएगा।

इसके साथ पंचायत में एक और प्रस्ताव पास किया गया की जो भी गांव में शादी होने पर या लड़का पैदा होने पर अर्द्धनारेश्वर बधाई लेने के लिए आते है। उनके लिए एक राशी 2100 रुपए सर्वसम्मति से पंचायत के द्वारा निर्धारित की गई। उसके अलावा वह उनको कपड़ा चीनी चावल जो देते हैं वह अपनी मर्जी से उन्हें दे सकते हैं। अर्द्धनारेश्वरों के द्वारा किसी भी प्रकार की जबरदस्ती और बदतमीजी पंचायत के किसी भी सदस्य और ग्रामवासी के साथ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गगल में दुराचार के मामले घटे है और सड़क हादसे बढ़े, हत्या का एक भी मामला नहीं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला का पुलिस थाना गगल 2023 में सितंबर माह में तब सुखियों में आया जब यहां एक मेडिकल शॉप तथा स्टोर से प्रतिबंधित दवाइयों की बड़ी खेप बरामद हुई।

युवा तथा तेज-तर्रार डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा की अगुआई में देर रात तक चली इस कारवाई में 925 टेबलेट और दस इंजेक्शन सहित अवैध स्टॉक के तहत सीज किया गया। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत 1619 टेबलेट सीज की गई। इसके अलावा क्राइम चार्ट पर गौर करें तो गगल थाना में 2022 में 105 तो 2023 में 146 मामले दर्ज किए गए। 2022 में हत्या के एक मुकाबले में 2023 में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। 2022 में हत्या के प्रयास के एक मामले की तुलना में 2023 में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। आत्महत्या को उकसाने के 2022 में जीरो मामले के मुकाबले में 2023 में एक मामला दर्ज हुआ। 2022 में रेप के तीन मामले दर्ज हुए। वहीं 2023 में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। बाल अपराधों के 2022 में दो, तो 2023 में एक मामला दर्ज किया गया। महिला अत्याचार के 2022 में एक मामले के मुकाबले 2023 में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

फ्लैशबैक

छेड़खानी के 2022 में एक तो 2023 में तीन मामले दर्ज किए गए। चोट पहुंचाने के 2022 में दो, तो 2023 में पांच मामले दर्ज किया गया। 2022 में हुड़दंग का दो, तो 2023 में एक मामला दर्ज किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में 2022 में 11 तथा 2023 में 16 मामले दर्ज किए गए।

एनडीपीएस एक्ट पर दो केस

2022 में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो, तो 2023 में 11 मामले दर्ज हुए। आबकारी अधिनियम के तहत 2022 में 17, तो 2023 में 29 मामले दर्ज किए गए। एससी व एसटी एक्ट के तहत 2022 तथा 2023 में एक-एक मामला दर्ज किया गया है।

नशा तस्करी पर पुलिस सख्त

उधर, आंकड़ों की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस नशा तस्करी समेत अन्य अपराधों को लेकर सख्त है तथा समय-समय पर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधों को अंकुश के लिए जनता भी पुलिस को सहयोग दे, ताकि अपराधों के ग्राफ में कमी आए।

सियासी पालने में झूल रहा होली-उतराला मार्ग

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर खूब चल रहा सड़क का मुद्दा, अलग-अलग आ रही प्रतिक्रियाएं

अमर सिंह, पालमपुर

होली-उत्तराला सड़क निर्माण के चलते दोनों जिलों कांगड़ा व चंबा में राजनीति का माहौल गया। इस मर्तबा आम आदमी इस मुद्दे को फेसबुक और इंस्टा ग्राम के जरिये पूरी दुनिया में फैला रहे है। इसके चलते माननीय भी इसका संज्ञान लेकर उक्त मार्ग पर अपनी और से सियासी तड़का लगाने लग पड़े है। काबिले गौर है की आजादी के बाद से कांगड़ा व चंबा जिले के लोग इस मार्ग के लिए हकूमत से फरियाद करते रहे है, और नेता भी इसे कई बात चुनावों से भुना कर सट्टा सुख भोग चुके है। चुनाव होने के इसे सियासी पालने में सुलाकर अगले चुनावों तक हिला दिया जाता रहा है।

बैजनाथ कैसे विधायक व सीपीएस किशोरी लाल का कहना है की उक्त निर्माण उनकी प्राथमिकता है जिसके लिए उन्होंने पिछले हफ्ते ही इस समस्त सड़क का व्यक्तिगत दौरा कर इस कार्य में तेजी लाने कैसे जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियो को दे दिए है। (अनंत ज्ञान)

कब-कब हुआ सड़क का काम शुरू

1998 की तत्कालीन अटल बिहारी और प्रदेश में धूमल की सरकार में यह निर्माण शुरू हुआ था इसके उत्तराला से बेक्लूड तक जिला कांगड़ा में सड़क की कटिंग हुई थी। जबकि चंबा में लाका माता मंदिर तक ही यह कार्य हो पाया था। फिर 2003 में धूमल की सरकार चली गई और वीरभद्र सिंह मुख्यमंत्री बने, तब भी लोगों ने मांग उठाई की सड़क बननी चाहिए। इसके सरकार ने कमेटी गठित कर तत्कालीन वन मंत्री और भरमौर उस समय के विधायक ठाकुर सिंह भरमोरी को इस मार्ग का जायजा लेने भेजा। उन्होंने इस मार्ग का निरिक्षण कर इसमें नया पेच लगा दिया की इस सड़क मार्ग से हरियाली को बहुत नुकसान होगा और हजारों साल पुराने देवदार और कैल कट जाएंगे। फिर 2007 फिर धूमल बने लेकिन इस बार सुरंग जलसू जोत पर बनने कई की बाते अखबारों में चलती रही। उसके 2012 में कांग्रेस सत्ता में आई तों जिआ होली सुरंग शिलान्यास में उलझ गया। 2018 में आई जयराम सरकार ने इस पर कुछ कसरत की तों इस मार्ग का कार्य फिर 1998 की तर्ज पर शुरू हुआ जिसका कार्य दोनों तरफ शुरू हुआ है।

लोगों को पूरा दिन हिचकोले नहीं खाने पड़ेंगे

यदि उक्त मार्ग बन जाता है तों लोगों को 12 घंटे पूरे कांगड़ा और चबा जिलों में दिन भर सफर कर हिचकोले नहीं खाने पड़ेंगे। सैकड़ों मील सफर कम हो जाएगा।

सड़क मार्ग से पर्यटन को लेंगे पंख

इस मार्ग कैसे बनने से पर्यटकों को जालसु जोत पर स्वीट्जरलैंड जैसी ही लोकशन मिलेगी। इसके साथ मणिमहेश की दूरी कम होने से धार्मिक पर्यटन को भी अच्छा खासा बढ़ावा मिल सकता है, जो लोग दुर्गम क्षेत्र होने की बजह से अपने घरवार छोड़ कर कांगड़ा में विस्थापित हो चुके है उनके की पुर्नवास की संभावना बढ़ेगी।

छात्रों ने प्रस्तुत किया नाटक 'अंधेर नगरी चौपट राजा'

लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल दुराना में धूमधाम से मनाया सालाना समारोह

अनंत ज्ञान, जवाली

लिटिल फ्लावर पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुराना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक चौधरी उच्च न्यायालय शिमला व उनकी धर्मपत्नी मंजू बाला ने की मुख्यतिथि के रूप में शिरकत। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वालित कर व सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं, तीसरी कक्षा के बच्चों ने अंधेर नगरी चौपट राजा विषय पर नाटिका प्रस्तुत की। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि स्कूल को चले हुए 19 वर्ष हो गए है। इस में 55 के करीब स्कूल के छात्र भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे है साथ ही 15 के करीब डाक सेवा तथा तीन छात्र भारतीय नो सेना, दो छात्र वायु सेना

कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते लिटल फ्लावर स्कूल के स्टूडेंट्स।

में तैनात हैं। 56 के करीब मेधावी बच्चे को स्कॉलरशिप मिली है। सत्र 2022-23 में दसवीं की परीक्षा में नवें स्थान पर रहकर परचम लहराया। स्कूल से निकले दो छात्र स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया अनुभवी शिक्षकों के द्वारा कि प्ले वे विधि के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल में समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों गतिविधियां करवाई जाती है। स्कूल के चेयरमैन सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य किशोर चंद चौधरी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्यातिथि अशोक चौधरी ने अपने संबोधन में बच्चों को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया,साथ ही नशे जैसी बुराइयों ने दूर रहने का आह्वान किया। वहीं, इस मौके प्रेम राणा, सतपाल चौधरी, धर्म सिंह राणा, हरवंश सिंह राणा,लाल सिंह राणा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

किशोरी लाल बोले आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृति की जानकारी होना आवश्यक

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने ने कहा कि छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी परंपराओं, रिति-रिवाजों और संस्कृति की जानकारी होना आवश्यक है। सीपीएस किशोरी लाल ने मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला के वार्षिक पारितोषिक वितरण में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी परंपराओं, रिति-रिवाजों और संस्कृति की जानकारी सबसे पहले छात्र अपने घर से प्राप्त करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि अभिभावक अपने बच्चों को परंपराओं, रिति-रिवाजों और संस्कृति की जानकारी दें।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में अध्यापकों को भी अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। यह आवश्यक है कि अध्यापक और अभिभावक इस दिशा में छात्रों की भ्रांतियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि संस्कृति और इतिहास की जानकारी शिक्षा को संबल प्रदान कर उसे पूर्ण बनाती है। पूर्ण शिक्षा ही मजबूत भविष्य की नींव रखती है। स्कूल प्रिंसिपल के आग्रह पर सीपीएस किशोरी लाल ने स्कूल के अप्पर मंजिल का प्राक्लन तैयार करने को कहा और पानी की समस्या से जल्दी ही निजात दिलाई जाएगी। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने बाली बच्चों को उन्होंने अपनी विधायक निधि से 11000 रुपए देने की घोषणा की। मुख्य ससंदीय सचिव ने इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और आशा जताई कि सभी विद्यार्थी भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर पार्षद कृष्ण शर्मा, कुलदीप सोनी, मुनीश गाबरू, ओम प्रकाश, राज कुमार कोड़ा, निशा मेहरा, सतीश, जोगिंद्र सिंह, होशियार सिंह, चमन भगालिया, रविंद्र मेहरा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक किशोरी लाल को सम्मानित करने का दौर।

परेशानी अपर दाड़ी में तीन साल से बंद पड़ी चिलहन कूहल, पैदावार में भी आई भारी गिरावट

45 परिवारों की जमीन बंजर होने की कगार पर

कपिल पंडित, धर्मशाला

धर्मशाला नगर निगम के अंतर्गत अपर दाड़ी के करीब 45 परिवारों की जमीन बंजर होने की कगार पर पहुंच गई है। नगर निगम के वार्ड नंबर-14 से निकलने वाली चिलहन सिंचाई कूहल पिछले तीन सालों से सूखी है।

इस कूहल के पुन: निर्माण के लिए प्रभावित परिवारों ने नगर निगम धर्मशाला और सत्तासीन नेताओं के पास कई बार मांग रखी, लेकिन कोई उचित सुनवाई नहीं हो पाई है। लोगों ने अब खेतीबाड़ी ही बंद करने का मन बना लिया है। प्रभावित किसान प्रताप चंद, सुदर्शन कुमार, बिहारी लाल, कालीदास, बाबू राम, सोमा देवी, देश राज, सुरेखा देवी और नीमा देवी आदि ने बताया कि सिंचाई कूहल वर्षों से बंद पड़ी है और पैदावार साल दर साल कम होती जा रही है। किसानों ने बताया कि सिंचाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण कृषि पैदावार में करीब 70 प्रतिशत तक कमी आ गई है। किसानों ने बताया कि गत धान की फसल के दौरान उन्होंने बाल्टियों से पानी भर कर कुछ हद तक सिंचाई व्यवस्था की थी, ताकि जमीन को कुछ गीला रखा जा सके।

उन्होंने बताया कि यदि जल्द की इस कूहल को चालू नहीं किया गया तो उन्हें खेतीबाड़ी बंद करनी पड़ेगी। लोगों ने बताया कि चुनावों के समय नेता वादे और आश्वासन तो जरूर देकर जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्ति के बाद उनकी समस्याओं पर कोई गौर नहीं करता। किसानों ने बताया कि गत विधासनसभा चुनाव के दौरान भी नेताओं ने उक्त सिंचाई कूहल को सत्ता में आते ही दुरूस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन चुनावों को एक साल बीत जाने के बाद भी प्रभावित किसानों की जमीन की उचित सिंचाई व्यवस्था नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि मौजूदा गेहूं की फसल की अच्छी पैदावार की भी इस बार कोई उम्मीद नहीं है और फसल की सिंचाई बारिश के ही भरोसे है। (अनंत ज्ञान)

अपर दाड़ी में सूखी पड़ी चिलहन सिंचाई कूहल (दाएं) सिंचाई के अभाव में सूखे पड़े खेत।

इस विषय पर वह स्वयं मौके पर निरीक्षण करेंगी और किसानों के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह स्थानीय पार्षद और प्रभावित किसानों से बैठक कर चर्चा करेंगी और जल्द ही इस समस्या का ठोस हल निकाला जाएगा। **-नीनू शर्मा, अध्यक्ष नगर निगम धर्मशाला।**

हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

गरली। हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा आदि शामिल रहे।

सिहुंता में सड़कों पर खर्च होंगे 147 करोड़

सीसे स्कूल समोट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विधानसभा अध्यक्ष पठानिया

अंनत ज्ञान, चुवाड़ी

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र के दौरान प्राप्त उपलब्धियां के लिए सम्मानित करने का अवसर रहता है। इस आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है।

उन्होंने भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग के उपमंडल कार्यालय सिहुंता के अंतर्गत ही विभिन्न सड़क परियोजनाओं के निर्माण पर 147 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है जबकि उपमंडल चुवाड़ी के लिए बजट का अलग से प्रावधान रखा गया है। इसी तरह भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत आपदा न्यूनीकरण कार्यों के लिए 250 करोड़ की धनराशि व्यय होगी। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के जलाशय के दोनों और भूस्खलन की प्रभावी रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सिंचाई कूहलों के निर्माण और मरम्मत की भी बात कही।

कुलदीप सिंह पठानिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समोट में चिकित्सकों के स्वीकृत पदों को बढ़ाने तथा आवश्यक आधारभूत संरचना के विकास का आश्वासन दिया। उन्होंने पुश उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर भी आवश्यक धनराशि देने की घोषणा की। इससे पहले कुलदीप सिंह पठानिया ने समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण- सुदामा मिलाप के मंचन को लोगों ने खूब सराहा। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 30 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानाचार्य विनय कुमार ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, अधिशाषी अभियंता विद्युत राहुल राठौर, थाना प्रभारी रमन कुमार, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीव कुमार व अभिभावक उपस्थित रहे।

समोट स्कूल में सालाना समारोह के दौरान मुख्यातिथि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते आयोजक।

समारोह में स्कूल के होनहारों को बांटे इनाम

कोविड काल का स्टाफ लाचार नहीं सुन रहा है कोई पुकार

सरकार, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन व कंपनी के मझधार में फंसे कर्मी

एमएम डैनियल, चंबा

कोविड काल में अकाल मृत्यु का ग्रास बन रहे रोगियों के लिए जिंदगी देने वाला कोविड स्टाफ आज स्वयं लाचार बन कर जिंदगी बसर करने के लिए विवश है। इसकी मुख्य वजह प्रदेश सरकार द्वारा कोविड स्टाफ से मुंह फेर लेना है। हालांकि कोविड स्टाफ के निकाले जाने को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा खूब मुद्दा उछाला गया, लेकिन इसके बावजूद निकाले गए कोविड स्टाफ को न रूका वेतन प्राप्त हो रहा है और न ही नया अनुबंध मिल रहा है।

वहीं वर्तमान समय में सरकार, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन व कंपनी के मझधार में कोविड स्टाफ फंस गया है। जिसके चलते कोविड-स्टाफ पर यह बात एकदम स्टीक बैठती है कि न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम न इधर के रहे न उधर के रहे हम। गौर हो कि कोविड स्टाफ ने मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों व विधायकों सहित अन्य प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवाया है। जिनके प्रति महज औपचारिकता पूर्ण करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 30 सितंबर तक अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की मगर मुख्यमंत्री के आदेशों बाद भी उनके अनुबंध को बढ़ाने के लिए अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है। आलम यह है कि पूरे प्रदेश में कोरोनाकाल के दौरान रखे आउटसोर्स कर्मचारी अनुबंध खत्म होने पर दर-दर भटकने को मजबूर हो गए है।

वहीं इस विषय पर विपक्ष में बैठी भाजपा ने विस के शीतकालीन में राज्य सरकार को आड़े हाथों लेने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी है। हालांकि सत्तारूढ़ ने सदन में कोविड वेतनमान बिल जारी होने का दावा तो किया, लेकिन जमीनी हकीकत में कोविड स्टाफ की अभी जेबे खाली है।

वहीं सरकार की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई बार भाजपा पर बिना नीति के कोविड स्टाफ भर्ती करने का हमला बोल चुके है तो दूसरी ओर कोविड स्टाफ को किसी ठोस नीति में शामिल करने का अश्वासन दिया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस नीति तो बनाई नहीं अपितु जो आऊटसोर्स कोविड स्टाफ शेष कार्यरत स्टाफ भी था उन्हें भी निकाल दिया गया। जबकि गत वर्ष अनुबंध खत्म होने से पूर्व तीन-तीन माह मासिक मानदेय तक की प्राप्ति नहीं हो सकी है। (अनंत ज्ञान)

1,891 कर्मचारियों का भविष्य दांव पर

प्रदेश में कोरोनाकाल में रखे 1,891 आउटसोर्स कर्मचारियों का भविष्य दांव पर लग गया है। इनमें स्टाफ नर्स, डाटा एंटी ऑपरेटर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अलावा अन्य श्रेणी के कर्मी शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशों के बाद भी न अनुबंध बढ़ा न ही रूका वेतनमान मिल पाया है। आलम यह है कि प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेजों सहित डीडीयू में कोरोनाकाल के दौरान रखे आउटसोर्स कर्मचारी अब अपने करियर को छोड़ दिहाड़ी लगा रहे हैं।

कंपनी ने समय पर नहीं भेजे बिल



डॉ. एसएस डोगरा, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, चंबा का कहना है कि कर्मचारियों से लेकर अन्य मेडिकल से जुड़े कार्यों के लिए शिमला से बजट मांगा गया है। जिसका स्वीकृति पत्र प्राप्त हो गया है। जहां तक रही कोविड स्टाफ मानदेय जारी न होने की बात तो कोविड स्टाफ प्रबंधन आरके कंपनी की ओर से वक्त रहते बिलों को नहीं भेजा गया। जिसके चलते कर्मचारियों के भुगतान में विलंब आया है। कंपनी का देय भुगतान बिल कुल राशि करीब 65 लाख है। जिसमें गत वर्ष कंपनी को 26 लाख रुपए भुगतान कर दिया है। शेष बची राशि के तहत कंपनी से मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बिल मांगे हैं जिसकी प्राप्ति होते ही भुगतान कर दिया जाएगा।

हर हाथ अनंत ज्ञान

पंचायत सराहन निवासी सुरेश ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

पंचायत प्रौथा निवासी रवि कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

पंचायत पल्यूर निवासी जितेंद्र सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

पंचायत राजपुरा निवासी देवेंद्र कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

पंचायत करियां निवासी लाल सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

मोहल्ला कश्मीरी निवासी आयूब अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

चुवाड़ी बाजार में राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी

चुवाड़ी में वाहन पार्किंग की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। वाहनों की बढ़ती हुई संख्या के कारण राहगीरों का बाजार में चलना मुश्किल हो गया है। पार्किंग की अव्यवस्था के चलते हर कोई अपनी गाड़ी को यहां वहां खड़ा कर चला जाता है।

जिससे आए दिनों बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न होती है। सामान्य तौर पर देखा जाए तो त्रिमथ से लेकर बस स्टैंड बाजार तक दोनों तरफ निजी बाहन खड़े रहते हैं। जहां पर थोड़ी बहुत जगह है वहां पर प्रशासन ने नो पार्किंग जोन घोषित किया हुआ है । जिसके कारण यह समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर हो रही है।

जिसके परिणाम स्वरूप स्कूल के बच्चों और राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। एसडीएम पारस अग्रवाल ने कहा कि एसबीआई बैंक के आगे और को-ऑपरेटिव बैंक के आगे ही कुछ जगह है जहां पार्किंग व्यवस्था हो सकती है। उस जगह भी चार से पांच गाड़ियां लग सकती हैं।

आज होगी प्रोग्रेसिव काउंसिल की मासिक बैठक

चंबा। प्रोग्रेसिव काउंसिल की मासिक बैठक का आयोजन 10 जनवरी को लक्ष्मण क्लब परिसर में किया जाएगा। काउंसिल के सचिव गुरमुख सिंह बेदी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता काउंसिल के अध्यक्ष चंद्र सहगल करेंगे। बैठक में चंबा शहर की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने काउंसिल के पदाधिकारियों व अन्य सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थिति दर्ज करवाने का आह्वान किया है

तीन दिन बाद मिला लापता संदीप का शव

भरमौर। पिछले तीन दिनों से ग्राम पंचायत ब्रेही के गांव कुठवाडा से लापता संदीप कुमार उर्फ बबलू का शव उसके पहाड़ वाले घर से बरामद हो गया है।

जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों से संदीप कुमार अपने घर कुठवाड़ा से अचानक बिना बताए गायब हो गया था। जगह-जगह तलाश करने पर भी उसका कोई भी पता नहीं लग पा रहा था। मंगलवार को अचानक उसके पहाड़ वाले घर में उसका शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार संदीप कुमार मानसिक रूप से थोड़ा परेशान चल रहा था, जो अचानक तीन दिन पहले घर से गायब हो गया था। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है और शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

चंबा से कोलका रूट को बढ़ाया, अब जटकरी तक जाएगी बस, लोगों को मिलेगी सुविधा

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने बताया है कि जटकरी गांव के लोगों की मांग को पूर्ण करते हुए चंबा से कोलका रूट पर जाने वाली परिवहन निगम की बस सेवा को बुधवार को जटकरी तक शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बस प्रतिदिन दोपहर बाद 3:20 बजे चंबा से जटकरी के लिए रवाना होगी और वहां से चंबा वापस आएगी। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के चलने से जटकरी तथा आसपास क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर छोर को बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी एवं परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवा को सुदृढ़ करना उनकी विशेष प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

सफेद-लाल दाग कुष्ठ रोग के हैं लक्षण

कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम प्रशिक्षण शिविर में बोले डॉ. हरित पुरी

आरके रांगड़ा, चंबा

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा चिकित्सालय सभागार में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज की अध्यक्षता में कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में चिकित्सा अधिकारी, हेल्थ वर्कर, सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में इस बीमारी के प्रति लोगों की गलत धारणाओं को दूर करके इस बीमारी को दूर करना है। इसके लिए जिला के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी। जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की आशा वर्कर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता को लक्षणों के आधार पर कुष्ठ रोगी को पहचानने में मदद करेंगे तथा अपने क्षेत्र में स्क्रीनिग के द्वारा कुष्ठ रोगी का पता लगाएगी और संभावित रोगी को आगे चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य संस्थान जहां चर्म रोग विशेषज्ञ उपलब्ध हों उनके पास उन्हें निदान एवं उपचार के लिए भेजेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि कुष्ठ रोग एक धीमी गति से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है। संक्रमित व्यक्ति जब छीकंता या खांसता है तो वायु के द्वारा कीटाणु स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं।

कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता करते जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज।

इसके लक्षण आने में लगभग तीन से पांच साल लग जाते हैं। इसके शुरूआती लक्षणों में मुख्यत शरीर के किसी भी हिस्से में एक या एक से अधिक सफेद, लाल अथवा ताम्बेयी रंग के दाग होना जिन में संवेदनशीलता न हो, दाग में पसीना न आना तथा भोंहों का झड़ना, त्वचा पर असंवेदनशील दाग अर्थात जिनमें सुन्नपन हो, कुष्ठ रोग की निशानी हो सकते हैं। जिनका समय पर एमडीटी नामक दवाई देकर स्वस्थ हुआ जा सकता है एवं इससे होने वाली अपंगता से बचा जा सकता है। इसका उपचार एमडीटी थैरेपी से एक साल तक का होता है। उन्होंने बताया कि जिला चंबा में वर्तमान में कुल 13 लोग कुष्ठ रोग से पीड़ित हैं जिनमें वर्ष 2023 में नौ मरीज तथा चार केस पहले से इलाज ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर ,राष्ट्रीय स्तर ,राज्य एवं जिला स्तर पर कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं जैसे एक्टिव केस फाइंडिंग कंपेन, एंटी लेप्रसी डे आदि है। इस मौके पर चंबा मेडिकल कॉलेज चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर सहित जिला चंबा के सभी स्वास्थ्य खंडों के लगभग 40 प्रतिभगियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

पूर्व शिक्षा मंत्री आशा ने किया काव्य कोकिला का विमोचन

सलूणी कॉलेज में काव्य कोकिला पुस्तक के विमोचन पर मौजूद गणमान्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

काव्य कोकिला साझा शिक्षक संग्रह पुस्तक का विमोचन राजकीय महाविद्यालय सलूणी में मुख्यातिथि पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने किया। इसके साथ-साथ तहसीलदार सलूणी विनोद टंडन, धर्म सिंह पठानिया ,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, जगदीश शर्मा खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सलूणी, पीटीएफ अध्यक्ष खंड सलूणी देशराज ठाकुर भी विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। इस पुस्तक में जिला और प्रदेशभर से 25 शिक्षक रचनाकारों की रचनाएं शामिल हैं जो इस पुस्तक की मुख्य विशेषता है। पुस्तक का संपादन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता युद्धवीर टंडन, नवाचारी शिक्षक और कवि शाम अजनबी तथा विशेष संपादन सहयोग किरण कुमार वशिष्ठ ने किया है। इस पुस्तक में डॉ. कविता बिजलवान, जगजीत आजाद, सुभाष साहिल, हिंगराज चिराग, नारायण सिंह, फिरोज कुमार रोज, ओम आजाद, किरण कुमार वशिष्ठ, राज सिंह परदेसी, नैनो खन्ना, सुभाष चंद कासव, जीवन ठाकुर, पवन जरयाल, पवन खन्ना उपेंद्र ठाकुर ,अब्दुल रहमान, कैलाश ठाकुर, अजय कपूर, पंकज ठाकुर, मंजू शर्मा, हुगत गुमनाम, शाम अजनबी, युद्धवीर की रचनाएं शामिल हैं।

उचित मूल्य की दुकान को करें आवेदन

चंबा। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि जिला चंबा के विकास खंड भटियात में एक उचित मूल्य की दुकान का आवंटन किया जाना है। उन्होंने बताया कि विकास खंड भटियात के तहत ग्राम पंचायत छलाड़ा के स्थान छलाड़ा (वार्ड पांच) में उचित मूल्य की दुकान खोली जानी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इसके लिए पात्र आवेदकों द्वारा पांच फरवरी तक https://emerginghimachal.hp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले चंबा कार्यालय के दूरभाष नंबर 01899-222401 पर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस ने काटे 56 वाहनों के चालान

चंबा। जिला पुलिस द्वारा नाकों व गश्त के दौरान वाहनों के चालान काटे। इस संदर्भ में जिला पुलिस उपाधीक्षक चंबा जितेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के चालान की मुहिम छेड़ी है। जिसमें पुलिस ने 56 चालान काट चालकों पर कार्रवाई अमल में लाई है। उन्होंने कहा कि यातायात नियम चालकों से लेकर यात्रियों सहित राहगीरों की जीवन सुरक्षा से जुड़े है। जिसके चलते दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन धारकों को यातायात नियमों का अनुसरण सदैव करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

चंबा कॉलेज में स्वयंसेवी नवाजे

एनएसएस के सात दिवसीय शिविर समर्पण का समापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा

राजकीय महाविद्यालय चंबा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर समर्पण के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पद्मश्री विजय शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि गायक पियूष राज, शब्बीर तरन्नुम, भुवनेश्वर शर्मा , किशन ठाकुर, हाकम चंद व राजकीय महविद्यालय चंबा के प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यातिथि पद्मश्री विजय शर्मा को सम्मानित करते महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा व अन्य।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने विशेष शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने स्वयंसेवियों द्वारा सृजनात्मक गतिविधियों की प्रशंसा की। आप सब इस महाविद्यालय के विकास के आधार स्तंभ हैं। हम साक्षर बनें, साक्षरता का प्रकाश फैलाएं तभी साक्षर भारत व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की जा सकती है। उन्होंने स्वयंसेवियों को समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। मुख्यातिथि विजय शर्मा ने सभी अतिथियों व स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया।

शालू, जश्नदीप, जितेंद्र, वर्षा जरयाल, विशाल, प्रिया शर्मा और पिंकू सर्वश्रेष्ठ स्वंयमेसवी चुने गए। इस मौके पर डॉ. मनेश वर्मा, राजकीय महाविद्यालय चंबा की ग्रेड-1 अधीक्षक मोनिका ठाकुर, ग्रेड-1 अधीक्षक इंद्र ठाकुर, प्रो. डॉ शैली महाजन, प्रो. डॉ प्रोमिला ठाकुर, प्रो.डॉ संतोष, हितेश सलवानिया, संजय शर्मा, सरस्वती संगीत अकादमी के अनमोल, गुलशन पाल, पंकज जमदागनी, कार्यक्रम अधिकारियों में प्रो. अविनाश, प्रो.संतोष व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

आक्रोश पंचायत थोकला, चनणपट्ट और फौटा के ग्रामीणों ने किया ऐलान

सड़क के लिए लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

ओपी शर्मा, भरमौर

निर्वाचन क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत जगत गांव थोकला, चनणपट्ट, फौटा में सड़क सुविधा न होने को लेकर यहां के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। थोकला वार्ड के वार्ड मेंबर विक्रमजीत सहित दर्जनों ग्रामीणों ने विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि 30-40 वर्षों से कभी एक सरकार आती है कभी दूसरी सरकार आती है। हर बार इन गांवों को सड़क सुविधा को लेकर आश्वासन मिले हैं, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि 2021 में हुए लोकसभा उपचुनाव के दौरान भी यहां के दो वार्ड ने चुनाव का बहिष्कार किया था और ईवीएम मशीन खाली भेजी थी। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनावों का भी यहां के लोगों ने बहिष्कार का ऐलान किया था, लेकिन आनन-फानन में प्रशासन व दोनों दलों के नेताओं ने यहां पर आकर तीन महीने के भीतर सड़क बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद अभी तक इस सड़क का काम तक शुरू नहीं हुआ है। लिहाजा एक बार फिर से यहां के लोगों के सब्र का बांध टूट गया है। लोगों ने लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने का मन बना लिया है। गौरतलब है कि यहां पर सड़क सुविधा न होने के कारण कई बार मरीजों को पालकी के सहारे उठाकर अस्पताल तक पहुंचाया गया है। जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर कई बार वायरल हो चुके हैं। सड़क सुविधा न होने के कारण यहां के 60 फीसदी परिवार कांगड़ा और दूसरी जगह के लिए शिफ्ट हो गए हैं। हालांकि इस क्षेत्र को सेब की सबसे ज्यादा पैदावार के लिए जाना जाता है, लेकिन सड़क सुविधा न होने के कारण यहां के लोगों का सेब और दूसरी फसलें खेतों में ही सड़ जाती है। हालांकि यहां पर 500 से अधिक की आबादी बिना सड़क के पिछले कई वर्षों से इंतजार कर रही है कि एक दिन इनका क्षेत्र भी सड़क सुविधा से जुड़ेगा, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक भी इस सड़क का काम शुरू नहीं करवाया गया है जबकि जानकारी के अनुसार इसकी कागजी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। इस बारे में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग गरोला भाल चंद ने कहा कि इस सड़क निर्माण के दौरान एफसीए का रोडा अटक रहा है, लेकिन अगर कागजी औपचारिकताएं पूरी हैं तो जल्द से जल्द इस रोड के लिए टेंडर करवा दिया जाएगा। लोगों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी। यदि औपचारिकताएं पूरी नहीं भी होंगी तो उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने की कोशिश की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

जमीन भी की दान, नहीं मिला बजट

स्थानीय निवासी एवं वार्ड मेंबर विक्रमजीत, ललित कुमार, ओम प्रकाश, विपिन कुमार, नरेश कुमार, सुनील कुमार, अनु शर्मा, रवि शर्मा व केसर राम का कहना है कि विभाग ने इस सड़क के निर्माण से संबंधित इनसे जो भी कागज और दूसरी औपचारिकताएं मांगी थी वे पूरी कर दी गई हैं। हालांकि इस सड़क के लिए निजी जमीन को भी विभाग के नाम पर लोगों ने दान कर दिए गया है। बावजूद इसके अभी तक इस सड़क के लिए बजट का प्रावधान नहीं हो पाया है। लिहाजा पिछले कई सालों से सड़क सुविधा न होने के कारण लगातार परेशानियां झेल रहे ग्रामीण मजबूरन चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इन लोगों का कहना है कि वह नहीं चाहते हैं कि चुनाव का बहिष्कार हो लेकिन उनकी समस्याओं की तरफ विभाग सरकार व प्रशासन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है और बार-बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलते आ रहे हैं।

आश्वासन के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

सड़क सुविधा को तरसता थोकला गांव।

एमसीएच कुल्लू में सुविधाएं अपार, स्टाफ की दरकार

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड कुल्लू में डेढ़ साल बाद भी चिकित्सकों व पैरा-मेडिकल स्टाफ की कमी

कमलेश वर्मा, कुल्लू

12.95 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 100 बिस्तर की क्षमता वाले व आधुनिक सुविधाओं से लैस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड के नए भवन में सुविधाएं तो बहुत हैं, लेकिन स्टाफ की दरकार है।

जून 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड भवन का लोकार्पण किया था। उद्घाटन के बावजूद यहां चिकित्सकों के पद सृजित नहीं किए गए थे। इस कारण भवन के उद्घाटन के डेढ़ साल बाद भी जच्चा-बच्चा को यहां पर पूरी सुविधा नहीं मिल पा रही है। वर्तमान में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के गायनी और शिशु रोग विशेषज्ञों के सहारे मातृ एवं शिशु खंड चलाया जा रहा है। लिहाजा, प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में पिछले लंबे समय से खाली चल रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों के खाली पदों को जहां भरकर जहां जनता को राहत दी है वहीं, अब एमसीएच में अतिरिक्त स्टाफ की कमी के कारण जच्चा-बच्चा को पूरी सुविधा नहीं मिलने से एक और समस्या शुरू हो गई है।

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के साथ ही बना नया मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड भवन।

150 ओपीडी होती है प्रतिदिन

मातृ एवं शिशु खंड में पिछले डेढ़ साल से बच्चों का ओपोडी में उपचार किया जा रहा है। प्रतिदिन 120 से लेकर 150 तक ओपीडी होती है। गायनी ओपीडी में भी औसतन 150 महिलाएं उपचार करवाने आती हैं। गर्भवती महिलाओं के प्रसव के साथ उन्हें अन्य सुविधाएं इसी भवन में दी जाती हैं।

एमसीएच में खाली पदों की संख्या

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड कुल्लू में गायनी विशेषज्ञ-दो, शिशु रोग विशेषज्ञ-दो, एगेस्थीसिया-एक, रेडियोलॉजिस्ट-एक, मेडिकल ऑफिसर-आठ, मेट्रन-एक, वार्ड सिस्टर-एक, स्टाफ नर्स-15, रेडियोग्राफर-एक, लैब तकनीशियन-चार, ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट-एक, फार्मासिस्ट-चार, डाटा एंट्री ऑपरेटर-एक, एएनएम-चार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी-पांच, वार्ड वॉय-चार, सिक्योरिटी गार्ड-छह सहित अन्य 12 पद भरने हैं।

चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के पद भरने के बाद मिलेगी उचित सुविधा

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के अलावा एमसीएच में जब 15 अतिरिक्त चिकित्सक व अन्य पैरा-मेडिकल स्टाफ अलग होगा तो लोगों क पहले के मुकाबले और भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी, हालांकि महिलाओं और बच्चों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए यहां पर अलग से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड भवन बनाया है लेकिन स्टाफ की कमी के कारण दिक्कतें पेश आ रही हैं।

चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के पदों को भरने की फाइल स्वीकृति के लिए भेजी गई है। उम्मीद है कि प्रदेश सरकार की ओर से सभी पदों को भरने बारे स्वीकृति मिलेगी, हालांकि अभी भी एमसीएच में महिलाओं व बच्चों का उपचार क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

-डॉ. नरेश चंद, चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू

पूर्व जयराम सरकार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड को बिना पद स्वीकृत किए आनन-फानन में खोला था। अब मामला वित्त विभाग के पास है। यहां से क्लीयरेंस मिलने के बाद मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य खंड में डॉक्टर, पैरा-मेडिकल स्टाफ मिलेगा। यहां पर कुल्लू जिले के अलावा साथ लगते मंडी, लाहुल-स्पीति के अलावा पांगी के लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं। महिलाओं व बच्चों को किसी भी तरह की दिक्कत न झेलनी पड़े इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

-सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव

स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरे में ड्यूटी निभाने को मजबूर ट्रैफिक जवान



रात के अंधेरे में बिना स्ट्रीट लाइट की रोशनी में ड्यूटी देते हुए ट्रैफिक कर्मी।

शीला कौल, बंजार

नगर पंचायत बंजार के वार्ड नंबर-एक बठाहड़ चौक में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण रात के अंधेरे में ट्रैफिक कर्मी को ड्यूटी देने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की पिछली आपदा के समय में बिजली के पोल गिर जाने के कारण स्ट्रीट लाइट की तारें टूट गई थीं और इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक नगर पंचायत द्वारा वहां पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई है। बंजार पुलिस की ओर से दो शिफ्टों में ट्रैफिक संभालने के लिए बंजार के बठाहड़ चौक, पीडब्ल्यूडी चौक, नया बस अड्डा, पुराना बस अड्डा, शेगलु बाजार, घेली गाढ़ पुल पर ट्रैफिक संभालने के लिए पुलिस होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं, पर अंधेरे की वजह से वहां पर जंगली जानवर के निकलने का भय भी सताने लगता है। रात के समय में अगर उक्त स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होगी तो पुलिस के जवान अंधेरे में अपनी ड्यूटी किस तरह से निभाएंगे। (अनंत ज्ञान)

आपदा के समय पोल गिर जाने से स्ट्रीट लाइट टूट गई थी पर सोमवार तक उक्त स्थान पर स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएगी।

- उपाध्यक्ष नगर पंचायत बंजार प्रकाश वशिष्ठ।

वेतन न मिलने से रुष्ट बिजली कर्मियों ने की बैठक

अनंत ज्ञान, आनी

वेतन और पेंशन न मिलने से रुष्ट विद्युत मंडल आनी के कर्मियों ने विद्युत संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को पेंशनधारकों की बैठक दुर्गा माता मंदिर सराय भवन आनी में संपन्न हुई। इस बैठक में नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें इसमें नवल ठाकुर को एक बार फिर से पेंशन फोरम आनी इकाई अध्यक्ष चुना गया, जबकि भोपाल वर्मा, पूर्ण शर्मा को उपाध्यक्ष शेर सिंह को सचिव, झावे राम ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

इस बैठक में में हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एम्प्लॉयज यूनियन के प्रदेश मुख्य संगठन सचिव झाबे राम शर्मा, आनी इकाई के मुख्य सलाहकार एवं डिवीजन सुपरिंटेंडेंट नंद लाल शर्मा उपस्थित रहे। पेंशनधारकों ने सरकार का विरोध जताते हुए कहा कि सबसे कमाऊ विभाग के 52 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार है कि महीने की पहली तारीख को मिलने वाले पेंशन और वेतन का नौ तारीख बिट जाने पर भी न मिलना सरकार की कुप्रबंधन नीति का परिणाम है। विद्युत पेंशनर्स फोरम आनी इकाई के सैंकड़ों सदस्यों ने सरकार एवं बोर्ड प्रबंधक निर्देशक डॉक्टर हरिकेश मीना, चेयरमैन बिजली बोर्ड को तुरंत प्रभाव से बिजली बोर्ड से बाहर करने और बिजली बोर्ड के में चल रहे फ्री कल्चर को बंद करने की मांग की ताकि विद्युत बोर्ड की आर्थिक स्थित में सुधार हो सके। उन्होंने चेताया कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने गौर ने किया तो 11 जनवरी को संयुक्त मोर्चा कुमार हाउस में अगला संघर्ष करेगा।

बैठक में उपस्थित बिजली कर्मचारी।

शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे स्टूडेंट्स व टीचर


एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत शैक्षिक भ्रमण के लिए चयनित अध्यापक और स्टूडेंट्स।

अनंत ज्ञान, आनी

समग्र शिक्षा अभियान के सौजन्य से एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के दसवीं कक्षा के उच्च मेरिट प्राप्त स्टूडेंट्स तथा एनएसएस और एनसीसी के उत्कृष्ट स्वयंसेवी दो ग्रुप में केरल तथा कन्याकुमारी शैक्षिक भ्रमण पर जाएंगे।

20 जनवरी से सात फरवरी तक आयोजित होने वाले एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रभारी डाइट कुल्लू जीत राणा ने बताया कि जिला कुल्लू से चयनित कुल 18 स्टूडेंट्स में से चार का चयन राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी से हुआ है। जिनमें 11वीं से ख्याति शर्मा तथा नैंसी ठाकुर, 10वीं के काव्यांश शर्मा और 12वीं की तमन्ना ठाकुर का चयन एनएसएस के आधार पर हुआ है।

जिला कुल्लू से इस भ्रमण के लिए दो शिक्षकों अमर चंद चौहान तथा प्रवक्ता कुंदन शर्मा का चयन हुआ है। एसएमसी अध्यक्ष राम कृष्ण ठाकुर ने कहा कि यह चयन पाठशाला के लिए गौरव की बात है।

न्यूज ब्रीफ

देवेंद्र ठाकुर बने ईको टूरिज्म के सदस्य

कुल्लू। प्रदेश सरकार की ओर से कुल्लू जिला के लगवैली निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र ठाकुर को ईको टूरिज्म का सदस्य बनाया गया है। मंगलवार को राजकीय अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कुल्लू की ओर से देवेंद्र ठाकुर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासंघ के महासचिव वेदराम ठाकुर ने बताया कि देवेंद्र ठाकुर को ईको टूरिज्म का सदस्य बनाने पर जिलाभर में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि खुशी के अवसर पर देवेंद्र ठाकुर को टोपी-मफलर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कुल्लू के अध्यक्ष तुले राम और भुंतर खंड के कोषाध्यक्ष शिव लाल व कुल्लू ब्लॉक के उपप्रधान ताराचंद ठाकुर भी मौजूद रहे। वहीं, देवेंद्र ठाकुर ने इस सम्मान के लिए महासंघ का तहेदिल से धन्यवाद किया और महासंघ को विश्वास दिलाया कि भविष्य में संघ की समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे।

देवेंद्र ठाकुर को सम्मानित करते राजकीय, अर्द्ध-राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कुल्लू के सदस्य।

सुरेंद्र बने देवी-देवता गुर कल्याण सभा के उपप्रधान

पतलीकूहल। देवी-देवता गुर कल्याण सभा खंड नग्गर की बैठक अध्यक्ष बेलू राम की अध्यक्षता में पतलीकूहल शिव मंदिर में हुई। इस मौके पर पुरानी कार्यकारणी को भंग करने की बजाय उसी कार्यकारिणी पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। बेलू राम ने बताया कि बाद सिंह ने उपप्रधान पद निजी कारणों से छोड़ दिया है, उनके स्थान पर सुरेंद्र कुमार को उपप्रधान बनाया गया है। इसके अलावा सहसचिव भोले राम के स्थान पर तारा चंद सहसचिव नियुक्त किया गया। जयराम व रोशन कश्यप को मुख्य प्रेस सचिव बनाया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब कार्यकारिणी की बैठक हर माह होगी और जरनल हाउस तीन महीने बाद बुलाया जाएगा। सभा के सभी सदस्यों ने सरकार द्वारा दशहरे में हजार रुपए न मिलने पर नाराजगी जताई।

बाहरी राज्य के लोगों को टैक्सी-मैक्सी परमिट देना गलत

मनाली। ऑल हिमाचल प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर्स और चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष राम रतन शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश से बाहर के लोगों को टैक्सी-मैक्सी बस के परमिट देने का गलत फैसला लिया है। इस निर्णय का ऑल हिमाचल प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर और चालक एसोसिएशन विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह का निर्णय आज तक किसी भी सरकार द्वारा नहीं लिया गया था। इस निर्णय से धनाढ्य कारोबारियों की बल्ले-बल्ले होगी, जबकि आम लोग सड़क पर आ जाएंगे। बाहरी राज्य के करोड़पति जिनके पास पांच-पांच सौ टैक्सी और इतनी ही बसें हैं वे हिमाचल प्रदेश में अब करीब सौ-सौ टैक्सी-मैक्सी कैब और बसों के परमिट अप्लाई कर चुके हैं। यह बहुत ही गलत निर्णय है। इससे एक या दो टैक्सियों और बसों वाले लोग बर्बाद हो जाएंगे। शर्मा ने कहा कि बहुत जल्द आल हिमाचल प्रदेश टैक्सी ऑपरेटर और ड्राइवर एसोसिएशन अपना कांगड़ा ऑपरेटर यूनियन, जिला बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, ऊना, लाहुल-स्पीति की सभी टैक्सी यूनियन के साथ एक बैठक की जाएगी और इसका विरोध किया जाएगा।

मनाली के अनिकेत और रितिक ने किया वॉलीबाल में दिल्ली का प्रतिनिधित्व

मनाली। मनाली के निकटवर्ती गांव अलेऊ के अनिकेत ठाकुर ने अंडर-14 व मनाली गांव के रितिक ने अंडर-17 राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मनाली के इन दोनों होनहारों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिल्ली राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अनिकेत ने अंडर-14 में उड़ीसा में भी राष्ट्रीय खेलों में दिल्ली राज्य का प्रनिधित्व किया। मनाली गांव निवासी रितिक ठाकुर ने बताया की दिसंबर में जम्मू में अंडर-17 में खेलो इंडिया में राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में दिल्ली राज्य का प्रतिनिधित्व किया। विंटर कार्निवाल के समापन में मनाली के दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने दोनों को सम्मानित कर उनका होंसला बढ़ाया और उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

अनिकेत व रितिक।

22 मेधावी स्टूडेंट्स को मिलेगा बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड

आनी। जिला कुल्लू की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक हिम संस्कृति का वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह बुधवार को पुराना अस्पताल सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी मधु शर्मा ने कहा कि संस्था का वार्षिक उत्सव एवं 25वां स्थापना दिवस 10 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम मे आनी ब्लॉक की विभिन्न स्कूलों के 22 मेधावी छात्रों को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम तहसीलदार रमेश राणा तथा बीडीओ अमनदीप की अध्यक्षता में आयोजित होगा। संस्था ने आनी ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड की सूची जारी की है। जिसमें बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड लेने वाले छात्रों में सरकारी स्कूलों में आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी. केंद्रीय राजकीय प्राथमिक स्कूल आनी, हिमालयन मॉडल स्कूल आनी, लॉरेंस पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर सहित डिग्री कॉलेज हरीपुर सहित 22 मेधावी स्टूडेंट्स को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड पुरस्कार देकर समानित किया जाएगा। हिम संस्कृति संस्था की वार्षिक रिपोर्ट संस्था के अध्यक्ष शिवराज शर्मा द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। इस वार्षिक उत्सव में गीत, संगीत, कविता पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हिम संस्कृति संस्था के अध्यक्ष एस आर शर्मा ने बताया कि 25 वर्षों में संस्था ने संस्कृति एवं साहित्यिक गतिविधियों में सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों के अलावा महिला मंडल, बेस्ट टीचर, बेस्ट समाजिक कार्यकर्ता सहित कई वरिष्ठ नागरिक सम्मानित किए जाएंगे।

बंजार युवा कांग्रेस की बैठक लारजी में संपन्न

बंजार। बंजार युवा कांग्रेस की बैठक अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में लारजी में संपन्न हुई। बैठक के दौरान विशेष रूप से उपस्थित एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां सहित हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निगम भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बूथ जोड़ो, यूथ जोड़ो अभियान ओर मेरा प्रथम वोट के बारे में विस्तार के साथ चर्चा की गई। बैठक के दौरान एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया ओर साथ ही बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़ कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी ने अपने संबोधन में युवा कांग्रेस द्वारा चला जा रहे अभियानों को लेकर युवाओं को अवगत करवाया। वहीं ये भी कहा की इस बार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता लोकसभा चुनावों में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। इस बैठक में मंडी युवा कांग्रेस के प्रभारी जयवर्धन खुराना, प्रभारी कुल्लू छेरिंग नेगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पिंगला भंडारी, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मोती रामपाल, महासचिव हेमराज शर्मा, प्रधान गुड्डू राम, प्रशांत लवली, बीडीसी सदस्य कमलेश ठाकुर, नरोत्तम ठाकुर, युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मनाली में अब कम वोल्टेज की समस्या से मिलेगा छुटकारा : गौड़

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा है कि पर्यटन नगरी में अब लोगों व पर्यटकों को कम वोल्टेज की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कार्निवाल के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए थे कि प्रीणी में बन रहे 10 करोड़ के सब स्टेशन को जल्द तैयार किया जाए। गौड के कहा कि विद्युत विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए सब स्टेशन को तैयार कर लिया है। अब मनाली में कम वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले फोजल व बजौरा स्टेशनों से मनाली के लिए बिजली की आपूर्ति होती थी लेकिन अब प्रीणी सब स्टेशन के बन जाने से मनाली व आसपास के क्षेत्रों में कम वोल्टेज की समस्या नहीं रहेगी। गौड़ ने कहा कि होटल कारोबारियों की लम्बे समय से यह मांग चली आ रही थी जिसे सुखविंदर सिंह की सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि विंटर सीजन में मनाली आने वाले पर्यटकों को अब हीटर की बेहतर व्यवस्था मिलेगी जिससे ठंड का सामना नहीं करना पड़ेगा। कट नहीं लगेंगे और 24 घण्टे बिजली की आपूर्ति होगी। इसके लिए विधायक ने सीएम का आभार जताया। विधायक ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यों को भी धरातल पर उतारा गया है। नई स्कीमों को भी शुरु कर दिया है। मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन व आशीर्वाद से मनाली ने विकास की राह पकड़ ली है और क्षेत्र निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विवादों में रहे सोलंगनाला पुल की कहानी हर कोई जानता है। सरकार ने उसे भी एक साल में तैयार कर लिया है। जिसका सर्दियों के बाद मुख्यमंत्री शुभारंभ करेंगे।मनाली में प्रदेश की सबसे बड़ी 385 करोड़ की सिबरेज योजना शुरु हो चुकी है जिससे मनाली व आसपास की आठ पंचायतों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता लोकेश कुमार, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य नवीन तनवर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर, मनोनीत पार्षद बलबीर जोनी, धर्म चन्द व जगदीश तथा हंस राज शर्मा, बालक राम, राजेन्द्र, सुरेश लारजे, राकेश सोनी, ध्रुव अवस्थी, दुर्गा, बालक राम, रणवीर सिंह मौजूद रहे।

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

विद्युत बोर्ड प्रीणी में बन रहे सब-स्टेशन को जल्द तैयार करने के दिए निर्देश

राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए सूत्रधार कला संगम का सांस्कृतिक दल रवाना

कुल्लू। 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2024 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए कुल्लू से नासिक के लिए सूत्रधार कला संगम कुल्लू का 21 सदस्यीय सांस्कृतिक दल रवाना हुआ। सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि 27वां राष्ट्रीय युवा उत्सव 12 से 16 जनवरी 2024 तक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू का सांस्कृतिक दल 39वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव जिला बिलासपुर में समूह लोक नृत्य व एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहा था और अब 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2024 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि संस्था के लिए अत्यंत गौरव बात है कि संस्था के कलाकारों ने विविध-विधाओं में अब तक 14 बार राष्ट्रीय युवा उत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें से आठ बार लोकनृत्य प्रतियोगिता में, चार बार लोकगीत विधा में और तीन बार एकांकी प्रतिस्पर्धा में भाग लेना शामिल है।

इस वर्ष सूत्रधार कला संगम संस्था पुन: एकल लोक नृत्य और समूह लोक नृत्य में बेहतरीन और सर्वश्रेष्ठ दल रहा है और इस दल के 21 सदस्य एकल लोकनृत्य तथा समूह लोकनृत्य में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पिछले कई वर्षों से संस्था ने लोक नृत्य में जो बेहतर प्रदर्शन किया है उसमें वरिष्ठ सदस्य व पूर्व लोक नृत्य प्रभारी सुंदर श्याम का विशेष योगदान रहा है। इस दल के समूह लोक नृत्य में सनी, कुनाल, सागर, चांद भारती, पवन, कृष्णा, द्रौपदी, उमा महंत आदि उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करेंगे। इस 21 सदस्यीय दल को रवाना करते हुए जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर, युवा समन्वयक जगदीश नायक सहित इस विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

15 जनवरी से सिस्सू में पर्यटन गतिविधियों पर प्रतिबंध

कमलेश वर्मा, केलांग

15 जनवरी से 28 फरवरी तक पर्यटन स्थल सिस्सू में पर्यटन गतिविधियां नहीं होंगी। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की सिस्सू पंचायत ने निर्णय लिया है कि पर्यटकों को 15 जनवरी से 28 फरवरी तक घाटी में आने पर रोक रहेगी और पर्यटन गतिविधियां भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होंगी। घाटी में 15 जनवरी से हालड़ा व पुणा उत्सव शुरू होने वाला है। उत्सव के दौरान देवी-देवता शोर-शराबा बर्दाश्त नहीं करते। देव आदेश के चलते पंचायत ने यह प्रस्ताव पारित किया है।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की सिस्सू पंचायत, राजा घेपन कमेटी, देवी बोटी कमेटी और लवरंग गोंपा कमेटी के सदस्यों ने सर्दियों में होने वाले देवी-देवताओं को समर्पित उत्सव के शुरू होने से पहले और समाप्त होने तक पर्यटन गतिविधियां न करने का फैसला लिया है। 15 जनवरी से चंद्रा घाटी की सिस्सू पंचायत और कोकसर के तेलिंग का धार्मिक एवं नए साल में मनाया जाने वाला हालड़ा त्यौहार मनाया जाएगा। हालड़ा उत्सव के बाद पुना उत्सव की धूम शुरु होगी। घाटी में शोर-शराबा न हो और धार्मिक कारज में खलल न पड़े, इसलिए सिस्सू हैलीपैड में 15 जनवरी से 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियां नहीं करने का निर्णय लिया है।

वहीं इस दौरान सिस्सू हैलीपैड में पर्यटक वाहनों की पार्किंग न हो और कोई भी पर्यटक सिस्सू में प्रवेश न करे, इसके लिए पंचायत ने डीसी लाहौल-स्पीति को पत्र लिखकर जानकारी दे दी है। ग्राम पंचायत सिस्सू के प्रधान राजीव ने बताया कि पंचायत ने सर्व सम्मति से 15 जनवरी से 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियों को बन्द करने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

देव आदेश के चलते सिस्सू पंचायत ने लिया निर्णय

विडंबना स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब अपने दम पर हजारों खर्च कर खेलने योग्य बना रहा मैदान

अनदेखी का शिकार आनी का मेला मैदान

जितेंद्र गुप्ता, आनी

बाह्य सिराज क्षेत्र आनी के क्रिकेट का महाकुंभ कहे जाने वाला सिराज कप आनी के मेला मैदान के लिए संजीवनी बनकर आता है। कभी विवाह समारोह, तो कभी वाहनों की पासिंग के आनी के खस्ताहाल कर दिए इस खेल मैदान की हालत साल भर से खस्ता थी, जहां खेलना, दौड़ना तो दूर पैदल चलना या सिर्फ घूमना भी मुश्किल हो गया था।

ऐसे में इस माह शुरू होने जा रहे सिराज कप क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां कर रहे स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब ने हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी हजारों रुपए खर्च कर न केवल एक बेहतरीन क्रिकेट पिच तैयार की, बल्कि खेल मैदान के अनगिनत गड्ढों को भरा और मैदान के एक किनारे बीचोंबीच छोड़ दी गई एक बड़ी चट्टान को भी अपने ही खर्च पर तोड़ कर इसे एक बार फिर खेलने योग्य बना दिया है।

आनी मेला मैदान की खस्ताहालत को सुधारने में जुटी मशीनरी।

स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब के अध्यक्ष दिनेश ठाकुर का कहना है कि स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब आनी सर्दियों की छुट्टियों में वर्ष 1996 से हर वर्ष इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करता है।

वहीं, टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए स्पोर्ट्स क्लब बदहाल मैदान को अपने खर्च पर खेलने योग्य बनाता है। सचेत संस्था आनी का कहना है कि आनी में दो खेल मैदान हैं, जिनमें एक राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम है, जबकि दूसरा मेला मैदान है, लेकिन राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम को पार्किंग बना दिया गया है। मेला मैदान भी अनदेखी का शिकार है, जिसे हर साल केवल सिराज कप के दौरान स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब ही खेलने योग्य बनाता है। जो इन मैदानों का इस्तेमाल करने वाले खेल प्रेमियों, आर्मी, पुलिस आदि के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मैदान की खस्ताहालत को सुधारने में स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब दिन-रात जुटा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

एसडीएम के साथ-साथ स्कूलों के प्रिंसिपल का भी करेंगे घेराव

शिक्षक संस्थानों में हारे उम्मीदवारों को बुलाने पर भड़के विधायक दिलीप

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट के स्कूलों में वार्षिक समारोह में हारे व नकारे हुए उम्मीदवार को न सिर्फ मुख्यातिथि बुलाया जा रहा है बल्कि जब भी वह किसी स्कूल में मुख्यातिथि के रूप में जाते हैं तो अपने भाषण में राजनीतिक बातें करते हैं जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सरकाघाट में बैठक के दौरान दिलीप ठाकुर और भाजपा के अन्य सदस्य।

यह बात सरकाघाट के भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर ने लोक निर्माण विश्राम गृह सरकाघाट में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अगर यही रवैया रहा तो एसडीएम सरकाघाट के साथ-साथ और जिन स्कूलों के प्रिंसिपल उनको बुला रहे हैं और वहां पर राजनीतिक बातें हो रही हैं उनका भी घेराव किया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस मामले में उन्होंने सरकाघाट उपमंडल अधिकारी के साथ अन्य सभी अधिकारियों से भी बात की है। विधायक ने मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा की कांग्रेस सरकार सिर्फ और सिर्फ सुक्खू के बजाए दुख और झूठ की सरकार साबित हुई है यहां तक की चुनाव में झूठ बोलकर सत्ता में आई है। यह सरकार अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रदेश सरकार की नाकामियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी में डट जाए। बैठक में मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल, महामंत्री पवन ठाकुर, संदीप, जिला महामंत्री राजेंद्र भुट्टो, जिला आईटी संयोजक गौरव धीमान मौजूद रहे।

सैनिक सदनों के निर्माण में करेंगे मदद

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक में उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने दिया आश्वासन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिलाधीश एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड मंडी के अध्यक्ष अरिंदम चौधरी ने कहा कि प्रशासन जिले में सैनिक सदनों व कैंटीन विस्तार केंद्रों के निर्माण एवं सुधार कार्यों में हरसंभव मदद करेगा। उन्होंने मंगलवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सैनिक समाज के कल्याण तथा उनकी सुविधा के लिए तत्परता से काम की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जिले में विभिन्न उपमंडलों में सैनिक सदनों के निर्माण मामलों पर चर्चा करते हुए कहा कि इनमें एफआरए स्वीकृति के लिए प्रशासन लक्षित प्रयास कर मामलों को सिरे चढ़ाएगा।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी, सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल गोपाल गुलेरिया, हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग मंडी के अध्यक्ष कै. कश्मीर सिंह, महासचिव कै. हेत राम शर्मा सहित लीग के तमाम पदाधिकारी, जिले की पूर्व सैनिक लीग की क्षेत्रीय इकाइयों के प्रतिनिधि समेत बोर्ड के अन्य सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। जिलाधीश ने कहा कि मानसून में जिला मुख्यालय स्थित सीएसडी कैंटीन के पीछे के क्षतिग्रस्त डंगे के सुधार कार्य पर पांच लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सैनिक विश्राम गृह मंडी को सुविधा की दृष्टि से उन्नत बनाया गया है।

मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए उपायुक्त अरिंदम चौधरी को 51 हजार रुपए का अंशदान देते जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के पदाधिकारी।

शहीद स्मारक में बनेगी अतिरिक्त शौर्य दीवार

जिलाधीश ने कहा कि सैनिक लीग की मांग पर मंडी के संकन गार्डन में स्थित शहीद स्मारक में सैनिकों के सम्मान में एक अतिरिक्त शौर्य दीवार का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक को इसे लेकर लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन तैयार कराने तथा लीग की अपेक्षा के अनुरूप शौर्य दीवार निर्माण के कार्य को सिरे चढ़ाने को कहा। इस शौर्य दीवार पर 1947 से अब तक के मंडी जिले के सभी शहीद सैनिकों के नाम अंकित किए जाएंगे। अरिंदम चौधरी ने कहा कि सैनिकों का सम्मान सर्वोपरि है। बैठक के उपरांत जिला पूर्व सैनिक लीग मंडी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 51 हजार रुपए के अंशदान का चेक जिलाधीश को भेंट किया।

न्यूज ब्रीफ

सरकार के खिलाफ अभियान छेड़ेगी सीटू

बैठक के दौरान मौजूद मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

मंडी। सीटू से संबंधित मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन की राज्य कमेटी की बैठक मंगलवार को कामरेड तारा चंद भवन मंडी में राज्य अध्यक्ष जोगिंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम विशेष तौर पर शामिल हुए। राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि यूनियन राज्य सरकार द्वारा मनरेगा व निर्माण मजदूरों को श्रमिक कल्याण बोर्ड से बाहर करने और उनकी सहायता रोकने के खिलाफ 15 जनवरी से गांव-गांव में जन अभियान शुरू करेगी और जिला स्तर पर विरोध रैलियां आयोजित की जाएंगी, जिसके तहत 30 जनवरी को मंडी और कुल्लू एक फरवरी को शिमला, रोहडू और रामपुर, पांच फरवरी को हमीरपुर, सात फरवरी को धर्मशाला, आठ को बिलासपुर और नौ को ऊना, सोलन और चंबा में रैलियां की जाएंगी।

आज यहां-यहां लगेगा पावर कट

मंडी। विद्युत बोर्ड द्वारा सूचित किया गया है कि 10 जनवरी को प्रात 10 से शाम पांच बजे तक 11 केवी पड्डल फीडर के अंतर्गत एचटी लाइन की आवश्यक मरम्मत के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत लोअर भीऊली, पड्डल, बस स्टैंड, कांगनीधार, मोतीपुर, संस्कृति सदन, डिग्री कॉलेज व उसके आस-पास के क्षेत्रों के उपभोक्ता प्रभावित होंगे। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 ई. नरेश ठाकुर ने दी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

पं. लेखराज शर्मा को सम्मानित किया

जोगिंद्रनगर। शारदा ज्योतिष निकेतन के प्रमुख पं. लेखराज शर्मा ने उत्तराखंड राज्य के महामहिम सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन स्थित आवास पर निजी भेंट की। राजभवन में हुई इस निजी भेंट में महामहिम राज्यपाल ने भारतीय ज्योतिष में रुचि एवं उत्थान की भावना प्रकट की। पं. लेखराज शर्मा ने महामहिम से चर्चा में उत्तराखंड राज्य में संस्कृत एवं भारतीय ज्योतिष-सामुद्रिक शास्त्र के प्रचार-प्रसार के लिए सरकार की भूमिका का महत्व बताते हुए उनसे आग्रह किया है कि सरकार उन्हें इस विशेष कार्य में अपना सहयोग प्रदान करे। महामहिम ने पं. लेखराज शर्मा को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं आगामी 16 दिसंबर 2024, विजय दिवस को राजभवन में सम्मान देने की बात कही।

पं. लेखराज को सम्मानित करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

एसवीएम के 28 होनहारों को मिले टैब

मंडी। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महाजन बाजार मंडी के 28 छात्र-छात्राओं ने प्रदेश सरकार द्वारा श्रीनिवास रामानुजन डिजिटल योजना के तहत टैब प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। टैब प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में दसवीं कक्षा से अंबिका शर्मा, भाविका सैनी, कनिष्का, निहारिका, निवेदिता, नोवल ठाकुर, नूपुर शर्मा, संसृति, सिमरन, स्नेहा ठाकुर, वंशिका ठाकुर, धनंजय ठाकुर, मृदुल आहलूवालिया, राहुल ठाकुर, साहिल यादव शामिल हैं। बारहवीं कक्षा से अंशिता महाजन, नवप्रीत कौर, सुहानी, तनुजा, पियूष महाजन, सत्यम सैनी, आरुषिका ठाकुर, कीर्ति, शिवेन, वैशाली कपूर, शौर्य अरोड़ा, चिराग ठाकुर हैं। इस अवसर पर प्रबंध समिति की सचिव निर्मला कात्यायन भी उपस्थित रही। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. उमेश मंडयाल ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी।

आईटीआई के छात्रों को बताई सरकारी स्कीमें

जोगिंद्रनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी व आईएमसी के चेयरमैन शिव कुमार की अध्यक्षता में छात्र व छात्राओं को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड से आए ब्रांच मैनेजर लोकेश भाटिया और सहायक विनय कुमार करियर गाइडेंस उद्यमिता ने सरकारी स्कीमों के बारे में बताया। उन्होंने छात्र व छात्राओं को स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान संस्थान के समूह अनुदेशक रमेश नेगी व अनुदेशक लव जम्वाल, शशिकांत, संजीव कुमार, अशोक कुमार, मूलराज, दिलेर सिंह और अनुदेशिका कल्पना शर्मा, सुनीता देवी, प्रियंका कुमारी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने लोकेश भाटिया और सहायक विनय कुमार का धन्यवाद किया।

21 जनवरी को होगी पेंशन आभार रैली

मंडी। नई पेंशन कर्मचारी महासंघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की पहली वर्षगांठ पर मंडी में होने वाला जश्न स्थगित हो गया है। अब यह आयोजन 13 जनवरी के बजाय 21 जनवरी को होगा। महासंघ के जिला अध्यक्ष लेखराज ठाकुर के अनुसार मुख्यमंत्री किसी महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर मणिपुर जा रहे हैं,इस कारण वे 13 जनवरी को मंडी नहीं आ सकते। अतः अब यह कार्यक्रम 21 जनवरी को मंडी सेरी मंच पर मनाया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री महोदय उपस्थित रहेंगे।

देई कैलेंडर-2024 का किया विमोचन

मंडी। महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत जिला प्रशासन की पहल पर जिला में लागू किए गए देई कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस योजना के सफल संचालन के लिए विभाग द्वारा जिला में नववर्ष-2024 के कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है, जिसका विमोचन अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मंडी अजय कुमार बदरेल और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। निवेदिता नेगी ने विभाग को जारी किए गए कैलेंडर को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों तथा जिला व खंड स्तर के कार्यालयों में लगाने के निर्देश भी जारी किए।

दानियों की मदद से ही बच सकती है जय देव की जान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

कोटली तहसील के गांव कासन खलाणू का 30 वर्षीय जय देव 2021 से किडनी की बीमारी से जूझ रहा है। मां-बाप का इकलौता बेटा है और दौड़ धूप करके वही अपने परिवार को पाल रहा था, क्योंकि पिता हिम्मत राम भी कोई काम नहीं करते जबकि घर में मां के पास भी कोई काम नहीं है। 2021 में नेरचौक मेडिकल कॉलेज में उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था। उसके तीन महीने बाद फिर से पेट में दर्द उठा तो वह जोनल अस्पताल मंडी गया। जांच में पाया गया कि उसकी किडनी में कोई लाल दाग आ गया है। ऐसे में उसे आईजीएमसी शिमला के लिए रेफर कर दिया गया। वहां से इलाज शुरू हुआ, जिससे वह कुछ वक्त ठीक रहा। पिछले साल फिर से उसे दर्द शुरू हुआ तो फिर शिमला गया जहां जांच में पाया गया कि उसकी किडनी में इंफेक्शन ज्यादा हो गया है और इसका ऑपरेशन होगा। जय देव ने बताया कि उसके पास आय का कोई साधन नहीं है। इधर-उधर से उधार लेकर इलाज करवा रहा हूं मगर अब कोई उधार भी नहीं मिल रहा है। ऑपरेशन में भी लाखों का खर्च आएगा। हिमकेयर का कार्ड भी चला रहा हूं मगर उसमें भी अब एक लाख के लगभग राशि ही बची है। दवाइयां व अन्य खर्च करने के लिए कोई पैसा नहीं है। जय देव ने कहा कि अब दानी सज्जन ही उसकी जान बचा सकते हैं। उसने गुहार लगाई है कि दानी उसकी मदद करें। दानी लोग उसके भारतीय स्टेट बैंक के खाता नंबर 38187039782 आईएफएससी कोड एसबीआईएन 0000676 या गुगल पे नंबर 8679021831 पर मदद भेज सकते हैं।

सुनो सरकार ! छह महीने से नहीं मिली पगार

मंडी। जिला मंडी के विभिन्न पटवार सर्कल में तैनात अंशकालिक सहायक पटवारी को छह माह से पगार नहीं मिली है। पगार न मिलने से नाराज अंशकालिक कर्मचारी न तो धरना-प्रदर्शन कर सकते हैं और न ही उनकी आवाज सरकार तक पहुंच रही है। राजस्व विभाग कर्मचारी अंशकालिक संघ की प्रधान शीला शर्मा ने बताया कि उन्हें आखिरी पगार जून माह में मिली थी तथा उसके बाद छह माह हो गए, अभी तक वेतन नहीं मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और राजस्व सचिव से मांग की है कि उन्हें आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने से पूर्व दिहाड़ीदार बनाया जाए, छह माह का वेतन अति शीघ्र बैंक खाते में डाला जाए। जिला मंडी में करीब 450 अंशकालिक कर्मचारी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

बलोह इलेवन ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

सेहली पंचायत में हुई प्रतियोगिता, मंडी इलेवन को चटाई धूल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

सेहली पंचायत के वार्ड सात में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच बलोह इलेवन व मंडी इलेवन के बीच हुआ। मंडी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी इलेवन टीम ने तीन विकेट पर 55 रन बनाए। मंडी इलेवन टीम की तरफ से नीजू ने 41 रन व खन्ना ने सात रन बनाए। बलोह इलेवन की तरफ से रितिक ने दो विकेट लिए।

बलोह इलेवन ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बलोह इलेवन की तरफ से बल्लेबाज कमलजीत ने 23 रन, लक्की ने 20 रन व कर्ण ने 12 रन का योगदान दिया। मंडी इलेवन के गेंदबाज खन्ना व अमन ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच बलोह टीम के बल्लेबाज कमलजीत बने और मैन ऑफ दी सीरीज मंडी टीम के बल्लेबाज नीजू बने। आयोजन कमेटी के चेयरमैन नोखू राम ने मुख्यातिथि अमरजीत शर्मा पुजारी माता बगलामुखी मंदिर सेहली एवं कर्मचारी नेता को टोपी-शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि अमरजीत शर्मा ने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी आजकल नशे की तरफ बढ़ रही है जो स्वयं उनके लिए परिवार के लिए, समाज के लिए व राष्ट्र के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि खेलों से युवा मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। युवाओं को खेलों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इस उपलक्ष्य पर सेवानिवृत्त चीफ इंस्पेक्टर एचआरटीसी दलीप कुमार शर्मा, ड्रामा स्कूल के आर्टिस्ट दीप कुमार और वेद ठाकुर, सतीश कुमार, कश्मीर सिंह, अक्षित शर्मा, अभिनव शर्मा, नमन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

हिमगिरि स्कूल ने नवाजे मेधावी

वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि ने बांटे इनाम

समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ स्कूल के छात्र व आयोजक।

अनंत ज्ञान, बालीचौकी

बालीचौकी उपमंडल में स्थित हिमगिरि ईमोर्टल पब्लिक हाई स्कूल ने मंगलवार को वार्षिक उत्सव मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि सराज मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टेक सिंह चौहान रहे। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर छात्र की किसी विशेष क्षेत्र में महारत होती है और अगर उस महारत को वो अपनी ताकत बनाता है, तो जीवन के किसी भी क्षेत्र में प्रगति कर सकता है।

मुख्य अतिथि ने इस दौरान पाठशाला प्रबंधन को 51 सौ रुपए की धनराशि भी भेंट की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार भी बांटे। इस समारोह में शिक्षाविद व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य होशियार सिंह ठाकुर और आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की योग शिक्षिका हीरा ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रही।

समारोह में पाठशाला प्रधानाचार्य होशियार राणा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और शैक्षणिक और विविध क्षेत्रों में पाठशाला की उपलब्धियों का जिक्र किया। इस अवसर पर पाठशाला की प्रबंध निदेशक नवीता ठाकुर ने सभी उपस्थित अभिभावकों का प्रबंधन को सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महज छह वर्षों में ही पाठशाला क्षेत्र की अग्रणी निजी पाठशालाओं में शामिल हो गई है। समारोह में पाठशाला के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में क्षेत्र के कई प्रबुद्धजनों ने भी शिरकत की।

स्नेहा ने संगीत सदन में लिया है प्रशिक्षण

मंडी। छोटी काशी की स्नेहा ने विंटर क्वीन मनाली में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विंटर कार्निवाल में स्नेहा को मिस फिटनेस का खिताब मिला। वहीं शास्त्रीय नृत्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। स्नेहा ने 30 प्रतिभागियों में से मिस फिटनेस का खिताब जीता, जबकि कथक में 10 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ा। स्नेहा अभी चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रही हैं और कथक का प्रशिक्षण संगीत सदन मंडी से लिया है। स्नेहा की माता अंजू शर्मा ने बताया कि स्नेहा को डॉ. सुरेंद्र कुमार ने प्रोत्साहित किया। स्नेहा ने सांगल म्यूजिकल ग्रुप गोहर की ओर से कथक में भाग लिया था। स्नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय संगीत शिक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार और कथक शिक्षक ईशा को दिया है।

रमेश शर्मा की याद में बनेगा लाइब्रेरी भवन

नेरचौक। राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला बाल्ट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य तिथि समाजसेवी जगदीश ठाकुर ने शिरकत की। मुख्याध्यापक राजेंद्र कुमार ने उन्हें सम्मानित किया। मुख्य अध्यापक राजेंद्र कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियां के बारे में सभी को अवगत करवाया। उन्होंने स्कूल को 51 हजार प्रदान किए। स्कूल की छात्रा को बेहतर प्रदर्शन करने पर 1100 रुपए इनाम दिया। मुख्यातिथि ने बाल्ट क्षेत्र के पूर्व बीडीसी सदस्य स्व. रमेश कुमार की यादगार में एक लाइब्रेरी भवन बनाने का भी आश्वासन दिया है।स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर सभी को आनंदित किया। मुख्य अतिथि ने स्कूल के होनहारों को मेडल व स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

बहरी में खुलेगा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर

धर्मपुर। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को धर्मपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत तनेहड़ और बहरी में शिविर लगाए। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं के समाधान के साथ ही प्रदेश सरकार के एक वर्ष के जनहितकारी कार्यों से लोगों को अवगत कराया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की मजबूती के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए ढांचागत विकास तथा उपयुक्त संख्या में स्टाफ की तैनाती तय बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत बहरी में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोला जाएगा। वहीं, उन्होंने तनेहड़ में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात से पहले वहां सभी नालों का तटीकरण कराया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत में खेल मैदान, सामुदायिक भवन और लाइब्रेरी बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्मशानघाट कांडापत्तन के निर्माण कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा।

मंथन

नगर निगम की बैठक में शहर के विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

जल स्त्रोतों के रखरखाव पर खर्च होंगे तीन करोड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

नगर निगम की साधारण बैठक महापौर वीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत बोर्ड के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे विभागों को अवगत करवाया, जिसमें प्रमुख बावड़ियों के जीर्णोद्धार व जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए तीन करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इसी तरह सड़कों की मरम्मत व शहर में जैबरा क्रॉसिंग बनाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए।

शहर में बेतरतीब ढंग से लटक रही बिजली की तारों व स्ट्रीट लाइट आदि व शहर में सीवरेज कनेक्शन प्रदान करने में आ रही दिक्कतों के निष्पादन के लिए जल्द ही नगर निगम व जल शक्ति विभाग द्वारा सामूहिक रूप से हर स्थान का निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। बेकार की अटकलें डालने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाने का भी निर्णय हुआ। विभागों के अधिकारियों ने सदन को अवगत करवाया कि उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान शीघ्र अति शीघ्र किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि निगम में नए सम्मिलित क्षेत्रों के लिए सरकार से स्पेशल ग्रांट मांगी जाएगी। बैठक में बल्ह क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह गांधी, नगर निगम की उपमहापौर माधुरी कपूर, पार्षद अलकनंदा हांडा, सोमेश उपाध्याय, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, सुमन ठाकुर, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानु, अंजय कुमारी, आयुक्त एचएस राणा, संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र कुमार कटोच, अधिशाषी अभियंता दीपक महाजन, सहायक अधिशाषी अभियंता ई. एचसी जसवाल, सहायक अभियंता नरेश कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

नगर निगम की साधारण बैठक में उपस्थित पार्षद।

विधायक इंद्र सिंह ने उठाई जन शिकायतें

मंडी। बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने वार्ड 14 व 15 दोंहदी की जन शिकायतों को शिकायत निवारण बैठक में प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर नगर निगम के कमिशनर सहित मेयर और अधिकारी सभी उपस्थित रहे। विधायक ने जनता की समस्याओं को बैठक में उठाते हुए उन्हें एजेंडे में डाला। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वार्ड बैहना में ड्रेन तारा चंद के घर से शिवपाल के घर से होते हुए प्रकाश चंद धीमान के घर तक बनाई जाए। इसके अलावा दोंहदी वार्ड में जहां जहां आवश्यकता हैं वहां पर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं और इसकी सूची भी उन्हें दी जाए। विधायक ने कहा कि दोनों वार्डों में जो भी रास्ते कच्चे हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पक्का किया जाए। दोनों वार्डों में रसोई गैस की किल्लत है। रसोई गैस की सुविधा हर घर तक दी जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बैहना में नई डिस्पेंसरी के नजदीक नाले पर ट्रैक्टर योग्य पुल का निर्माण करवाया जाए। बरसात के कारण आपदा के दौरान जिन लोगों के घरों में भूस्खलन के कारण खतरा बना हुआ है वहां पर सुरक्षा दीवारें लगाई जाएं। वार्ड दोंहदी में पीने के पानी की गंभीर समस्या है। वहां पर पीने का पानी मुहैया करवाया जाए। ऊहल का पानी चढ़ से गुटकर और दूदर से बैहना तक लाइनें बिछाई जाए ताकि पानी की आपूर्ति 24 घंटे हो सके। वार्ड दोंहदी में पंचायत घर चलाह का भवन क्षतिग्रस्त है उसकी मरम्मत की जाए और निगम का कार्यालय बनाया जाए। महीने में एक या दो बार यहां पर बैठक करने का प्रावधान किया जाए। गुटकर से शिव गुफा तक की टायरिंग की जाए। इस मौके पर निगम के कमिश्नर ने आश्वासन देते हुए कहा कि विधायक की मांगों को प्राथमिकता के हिसाब से जल्दी पूरी करने की कोशिश करेंगे।

नीट की तैयारी के टिप्स दिए

नेरचौक। जिला प्रशासन व जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यकम के तहत जिला प्रशासन मंडी द्वारा चलाई जा रही विशेष पहल देई के अंतर्गत स्कूल की छात्राओं जो कि 12वीं कक्षा में पढ़ रही है के लिए मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया गया। पिछले वर्ष के मैरिट सूची अनुसार नीट की तैयारी कर रही जिला मंडी के विभिन्न स्कूलों में पढ़ रही 17 छात्राओं को परामर्श पहल के अंतर्गत एमबीबीएस की प्रथम वर्ष की छह छात्राओं के साथ मिल कर कैसे नीट की तैयारी करें इस विषय पर विस्तार में चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन शर्मा (भा.प्र.से.) ने की। एमबीबीएस की छात्राओं को स्कूली छात्राओं के भविष्य से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के समूह बनाए जाएंगे। जिला कार्यकम अधिकारी अजय बदरेल इस कार्यकम में उपस्थित रहे।

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जिले में 62 करोड़ रुपए के किए जाएंगे कार्य

मंत्री बनने के बाद पहली बार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजेश धर्माणी ने की बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

मंत्री बनने के बाद पहली बार बिलासपुर मुख्यालय पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजेश धर्माणी ने बैठक ली।

जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की, जिले में बड़ी परियोजनाओं के कार्यों को विभाग जल्द पूरा करे तथा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी अधिकारी त्वरित कार्रवाई करते हुए गंभीरता बरतें। जो योजनाएं हमारी वर्तमान योजनाओं के दायरे में नहीं आती, उसके लिए नई पहल की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में साकारात्मक विचार करने को कहा। इस संबंध में अधिकारी विषयों को उपायुक्त के ध्यान में लाएं, ताकि इसको अमलीजामा पहनाने व धन का प्रावधान करने का प्रयास किया जा सके। उन्होंने कुपोषण के प्रति डीसी की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विभिन्न विभागों के अंतर्गत और नए क्या कार्य नए कार्य किए जा सकते हैं इस संबंध में भी विभाग जानकारी प्रदान करें। वैलनेस सेंटर खोलने, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक सुधार लाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के प्रति अधिकारियों को गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए।

मंत्री बनने के बाद पहली बार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करते राजेश धर्माणी।

अधिकारी हर माह बैठक करना सुनिश्चित करें

लोक निर्माण विभाग के तहत लक्षित कार्यों की पूर्ति के लिए अधिकारी प्रत्येक माह बैठक करना सुनिश्चित करें, ताकि उसे जल्द पूरा किया जा सके। यदि कोई विवाद या कार्य आरंभ करने में कठिनाई हो तो इस संबंध में डीसी के ध्यान में लाकर कार्य पूर्ति के लिए त्वरित कार्रवाई करें। बागछाल पुल तथा झंडूता 330 मीटर स्पैन पुल को मार्च के प्रथम सप्ताह तक संपूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में शाहतलाई में खड्ड की स्वच्छता के साथ-साथ श्रद्धालुओं को स्नान की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 33 केवी नस्वाल को स्तरोन्नत किया गया है। एक नया 33 केवी सब-स्टेशन बरठीं व जुखाला में स्थापित किया गया है। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले में 62 करोड़ रुपए के कार्य किए जाएंगे, जिसमें मुख्यता 459 नए डिस्ट्रीबयूशन ट्रांस्फार्मर स्थापित किए जाएंगें।

33 केवी सब स्टेशन किया जाएगा स्थापित

इसके अतिरिक्त 24.7 बार्ड बैंक की योजना के अंतर्गत लगभग 80 करोड़ रुपए जिले में व्यय किए जाएंगे, जिसके तहत बिलासपुर नगर में एक नया 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा, जो बिलासपुर नगर की बिजली आपूर्ति स्वचलित संचालित होगी। उन्होंने खाद्य आपूर्ति एवं नागरिक उपभोक्ता विभाग के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों व योजनाओं के संबंध में सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचे इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सूचना का प्रचार व प्रसार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर ही डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने मंत्री की ओर से दिए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

घुमारवीं में बनेगा बायोडायवर्सिटी पार्क, सरकार को भेजा प्रस्ताव

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल के तहत फोरलेन के साथ लगती पंचायत पनोह फेटीधार क्षेत्र में बायोडायवर्सिटी पार्क स्थापित किया जाएगा।

इसके लिए प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने मंगलवार को अवारी और पनोह पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए दी। बायोडायवर्सिटी पार्क स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य कीरतपुर-नेरचैक फोरलेन से कुल्लू-मनाली जाने वाले पर्यटकों को आकर्षित करना है, ताकि पर्यटक इस क्षेत्र में रुके, जिससे फोरलेन के साथ लगती पंचायतों के लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

पनोह पंचायत से बायोडायवर्सिटी पार्क और ऐतिहासिक त्यूण और सरयून के किलों तक ट्रैकिंग पथ का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए इस क्षेत्र में बेस कैंप और बस स्टैंड बनाया जाएगा, ताकि पर्यटकों को इस क्षेत्र में रोका जा सके। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ओहर में 150 करोड़ की लागत से बड़ा पर्यटन केंद्र स्थापित किया जाएगा और औहर में ही हेलिपोर्ट का निर्माण किया जाएगा।

राजेश धर्माणी पनोह में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए।

इन सभी योजनाओं से अगर कुल्लू-मनाली जाने वाले एक प्रतिशत पर्यटक भी इस क्षेत्र में रुकेंगे, तो फोरलेन के साथ लगती पंचायतों के लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। जिले के दो ऐतिहासिक त्यूण और सरयून के किलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इस कार्य के लिए चार करोड़ रुपए की राशि सरकार पहले ही मंजूर कर चुकी है। उन्होंने पनोह पंचायत में पानी की समस्या को जल्द सुलझाने और महिला मंडल भवन के निर्माण का आश्वासन दिया, इसके अतिरिक्त महिला मंडल को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सोलर पावर प्लांट लगाने जा रही है।

इसमें तीन बीघा भूमि के मालिक को इस योजना के साथ जोड़ा जाएगा। सरकार प्लांट लगाकर हर माह युवाओं को 20 हजार रुपए देगी। इसके लिए भूमि मालिक के साथ 25 वर्ष का करार किया जाएगा।

कांग्रेस विरोधी नेताओं को आजादी के इतिहास को ध्यान से पढ़ना चाहिए

कांग्रेस पार्टी की ओर से दिए गए बलिदानों का कुछ भी पता नहीं : सुनील

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता एवं राज्य सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि जो पार्टी व नेता स्वयं देश के विभिन्न वर्गों व समाज में विघटन डालने और भाई को भाई से लड़ाने के लिए जाने जाते हैं, वहीं नेता उलटे कांग्रेस पार्टी पर देश तोड़ने और समाज के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोप लगा कर हंसी का पात्र बन रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के नेता सुनील शर्मा ने आश्चर्य किया व्यक्त

सुनील शर्मा ने कहा कि वास्तव में ऐसे कांग्रेस विरोधी नेताओं को आजादी के इतिहास को ध्यान से पढ़ना चाहिए क्योंकि उनके वक्तव्यों से बिलकुल नहीं लगता कि उन्हें आजादी के इतिहास और उसके लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से दिए गए बलिदानों का कुछ भी पता नहीं है, यदि उन्हें पता होता, तो इस प्रकार के आधारहीन और बेतुके आरोप नहीं लगाते।

सुनील शर्मा ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक कांग्रेस पार्टी का इतिहास एक के बाद एक देश की आजादी व उसके बाद देश की एकता व अखंडता के लिए दिए गए बलिदानों से भरा पड़ा है। किंतु फिर भी भाजपा के इन नेताओं को लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी कथित देश को तोड़ने का काम कर रही है, जिससे ऐसा लगता है कि उनका ज्ञान व चक्षु दोनों कमजोर हैं, जिसका उन्हें परीक्षण करवाना चाहिए।

राहुल देश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे

सुनील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से देश की एकता व अखंडता की नीति को आगे बढ़ाते हुए अब इंदिरा गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी सारे देश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं, तो किसी के भी पेट में दर्द नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनकी ओर से किए जा रहे इस महान कार्य की प्रशंसा की जानी चाहिए।

धुंध के चलते विजिबिलिटी हुई कम

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

इन दिनों घुमारवीं में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बढ़ती ठंड में भारी धुंध भी पड़ रही है। ऐसे में वाहन चालकों के लिए गाड़ी को चलाना जोखिम भरा बना हुआ है।

घुमारवीं में मंगलवार को भारी धुंध के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, पिछले दो दिन से पड़ रही धुंध ने वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। धुंध के कारण लोगों को आवागमन तथा दूसरे कामों को लेकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धुंध से लोगों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मंगलवार को धुंध इतनी ज्यादा थी कि विजिबिलिटी बहुत कम थी। इसका सबसे ज्यादा असर यातायात पर देखने को मिला। धुंध के कारण बसों, कारों, ट्रकों और दोपहिया वाहन चालकों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में भारी मुश्किल हो रही हैं। दो दिनों से लगातार धुंध पड़ने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय वाहन चालकों को वाहनों की लाइटें जलाकर चलना पड़ रहा है।

घुमारवीं में धुंध में वाहन चलाते चालक।

धुंध के कारण तापमान में भी भारी गिरावट आई है। क्षेत्र में सबसे अधिक धुंध उन क्षेत्रों में दिखाई दे रही है, जहां पर कोई नदी या नाला है। वहीं, धुंध ने किसानों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि जनवरी माह शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक बारिश नहीं हुई है। अगर आने वाले कुछ दिनों में बारिश हो जाती है, तो वह गेहूं फसल के लिए बेहतर साबित होगी।

कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नाम पर छला : गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

कांग्रेस ने पहली ही कैबिनेट में एक लाख नौकरियां देने का किया था वादा

छह वर्षों में सबसे कम बेरोजगारी भाजपा की मोदी सरकार के दौरान हुई

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नाम पर छला है।

प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार आई है, तब से झूठ का बोलबाला प्रबल रूप से चल रहा है। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पहले बोला था कि सत्ता में आते ही पहली ही कैबिनेट में वह एक लाख नौकरियां देंगे, उनकी वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने भी इसी प्रकार के भाषण अनेक जगह दिए। उन्होंने तो नौकरियों को लेकर एक कैलकुलेशन भी जनता को समझाई थी, शायद उनको याद होगा। वर्तमान में स्थिति कुछ और है, सच में देखा जाए तो यह सरकार नौकरियों से लोगों को निकालने का काम कर रही है। बड़ी संख्या में प्रदेश के विभिन्न विभागों से लोगों को निकाल भी दिया गया है। एक तरफ भारत की कार्यबल में वृद्धि हो रही है, छह वर्षों में सबसे कम बेरोजगारी भाजपा की मोदी सरकार के दौरान हुई है।

राष्ट्रीय औसत से अधिक बेरोजगारी दर वाले शीर्ष-तीन राज्यों में प्रदेश भी शामिल है। हिमाचल बेरोजगारी की दृष्टि से सबसे तेजी से बढ़ता प्रदेश बन रहा है। कांग्रेस का शासन कुप्रबंधन शासन है, जिसका खामियाजा पढ़े लिखे युवाओं को भुगतना पड़ रहा है।

छह साल में झंडूता विस क्षेत्र में बनाईं 10 नई सड़कें : जीतराम

अनंत ज्ञान, झंडूता

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इसी के मद्देनजर झंडूता विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले छह वर्षों में इस विधानसभा क्षेत्र में 10 नई सड़कें बनाई गई हैं।

अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस क्षेत्र के लिए छह और सड़कें मंजूर हुई हैं। सभी सड़कों को पक्का करवाना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बड़गांव गलू पंचायत की बुखर सड़क को इसी साल पक्का करवाने का वादा भी किया। विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत मंगलवार को बुखर और बच्छेरू में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पिछले छह वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। जितना विकास इस अवधि में हुआ है, उतना पिछले 50 वर्षों में भी नहीं हुआ था। बागछाल पुल और कुटबौंगड़ पेयजल योजना जैसे कई बड़े विकासात्मक प्रोजेक्ट इन छह वर्षों में ही सिरे चढ़े हैं। कोटधार क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए 200 करोड़ रुपए की योजना पर जल्द काम शुरू होगा। यह सब केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग से संभव हो पाया है।

बुखर और बच्छरेटू में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते जीतराम

जेपी नड्डा करें स्पष्ट, सरकार की जेब में कैसे गया आपदा का पैसा

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

जेपी नड्डा के बयान पर पूर्व वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर ने किया पलटवार

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर में पहले तो जेपी नड्डा केवल मात्र बड़ी-बड़ी डींगें हांकने के लिए जाने जाते थे, लेकिन खेद की बात यह है कि अब वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर बड़ी बातें भी करने लग गए हैं, जिन्हें सुनकर ऐसा आभास होता है कि उन्हें अभी भी केंद्र से आने वाले धन और राज्य सरकार की ओर से उसके उपयोग की प्रक्रिया का कुछ भी पता नहीं है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामलाल ठाकुर ने कहा कि इतने बड़े पद पर विराजमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे नेता राज्य सरकार पर यह आरोप लगा रहे हैं कि उसने केंद्र से आए पैसे को अपनी जेब में डाल लिया है। अब नड्डा को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि सरकार की जेब में आखिर यह पैसा किस प्रकार गया।

उन्होंने कहा कि कितनी ही बार कांग्रेस नेता भाजपा नेताओं से कह चुके हैं कि जिस राशि को केंद्र से राज्य सरकार को आया बताया जा रहा है। क्या उसमें ऐसी भी कोई राशि है, जो विशेष रूप से इस बार प्रदेश को इसलिए मिली है कि इस शताब्दी की सबसे बड़ी आपदा से घिरा था। रामलाल का कहना था कि सड़कों व घरों के लिए कोई धन आया, तो क्या यह धन नियमों के अनुसार केंद्र से पहले नहीं आता था। क्या उस धन को किसी परिवार को राहत देने पर व्यय किया जा सकता है।

स्कूली हैंडबाल प्रतियोगिता में हिमाचल फाइनल में पहुंचा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हरियाणा के हिसार में चल रही 67वीं राष्ट्रीय अंडर-19 महिला वर्ग की स्कूली हैंडबाल प्रतियोगिता में प्रदेश की महिला हैंडबाल टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

स्कूल महिला अंडर-19 हैंडबाल टीम की चीफ कोच स्नेहलता, असिस्टेंट कोच अमित कुमार व मैनेजर सुरेंद्र कुमार ने यह जानकारी दी। टीम कप्तान अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी स्वाति के कप्तानी में टीम न सभी टीमों को पछाड़ते हुए फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बिहार को हरा कर अंडर-19 महिला हैंडबाल टीम अब फाइनल में हरियाणा के साथ भिड़ेगी। उनकी अंडर-19 स्कूल महिला हैंडबाल टीम काजल, मुस्कान, आरुषि, कृतिका, रितिका, यादिका, ईशा, खुशी, श्रेया, स्वाति, प्रेरणा, मानवी, अंजली, नंदनी, पल्लवी अपने खेल के दम पर सभी मैच जीती व अब फाइनल में मेजबान हरियाना को परास्त कर स्वर्ण पदक जितने के लिए तैयार है। अंडर-19 स्कूल महिला हैंडबाल टीम की चीफ कोच स्नेहलता ने बताया कि उनकी इस टीम में पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी खेल रही हैं, जिसमें स्वाति जो इस टीम की कप्तान भी है, मुस्कान, काजल, खुशी, आरुषि शामिल हैं। शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत शर्मा, सह निदेशक खेल कमला, एडीपीओ हेड सोहन कल्याण, एडीपीओ शिमला संतोष चैहान ने अंडर-19 स्कूल महिला हैंडबाल टीम सदस्यों, चीफ कोच स्नेहलता, असिस्टेंट कोच अमित कुमार, मैनेजर सुरेंद्र को फाइनल में प्रवेश के लिए बधाई दी है व फाइनल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी व उम्मीद जताई है कि टीम स्वर्ण जीतकर आएगी।

महिला वर्ग स्कूल हैंडबाल के लिए फाइनल में पहुंची हिमाचल की टीम।

सर्दी के मौसम में भी पानी के संकट से जूझना पड़ रहा

बिलासपुर। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पेयजल समस्या को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का राग अलापने वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सर्दी के इस मौसम में भी लोगों को पानी के गंभीर संकट से जूझना पड़ रहा है। कई गांवों में सप्ताह में केवल एक बार पानी की आपूर्ति हो रही है।

पेयजल समस्या को लेकर प्रदेश सरकार पर जम्वाल ने साधा निशाना

पानी की जरूरत पूरी करने के लिए लोगों को जेब से पैसे खर्च करके टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। चुनावी गारंटियां पूरी करना तो दूर, यह सरकार लोगों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने में भी नाकाम हो रही है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में लोग सर्दी के इस मौसम में भी पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। तल्याणा, भलस्वाए, हवाण व चलैहली समेत कई अन्य पंचायतों में लोगों के घरों में लगे नलों में सप्ताह में मुश्किल से एक बार पानी आ रहा है। ग्रामीण इलाकों में खेतीबाड़ी के साथ ही पशुपालन भी लोगों का एक मुख्य व्यवसाय होता है। ऐसे में नलों में पानी न आने की वजह से उनकी परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

अनदेखी सरकारी भवन कभी होता था घुमारवीं की शान, आज बना नशेड़ियों का अड्डा, प्रशासन बेखबर

घुमारवीं में बचत भवन बना नशेड़ियों का अड्डा

नीरज शर्मा, घुमारवीं

नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत आने वाला शहर का एक ऐसा सरकारी भवन जो पहले घुमारवीं की शान हुआ करता था, लेकिन वह आज नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। घुमारवीं के इस बचत भवन के एक खाली कमरे को नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना रखा है।

जहां पर शराब की बोतलों के ढेर लगे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस बचत भवन के परिसर में तीन कमरे अग्निशमन विभाग के पास हैं तथा यहां कर्मचारी दिन-रात इस कार्यालय में मौजूद रहते हैं। बावजूद इसके नशेड़ी कब और कैसे इस भवन के कमरे में घुसकर शराब की पार्टियां करते हैं। किसी को इस बात की खबर नहीं है, जबकि इस भवन के एक हाल में सार्वजनिक पुस्तकालय भी खोला गया है। जहां पर सैकड़ों बच्चे दिन-रात अपनी पढ़ाई करने आते हैं, लेकिन किसी को इस बात की कोई फिक्र ही नहीं है कि इस प्रकार सरकारी कार्यालय तथा पुस्तकालय परिसर में होने के बावजूद शराबी रात के अंधेरे में कमरों में बैठकर शराब की दावतें उड़ाते हैं। परिसर के एक भवन में पड़ी खाली शराब की बोतल तथा सिगरेट के पैकेट इस ओर इशारा करते हैं कि रात के अंधेरे में परिसर का एक कमरा नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। वहीं, इस बचत भवन के दूसरी तरफ केंद्रीय विद्यालय संचालित होता है। जहां हजारों बच्चे रोजाना पढ़ने आते हैं।

बचत भवन के पिछली तरफ लगे गंदगी के ढेर।

एक समय था जब इस भवन में अक्सर सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यक्रम आयोजित होते थे, लेकिन बनने के काफी साल तक इस भवन का जीर्णोद्धार नहीं हो सका, जिसके बाद यह परिसर काफी समय तक खाली रहा, लेकिन बाद में घुमारवीं में अग्निशमन चौकी मंजूर होने के बाद इस परिसर में तीन कमरे अग्निशमन कार्यालय को दे दिए गए और खाली पड़े हाल में बाद में एक सार्वजनिक लाइब्रेरी खोल दी गइ, लेकिन परिसर में पुस्तकालय और अग्निशमन का कार्यालय होने के बावजूद परिसर में शराबी अपनी पार्टियां करते हैं। भवन के पिछली तरफ गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। साथ ही कुछ कमरे खंडहर बन चुके हैं, यही कारण है कि इन कमरों के खंडहर बनने का फायदा कुछ शराबी उठा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

> मामला ध्यान में नहीं था। जल्द ही इस बात की जांच करवाई जाएगी तथा इस पर कार्रवाई की जाएगी। आगे से ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि परिसर में ऐसी किसी भी प्रकार की कोई हरकत न हो।
> **गौरव चौधरी, एसडीएम, घुमारवीं।**

अनुबंध पर कार्यरत पटवारियों को 12 हजार मासिक वेतन का किया विरोध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ इकाई ने रिटायर्ड को 25 हजार व अनुबंध पर कार्यरत पटवारियों को 12 हजार रुपए मासिक वेतन दिए जाने पर रोष प्रकट किया है।

संघ का कहना है कि अनुबंध पटवारी नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन रिटायरमेंट के बाद पुन: नियुक्ति पर पटवारी को 25 हजार का वेतन तर्कसंगत नहीं है। इस संदर्भ में राज्य सरकार को विचार करने की जरूरत है। महासंघ की बैठक रैन बसेरा घुमारवीं में प्रधान सुनील दत्त जोशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सह सचिव राकेश कुमार, सचिव भारत भूषण, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह सहित बिलासपुर की तहसीलों से आए हुए पटवारियों ने भाग लिया।

संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की बैठक में विरोध करते हुए लोग।

बैठक में सेवानिवृत्त पटवारी-कानूनगो की पुन: नियुक्ति, पटवार खानों में फर्नीचर उपलब्ध करवाने, पटवारखानों की मरम्मत, पटवार खानों की सर्कलबंदी व पटवारी कानूनगो को जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पटवारी-कानूनगो का स्टेट कैडर करने का विरोध जताया गया।

सीएम सुक्खू ने नादौन वासियों को दी विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात

कोर्ट मामलों की वजह से चार साल लटका रहा जेओए (आईटी) का नतीजा जल्द निकलेगा

विक्रम ढटवालिया, धनेटा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण किए। इनमें धनेटा में 7.60 करोड़ रुपए की लागत से राजकीय स्नातक महाविद्यालय धनेटा के बी-ब्लॉक के भवन के साथ-साथ धनेटा में 2.29 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) भवन की आधारशिला रखी।

उन्होंने 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बनी उठाऊ पेयजल परियोजना जनसमूह का लोकार्पण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री का नादौन के पास अंतर में शिमला से पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया उसके बाद मुख्यमंत्री गाड़ी से धनेटा पहुंचे, लेकिन रास्ते में जगह-जगह उनके स्वागत में लोग खड़े हुए थे, वे उन सभी से मिले।

पेयजल योजनाओं के शिलान्यास मौके पर मुख्यमंत्री सुक्खू और अन्य विभागीय अधिकारी।

काबिले गौर यह है कि मुख्यमंत्री पिछले कुछ समय से अस्वस्थ रहे थे और इसी वजह से उनका क्षेत्र में आना नहीं हो पाया था। काफी समय के बाद मुख्यमंत्री के इलाके में पहुंचने से लोग भी स्वागत में निकले। पैतृक गांव के पास उनकी माता भी गांव वासियों के साथ ढोल नगाड़े के साथ मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए मुख्य सड़क पर पहुंची।

धनेटा कॉलेज के लिए 25 करोड़ का प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने धनेटा कॉलेज के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही नादौन विधानसभा क्षेत्र के खरीड़ी में इनडोर स्टेडियम बनाया जाएगा, जिसका जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को पिछली भाजपा सरकार से कर्ज विरासत में मिला है, लेकिन अब धीरे-धीरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी पर आ रही है तथा एक वर्ष में ही 20 प्रतिशत का सुधार आया है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल से जेओए (आईटी) परीक्षा परिणाम कोर्ट मामलों की वजह से लंबित रहा है लेकिन अब इसे जल्द ही घोषित किया जाएगा।

सुलवान स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में नवाजे मेधावी

लोक नृत्यों की प्रस्तुति से बच्चों ने खूब किया मनोरंजन

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाले नव-विभोर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुलवान में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि राजेश ठाकुर व सुमन ठाकुर रहे। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य को सामने रखकर कार्य करने वाले हमेशा सफलता हासिल करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ललित मोहन व मुख्यातिथियों द्वारा स्कूल के मेधावी छात्र समीक्षा और अर्पित को पांच हजार रुपए की राशि देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान स्कूल के एलकेजी से जमा दो कक्षा के बच्चों द्वारा विभिन्न नृत्यों पर शानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।

सुलवान स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्टूडेंट्स।

एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने मॉडलिंग, हिंदी गाना छोटा बच्चा जानकर पर डांस किया। पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने राम आएंगे गाने पर अपनी प्रस्तुति दी। अंत में शैक्षणिक व खेल गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

हैप्पी बर्थडे

माहरल के अश्वनी कुमार को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

महारल की सुषमा ठाकुर को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

सीहोरबाला की इवा बाला को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

राजी है बच्चा ...

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जब अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में पहले दिन दौरे पर आए तो उनकी माता गांववासियों के साथ उनसे मिलने खुद पहुंची।

बच्चों को अर्थव्यवस्था बारे किया जागरूक

भोरंज में औद्योगिक प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित स्टूडेंट्स व शिक्षक।

अनंत ज्ञान, भरेड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में औद्योगिक एवं तकनीकी सलाहकार संगठन के सौजन्य से बच्चों के लिए एकदिवसीय औद्योगिक प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके प्रायोजक हिमाचल प्रदेश सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट शिमला थे। कार्यक्रम की शुरुआत आरएल परमार ब्रांच मैनेजर इंडस्ट्रियल एंड टेक्निकल कंसल्टेंसी हमीरपुर के स्वागत उद्बोधन से की गई। प्रधानाचार्य ओंकार सिंह भाटिया ने भी मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना के संबंध में विद्यालय के बच्चों के साथ सामान्य विचार-विमर्श किया तथा पाठशाला के प्रतिभाशाली बच्चों का परिचय आए हुए मेहमानों के साथ करवाया जिन्होंने समय पर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन से पाठशाला का नाम रोशन किया है। इस कार्यशाला में प्रवेश कपूर, राजेश कुमार, रवि धीमन तथा अविश उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के दौरान बच्चों को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के बारे में जागरूक किया गया।

कांग्रेसी अनुराग ठाकुर पर कर रहे आधारहीन बयानबाजी : ऊषा

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री ऊषा बिरला ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस के कुछ विधायक अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाने के लिए आधारहीन बयानबाजी कर मीडिया में बने रहने के लिए बिना तथ्यों के ही राजनीति चमकाने में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जिन्होंने हमीरपुर ही नहीं बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र में एक नहीं, अनगिनत विकास कार्य एक समान करवाए हैं। इसमें बिलासपुर में एम्स हो, इंजीनियरिंग हाइड्रो कॉलेज हो, बिलासपुर भानुपली रेल लाइन हो, पीजीआई सैटेलाइट सेंटर आदि अनगिनत विकास कार्य करवाए हैं।

ऊषा बिरला ने कहा कि अनुराग ठाकुर के संसदीय क्षेत्र में 17 विधानसभा वह तीन जिले आते हैं, जिनमें उन्होंने पूर्ण रूप से एक समान विकास करवाया है और अपने संसदीय क्षेत्र में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के रहते कई विकासात्मक प्रोजेक्ट्स को अमलीजामा पहनाया है। इसके अलावा अनुराग ठाकुर ने अपने प्रयासों से अभी दो दिन पहले ही 'एक से श्रेष्ठ' कार्यक्रम जिसका 500वां केंद्र हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खोला गया जिसका उद्घाटन खुद भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने किया।

न्यूज ब्रीफ

भोरंज तहसील कार्यालय में कर्मचारियों का टोटा

भोरंज। तहसील कार्यालय भोरंज में कर्मचारियों का टोटा होने के चलते कर्मचारियों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भोरंज में इस समय कानूनगो सर्कल भोरंज, तरक्वाड़ी व भरेड़ी में कानूनगो के पद खाली चल रहे हैं। वहीं पटवार सर्कल बधानी, डूंगरी, और खडूही में पटवारी ही नहीं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग में हर कार्य की समय सीमा निर्धारित की गई है, लेकिन और कर्मचारी ही नहीं होंगे तो कार्य समय पर कैसे होंगे। उपरोक्त पद पिछले छह माह से खाली चल रहे हैं, लेकिन इन पदों को नहीं भरा गया जिसके चलते लोगों को दिक्कतें आ रही हैं। इस बारे तहसीलदार भोरंज राहुल शर्मा का कहना है कि रिक्त पदों बारे उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है और अन्य कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

लोगों को बैंक योजनाओं की जानकारी दी

वित्तीय जागरूकता शिविर में उपभोक्ता सामूहिक चित्र में।

हमीरपुर। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा डिडवीं टिक्कर एवं नाबार्ड के सौजन्य से प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर, सक्रिय बचत आयोजन और बजट निर्माण पर एक कार्यशाला कदरियाणा गांव में हुई। शाखा प्रबंधक देव राज गुप्ता ने लोगों को सही वित्तीय बर्ताव, आपका बचाव, कैशलेस लेन-देन, जन-धन योजना व बैंक योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपना पिन कभी भी किसी के साथ साझा न करें। बैंक के सहायक प्रबंधक संजीव ठाकुर ने भी बैंक की योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की प्रधान रीना, सुमन, अंचल, प्रीति, अंजलि, प्रियंका , संजू, मीना, रंजना सदस्य एवं पूर्व उपप्रधान सुरजीत कटोच, बैंक अधिकारी विनीत कुमार, रमेश चंद व कई गणमान्य उपस्थित रहे।

मदर प्राइड पब्लिक स्कूल नादौन में नवाजे मेधावी

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा

नादौन के मदर प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी में आज वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यतिथि के रूप में राजेश ठाकुर सेवानिवृत्त असिस्टेंट डायरेक्ट एलिमेंटरी विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान उनके अतरिक्त क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एडवोकेट कुलवीर परमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, सुरिंद्र ठाकुर, संदीप कुमार, अजय परमार आदि भी उपस्थित थे।

प्रिंसिपल प्रदीप सिंह ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि मदर प्राइड पब्लिक स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में अब्बल स्थान पर रहते हैं जहां स्कूल के बच्चों में बोर्ड की परीक्षाओं में हर वर्ष मेरिट सूची में आकर स्कूल का नाम रोशन किया हैं।

मुख्यातिथि राजेश ठाकुर स्कूली बच्चों को सम्मानित करते हुए।

वहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर प्रसिद्धि हासिल की है। इस अवसर पर मुख्यतिथि ने भी अपने संबोधन में बच्चों को कहा कि सफलता परिश्रम की कुंजी है। हमें अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस दौरान मुख्यतिथि द्वारा स्कूल में वार्षिक गतिविधियों एवं परीक्षाओं अव्वल स्थान पर रहे बच्चों को भी सम्मानित किया।

मासिक पत्रिका होलीस्टिक पाइन का संस्करण कवर जारी

प्रिंसिपल अंजना होलीस्टिक पाइन मासिक पत्रिका के संस्करण कवर का विमोचन करती हुईं।

अनंत ज्ञान, बड़ा

नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में आज होलीस्टिक पाइन की मुख्य संपादक अंकुश भारती द्वारा अपनी मासिक पत्रिका होलीस्टिक पाइन का नववर्ष 2024 मीनाक्षी शेषाद्री संस्करण कवर पेज का विमोचन किया गया।

यह विमोचन स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल के कर कमलों द्वारा करवाया गया। इस दौरान स्कूल के वॉयस प्रिंसिपल प्रदीप वालिया, सुशील पाठनिया के अतिरिक्त कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस दौरान अंकुश भारती ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्रिका के नववर्ष के इस संस्करण को रिलीज करने के लिए स्कूल को इसलिए चुना कि वह चाहती थी कि इस संस्करण का विमोचन अपने गृह क्षेत्र से करे। उन्होंने प्रिंसिपल अंजना कौंडल एवं स्कूल प्रशासन का इसके लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस अवसर पर अंकुश भारती को साहित्य एवं लेखन के लिए राष्ट्रीय सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भाजपा शासनकाल में देश में बढ़ी गरीबी : कौशल

हमीरपुर। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा प्रदेश की चारों सीटें जीतने के दावे कोरी गप्प हैं। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने प्रेस बयान में कहा कि विधानसभा चुनावों में हार का स्वाद चखने के उपरांत भाजपा की केंद्र सरकार ने जिस प्रकार सौतेला व्यवहार करते हुए अन्याय प्रदेश के साथ किया है, जनता उसको समझ चुकी है और लोकसभा चुनावों में उसका भाजपा से हिसाब भी लेगी। कौशल ने कहा भाजपा एक तरफ विकसित भारत का नारा दे रही है, वहीं दूसरी ओर इसके नेता गला फाड़-फाड़ कर 81करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन देने और शौचालय बनाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वास्तविकता यह है कि भाजपा शासनकाल में देश में न केवल गरीबी बढ़ी है, अपितु देश को अंधविश्वास और रूढ़िवाद की ओर ले जाने का महान कार्य को भी मोदी सरकार बड़ी चतुराई से अंजाम देने में लगी है और इस मुद्दे पर वह अनुराग के दावे से सहमत हैं, क्योंकि निश्चित रूप से देश तथा देशवासियों को आदिकाल की तरफ ले जाने कार्य मात्र मोदी सरकार ही कर सकती है।

कार बैक करते स्कूटी पर चढ़ी, बड़ा हादसा टला

बिझड़ी कुआं चौक के पास स्कूटी पर चढ़ी कार।

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

कुआं चौक बिझड़ी में एक कार चालक द्वारा टक्कर मारकर कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया, हालांकि गनीमत यह रही की इस दुर्घटना में कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार दोपहर एक कार चालक तेज गति से दियोटसिद्ध की तरफ अपना वाहन लेकर गया और फिर अचानक कार बैक होकर तेजी के साथ पीछे आई और रेन शेल्टर के पास खड़ी स्कूटी को टक्कर मारकर रुकी। टक्कर इतनी तेज थी रेन शटर में बैठे लोगों में भी अपरा-तफरी मच गई लोग इधर-उधर भागने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक नशे में लग रहा था। दुर्घटना के बाद लोगों का हुजूम लग गया तथा लापरवाही और नशे में कार चलने वाले चालक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग करने लगी। एचएएसआई राजेश कुमार का कहना है पुलिस मौके पर गई थी परंतु दोनों पक्षों का आपस में समझौता हो जाने के बाद पुलिस में मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

अनुराग ठाकुर के कार्य जगजाहिर : भाजपा

हमीरपुर। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किए गए विकास कार्य जगजाहिर हैं। अपने संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लिए बेहतरीन कार्य वह लगातार कर रहे हैं, लेकिन आप बड़सर विधानसभा क्षेत्र के तीन बार के विधायक हैं। आपने विधायक निधि वह भी बिना सिर-पैर खर्च करने के अलावा अपने क्षेत्र में क्या कार्य किया है उसका हिसाब जग-जाहिर करें। यह बात पूर्व विधायक बलदेव शर्मा व जिला सचिव विनोद ठाकुर ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने बड़सर के विधायक के ऊपर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अनुराग ठाकुर क्या कुछ कर रहे हैं, उनके द्वारा क्या किया जा रहा है और उन्होंने अब तक क्या किया है, उनकी सांसद निधि कहां पर खर्च हुई है, इसकी जानकारी वह आरटीआई के माध्यम से कभी भी प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने आंखों के ऊपर जो कांग्रेस रूपी गलत चश्मा लगाया हुआ है, उससे उन्हें केंद्रीय मंत्री द्वारा किए गए कार्य दिखाई नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र में अब तक हजारों करोड़ रुपए के कार्य करवाए गए हैं।

बलदेव शर्मा

कार से अंग्रेजी शराब बरामद, केस दर्ज

भरेड़ी। जाहू पुलिस ने सोमवार को देर शाम मुंडखर गांव के पास चाव मोड पर छह पेटी अंग्रेजी शराब की कार से बरामद की। पुलिस की सूचना के अनुसार सोमवार को लदरौर से जाहू की तरफ नाके के दौरान चाब के पास एक कार को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें अंग्रेजी शराब की छह पेटी बरामद हुई। पुलिस ने श्याम कुमार निवासी पट्टा के खिलाफ केस दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। भोरंज एसएचओ मस्त राम नायक ने शराब पकड़ने की पुष्टि की है।

मांग कांग्रेस सरकार ने वर्षों पुरानी मांग को एक वर्ष के भीतर ही कर दिया पूरा

टौणी देवी डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास जल्द : राणा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर, टौणी देवी

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि डिग्री कालेज टौणी देवी के भवन का शीघ्र ही शिलान्यास करवाया जाएगा। इन दिनों भूमि समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। सभी औपचारिकताएं भी पूरी कर कॉलेज के लिए बजट भी मिल गया है।

बमसन की दूरदराज पंचायतों के हजारों लोगों की मांग थी कि टौणी देवी में कॉलेज खुले। विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए दिक्कतें आती थी, लेकिन वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र की इस वर्षों पुरानी मांग को एक वर्ष के भीतर ही पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से अस्थायी रूप से टौणी देवी के एक स्कूल में कक्षाएं भी संचालित कर दी जाएंगी। इससे पहले राणा ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी व राजकीय उच्च पाठशाला पटनौण के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोहों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। समारोहों में पहुंचने पर टौणी देवी पाठशाला के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा, पटनौण के मुख्याध्यापक महेश एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। समारोहों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की।

स्कूली बच्चों के साथ विधायक राजेंद्र राणा व शिक्षक।

स्टूडेंट्स को अग्निवीर बनने के दिए टिप्स

सूबेदार मेजर मनोज कुमार झा स्कूल प्रबंधन समिति व अन्य के साथ।

अनंत ज्ञान, भोरंज

उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोल में आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस हमीरपुर से सूबेदार मेजर मनोज कुमार झा ने स्टूडेंट्स को भारतीय सेना में किस प्रकार प्रवेश पा सकते हैं, अग्निवीर इत्यादि योजनाओं के ऊपर जानकारी दी। मनोज कुमार झा ने बच्चों को नशे से दूर रहने और रोड सेफ्टी के बारे में भी जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन समिति उनका धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य विपन माहिल ने बताया कि स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियों से स्टूडेंट्स को भविष्य के लिए मार्ग-दर्शन मिलता है व उन्हें करियर चुनने में भी आसानी होगी। इस मौके पर स्थानीय स्कूल के समस्त स्टूडेंट्स और अध्यापक भी उपस्थित रहे।

प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को लागू होगी योजना, छात्र-छात्राएं अपनी रुचि की गतिविधियों में लेंगे भाग

उत्तराखंड : स्कूलों में वर्ष में दस दिन रहेगा 'बैग फ्री डे'

एजेंसी, देहरादून

स्कूली बच्चों के बैग का बोझ कम करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने नई पहल शुरू करते हुए सभी स्कूलों में 'बैग फ्री डे' लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत स्कूलों में वर्षभर में कुल दस दिन बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राएं बिना बैग के स्कूल जाएंगे जहां पर वह अपनी अभिरुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। सरकार के इस निर्णय को अभिभावक संघों के साथ ही विभिन्न शिक्षक संगठनों ने छात्रों के सर्वांगीण

विकास के लिए एक अहम कदम बताया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश के सभी विद्यालयों में बैग फ्री डे योजना लागू की जा रही है, जिसकी राज्य सरकार ने स्वीकृति देते हुए संपूर्ण शैक्षिक सत्र में कुल दस दिन बस्ता रहित दिवसों का संचालन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक माह अंतिम शनिवार का दिन नियत किया गया है। 'बैग फ्री डे' योजना उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-छह से कक्षा-12 तक लागू की जाएगी जबकि प्रदेश के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में यह योजना पहले से ही 'प्रतिभा दिवस' के तौर संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत भाषा, गणित विज्ञान, खेलकूद, कला एवं क्राफ्ट तथा श्रम के कार्य व व्यायाम, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अभिरूचि की गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इसी क्रम में राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा के आधार पर सभी प्रकार के विद्यालयों में वर्षभर में दस बस्ता रहित दिवसों के संचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

> विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेशभर के स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए
>
>
>
> राज्य सरकार ने एनईपी-2020 के मानकों के तहत माह में एक दिन 'बस्ता रहित दिवस' रखने का निर्णय लिया है। इस दिन छात्र-छात्रों को उनकी अभिरूचि के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने का मौका दिया जाएगा, ताकि वह पठन-पाठन के साथ-साथ अपनी अभिरूचि के विषयों में भी पारंगत हो सके।

इंडिगो ने हवाई किराए में की बढ़ोतरी लेगरूम के लिए 2000 रुपए तक चार्ज

एजेंसी, नई दिल्ली

चार जनवरी से प्रभावी फ्यूल शुल्क वापस लेने की घोषणा के बाद अब सीट चयन शुल्क में वृद्धि

इंडिगो एयरलाइन ने सीटों के लिए शुल्क बढ़ा दिया है। इंडिगो की उड़ानों में अधिक पैर रखने की जगह वाली आगे की सीटों के लिए (लेगरूम) यात्रियों को 2,000 रुपए तक खर्च करने होंगे।

इंडिगो ने 04 जनवरी, 2024 से प्रभावी फ्यूल शुल्क वापस लेने की घोषणा की थी, जिसके बाद हवाई यात्रा करने वाले लोगों ने राहत भरी सांस ली थी लेकिन अब सीट चयन शुल्क में वृद्धि कर दी है, जिससे सीट चयन के लिए सहायक शुल्क बढ़ गया है। इस कदम के परिणामस्वरूप कुछ सीटों की कीमत तत्काल प्रभाव से 2000 रुपए हो गई है।

पिछले सप्ताह के अंत में इसके बुकिंग इंजन पर शुल्क दिखना शुरू हो गया था और अब इसे इसकी वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है। एयरलाइन की वेबसाइट पर विभिन्न सेवाओं के लिए उल्लिखित शुल्क और शुल्क के अनुसार, 232 सीटों वाले ए321 विमान की अगली पंक्ति में खिड़की या गलियारे की सीट का चयन करने पर 2,000 रुपए का खर्च आएगा, जबकि बीच की सीट होने पर यह राशि 1500 रुपए होगी।

वर्ल्ड न्यूज

एनसीसी कैडेट्स के 'गार्ड ऑफ ऑनर' की समीक्षा करके मंत्रमुग्ध हुए सेना प्रमुख

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को दिल्ली कैंट में चल रहे गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा करके कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने सेना प्रमुख का स्वागत किया। एनसीसी के तीनों विंग यानी सेना, नौसेना, वायु सेना से आए कैडेट्स के 'गार्ड ऑफ ऑनर' की समीक्षा करके थल सेनाध्यक्ष मंत्रमुग्ध हुए। इसके पश्चात सिंधिया स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने शानदार बैंड का प्रदर्शन किया। इसके बाद जनरल मनोज पांडे ने एनसीसी कैडेट्स के सामाजिक जागरुकता विषयों और सांस्कृतिक गतिविधियों को दर्शाने वाले 'ध्वज क्षेत्र' का दौरा किया।

4.5 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार, जांच शुरु

उधमपुर। टिकरी पुलिस ने टिकरी-कटडा मार्ग पर एक व्यक्ति को 4.5 ग्राम हेरोइन(चिट्टा) जैसा प्रतिबंधित पदार्थ के साथ पकड़ा है। जानकारी अनुसार पीएसआई साहिल चिब के नेतृत्व में पुलिस पोस्ट टिकरी की पुलिस टीम ने लेहनू-कटरा रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति अंकुश मेहरा उर्फ अंकू पुत्र स्वर्गीय मदन लाल निवासी वार्ड नंबर दो, उधमपुर जिसे चेकिंग हेतु रुकने का निर्देश दिया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 4.5 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया।

पलवल में अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत, मुकदमा दर्ज

पलवल। पलवल में खेत में खेती करने जा रहे 45 वर्षीय किसान की वाहन की टक्कर से मौत हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। मृतक की पहचान चांदहट गांव निवासी देवराज के रुप में हुई है। पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चांदहट थाना प्रभारी दलवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली की चांदहट गांव में एक व्यक्ति का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है।

हल्द्वानी में खुलेगा कुमाऊं मंडल का पहला वाणिज्यिक न्यायालय

नैनीताल। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में पहली बार वाणिज्यिक न्यायालय खुलने जा रहा है। वाणिज्यिक न्यायालय, हल्द्वानी का अपर जिला न्यायाधीश नियुक्त कर दिया है। प्रदेश के राज्यपाल सेवानिवृत्त ले. जनरल गुरमीत सिंह ने नैनीताल जनपद के हल्द्वानी में खुलने जा रहे कुमाऊं मंडल के इस पहले वाणिज्यिक न्यायालय के लिए उत्तराखंड उच्च न्यायालय की संस्तुति से हल्द्वानी के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवर अमनिंदर सिंह को उनके वर्तमान दायित्व के अतिरिक्त वाणिज्यिक न्यायालय हल्द्वानी का अपर जिला न्यायाधीश नियुक्त कर दिया है।

सेंसेक्स 30 अंक बढ़कर 71,386 पर बंद, निफ्टी में भी दिखी तेजी

मुंबई। शेयर बाजार में मंगलवार को मामूली बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 30 अंक की तेजी के साथ 71,386 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 31 अंक की तेजी है, यह 21,544 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी देखने को मिली। ऑटो और आईटी शेयर्स में तेजी देखने को मिली है। जी एंटरटेनमेंट के शेयर में आठ प्रतिशत की गिरावट रही।

गणतंत्र दिवस समारोह में होंगी नौ झांकियां

दिल्ली से रिजेक्ट झांकी भी दिखाएगी पंजाब सरकार

एजेंसी, चंडीगढ़

जनवरी गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाली परेड से बाहर हुई पंजाब की झांकियों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान कहा इस गणतंत्र दिवस दिल्ली में होने वाली परेड से निकाली गई पंजाब की झांकी आगामी लोकसभा चुनाव तक राज्य की हर गली और मोहल्ले से होकर गुजरेगी। पहले चरण (पंजाब झांकी) में नौ टेबल तैयार की जा रही हैं। हालांकि, अगले चरण में इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

बता दें कि पंजाब सरकार ने पंजाब की झांकी को उसी अंदाज में परेड करने की योजना बनाई है, जिस अंदाज में गणतंत्र दिवस परेड में दिखाया गया था। इन्हें ट्रॉलियों पर ठीक से सजाया जाएगा। इसके

लोकसभा चुनाव तक हर गांव में ले जाने की तैयारी

बाद इन्हें हर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में ले जाया जाएगा। झांकी प्रत्येक गांव में 10 से 15 मिनट तक रुकेगी। उसके बाद इस झांकी को हर छोटे-बड़े शहर की हर गली, गांव-गांव में ले जाया जाएगा ताकि लोगों को बताया जा सके कि किस तरह से शहीदों की झांकी का अपमान किया गया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने तक यह झांकी पंजाब की झांकी में घूमती रहेगी। सभी के देखने के लिए दिल्ली के पंजाब भवन में एक झांकी का मॉडल भी प्रदर्शित किया जाएगा। झांकियां प्रदर्शित करने के लिए नौ ट्रैक्टर ट्रॉलियां तैयार की गई हैं, जिसके बाद उपायुक्त और स्थानीय विधायकों के सहयोग से इन झांकियों को पूरे पंजाब में प्रदर्शित किया जाएगा।

पता चला है कि पंजाब सरकार की योजना है कि दिल्ली के पंजाब भवन में एक झांकी लगाई जाएगी। दिल्ली के विधायकों को पंजाबी इलाकों में जाने की छूट होगी। पंजाब सरकार ने परेड के लिए तीन झांकियां तैयार कीं। इनमें पंजाब के शहीदों और बलिदानों की गाथा, नारी शक्ति माई भागो की झांकी और पंजाब की समृद्ध संस्कृति से जुड़ी झांकी शामिल थीं।

पंजाब सरकार ने 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को दी बड़ी राहत

चंडीगढ़। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 11वीं और 12वीं कक्षा के मेडिकल और नॉन-मेडिकल के चाहवान छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि अब वे विज्ञान और गणित विषय की पढ़ाई अपनी मातृभाषा पंजाबी में ही कर सकेंगे। अब तक मेडिकल और गैर-मेडिकल छात्र इन विषयों का अध्ययन केवल अंग्रेजी भाषा में करते थे, जिसके कारण गांवों से आने वाले अधिकांश सरकारी स्कूल से पढ़े होने वाले विद्यार्थी मेडिकल और नॉन-मेडिकल लेने से झिझकते थे। यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि लंबे समय से ये विषय केवल अंग्रेजी भाषा में पढ़ाए जा रहे थे और छात्र मांग कर रहे थे कि इन विषयों को पंजाबी में पढ़ने की अनुमति दी जाए।

विज्ञान और गणित विषय की पढ़ाई अपनी मातृभाषा पंजाबी में ही कर सकेंगे

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्रों की इस मांग को पूरा कर दिया है और अब अंग्रेजी और गणित विषयों की पाठ्यपुस्तकें पंजाबी माध्यम में छापने का फैसला किया है। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 23 पाठ्य-पुस्तकों के नए टाइटल छापने का का निर्णय लिया है।

फर्जी दस्तावेजों की बरामदगी समेत सात आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, जालंधर

जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने आपराधिक मामलों में फर्जी बेल बांड देने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आपराधिक मामलों में आरोपियों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी जमानत बांड देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राज्य में एक हाईप्रोफाइल गिरोह सक्रिय है जो आपराधिक मामलों में झूठी जमानत देकर आरोपियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि पुलिस स्टेशन भार्गव कैंप जालंधर में एफआईआर दर्ज किया गया था। स्वपन शर्मा ने बताया कि यह गिरोह न्यायालयों में फर्जी सिक्योरिटी के रूप में आईडी कार्ड, आधार कार्ड, स्टांप जैसे झूठे/फर्जी दस्तावेज जमा करता था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि गहन जांच के बाद पुलिस ने जगजीत सिंह उर्फ जग्गी पुत्र तरलोक सिंह निवासी फत्तू ढींगा जिला कपूरथला, रवि कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गाखला कॉलोनी जालंधर, पंकज राम उर्फ गंजू पुत्र स्व. गुरनाम दास निवासी चेराटा अमृतसर, गुरुमीत सिंह पुत्र इंदर सिंह निवासी चेराटा अमृतसर, सुखदेव कुमार पुत्र मोहन लाल शर्मा निवासी गाखला कॉलोनी जालंधर, राकेश कुमार पुत्र महेंद्र राम निवासी गाखला जालंधर और जालंधर निवासी जोधा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों के पास से 122 फर्जी आधार कार्ड, 41 फर्जी जिला कलेक्टर कार्ड/नंबरदार कार्ड, 15 तहसीलदार और नंबरदार की फर्जी मोहरें और 35 फर्द, एक कंप्यूटर, एक प्रिंटर और सात स्टांप पैड सहित बड़ी संख्या में जाली/जाली दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

स्वपन शर्मा ने कहा कि दोनों आरोपियों सुखदेव कुमार और राकेश कुमार का आपराधिक रिकॉर्ड है क्योंकि उनके खिलाफ कई केस दर्ज हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सुखदेव कुमार के खिलाफ पहले से ही सात एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि राकेश कुमार के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

जींद में पानीपत सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर दस बांग्लादेशी लोगों को काबू किया

जींद। गांव पाजू खुर्द में सीएम फ्लाइंग पानीपत तथा जींद यूनिट की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार

को दस बांग्लादेशियों को काबू किया है। पकड़े गए बांग्लादेशियों में दो महिलाएं तथा एक बच्चा भी शामिल है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़े गए सभी बांग्लादेशियों के खिलाफ फोरनर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि मजदूर ठेकेदार उन्हें लेकर आया था। खुद को पश्चिम बंगाल को बताकर गुमराह करने की कोशिश भी की गई, लेकिन दबाव देने पर बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार कर ली।

सीएम फ्लाइंग पानीपत को सूचना मिली थी कि गांव पाजूखुर्द के खेतों में ब्लीचिंग हाउस बनाया गया है, जिसमें पानीपत से कपड़े की कतरन लाकर उनकी रंगाई की जाती है, फिर वापस उसे पानीपत भेज दिया जाता है। ब्लीचिंग हाउस में लेबर के रूप में बांग्लादेशी कार्य कर रहे हैं, जिसके आधार पर पानीपत के सीएम फ्लाइंग के डीएसपी अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसमें जींद यूनिट के इंसपैक्टर राजदीप भी शामिल हुए। संयुक्त टीम ने पाजू खुर्द गांव के खेतों में बने ब्लीचिंग हाउस पर छापेमारी की तो वहां पर कुछ मजदूर कार्य करते हुए मिले। दस्तावेज मांगे जाने पर मजदूर भारतीय होने से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। न ही भारत में रहने से संबंधित दस्तावेज दिखा सके। पूछताछ में पकड़े गए लोगों की पहचान बंगला देश निवासी लेबर ठेकेदार सोहराब, उसकी पत्नी शैफाली, शरमीन, इशुब, अब्दुल अब्बास, आजाद अली, मौहम्मद रूबैल, दुलाल, आलम तथा एक चार वर्षीय बालिका के रूप में हुई है। थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि मामले की जांच हो रही है।

प्लॉट अलॉटमेंट लेटर जारी नहीं किया, कार्यकारी अधिकारी सस्पेंड

एजेंसी, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएम विंडो पर दर्ज प्लॉट के अलॉटमेंट लेटर समय पर जारी न करने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शहरी स्थानीय निकाय, भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मुख्यमंत्री के ओएसडी और मुख्यालय पर सीएम विंडो की निगरानी कर रहे भूपेश्वर दयाल ने कहा कि सरकार द्वारा जनता को सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन, कार्य में देरी करने को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में उपरोक्त कार्रवाई की गई है।

भूपेश्वर दयाल ने बताया कि अशोक कॉलोनी, भिवानी के निवासी शंकर द्वारा सीएम विंडो पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जिसमें बताया गया कि वर्ष 1985 में बोली के तहत उसने नगर परिषद्, भिवानी से एक प्लॉट खरीदा था। उसने प्लॉट के मूल्य की एक चौथाई राशि तथा सिक्योरिटी का पैसा जमा करवा दिया था। लेकिन नगर परिषद् द्वारा उसे आज तक प्लॉट का ऑलाटमेंट

मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

लेटर जारी नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रार्थी प्लॉट की बकाया राशि भरने के लिए तैयार है। लेकिन 12 मई, 2022, चार अगस्त, 17 नवंबर, 2022 तथा पांच अक्तूबर, 2023 को बार-बार रिमाइंडर जारी करने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही रिपोर्ट अपलोड नहीं की गई।

नगर परिषद् भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह बतौर प्रशासकीय कार्यभारी अधिकारी होने के कारण इस मामले में कार्यवाही करवाने की जिम्मेवारी उनकी बनती है। इसलिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मामले में की गई देरी के लिए जिम्मेवार शहरी स्थानीय निकाय, भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह को निलंबित कर दिया। साथ ही शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव को संबंधित मामले में कार्यवाही कर रिपोर्ट शीघ्रातिशीघ्र भिजवाने के भी निर्देश दिए हैं।

डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों के लिए बनाई 7.62×51 मिमी. की असॉल्ट राइफल 'उग्रम'

चार किलोग्राम से कम वजन वाली असॉल्ट राइफल आधा किमी. तक कर सकती है फायर

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए 7.62×51 मिमी. कैलिबर की स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' लॉन्च कर दी है, जिसकी प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। इन असॉल्ट राइफल को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस इकाइयों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

डीआरडीओ की पुणे स्थित लैब आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एआरडीई) ने हैदराबाद की द्विपा आर्मर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 7.62 × 51 मिमी. कैलिबर की एक अत्याधुनिक असॉल्ट राइफल विकसित की है। राइफल की प्रभावी रेंज 500 मीटर और इसका वजन चार किलोग्राम से कम है। राइफल का पहला ऑपरेशनल प्रोटोटाइप नाम 'उग्रम' दिया गया है, जिसका अर्थ है क्रूर। इस असॉल्ट राइफल का अनावरण सोमवार को पुणे में डीआरडीओ के आर्मामेंट और कॉम्बैट इंजीनियरिंग सिस्टम के महानिदेशक डॉ. शैलेंद्र वी गाडे के

ऊंचाई, रेगिस्तान सहित विभिन्न मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों में किया जाएगा परीक्षण

हाथों किया गया। इस परियोजना पर काम करने वाले एआरडीई के वैज्ञानिकों ने बताया कि राइफल को भारतीय सेना के जनरल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (जीएसक्यूआर) के आधार पर डिजाइन किया गया है। राइफल में 20 राउंड मैगजीन होती हैं और यह सिंगल और फुल ऑटो दोनों मोड में फायर करती है। इससे पहले दिसंबर में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए 7.62 × 51 मिमी. कैलिबर की 70 हजार यूएस-निर्मित सिग सॉयर असॉल्ट राइफल की खरीद को मंजूरी दी थी। इससे पहले 2020 की शुरुआत में 800 करोड़ रुपये से अधिक कीमत पर 72 हजार अमेरिकी सिग सॉयर असॉल्ट राइफलें खरीदी गईं थी। एआरडीई के निदेशक अंकथी राजू ने बताया कि यह दो साल पहले शुरू किया गया एक मिशन मोड प्रोजेक्ट था। राइफल की डिजाइन तैयार करने के बाद इसके विकास और निर्माण के लिए एक निजी उद्योग भागीदार की तलाश शुरू की। इसके लिए हैदराबाद स्थित द्विपा आर्मर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को चुना गया, जिसने इसके हार्डवेयर पर काम करना शुरू कर दिया। स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' को सशस्त्र बलों में शामिल करने से पहले कई आंतरिक, स्वीकृति और उपयोगकर्ता परीक्षणों से गुजरना होगा।

अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

(10 जनवरी, 2024)

विक्रमी संवत : 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि :** चतुर्दशी 08:13 रात्रि तक, **नक्षत्र :** मूल 07:40 रात्रि तक, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 12:28-01:46 दोपहर तक।

विशेष दिन

10 जनवरी 2024 : विश्व हिन्दी दिवस आज।

सूर्योदय : 07:15
सूर्यास्त : 05:41

मेष : आज संभावना है कि कोई आपके आसपास आपके विचार चुराकर अपने करियर में प्रगति करना चाहेगा। किसी से बात करते हुए सावधान रहें। आपको बड़ी गंभीरता से अपने हित के बारे में सोचना है।

वृषभ : अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की संभावना है। और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिल पाएंगे जिसके विचार आपसे मिलते हों।

मिथुन : आज परिवार और संतान के विषय में आपको आनंद के साथ-साथ संतोष का भी अनुभव होगा। व्यापार में धन की उगाही के लिए बाहर जाना पड़ेगा जो कि लाभप्रद रहेगा। दोस्त और घर वाले आपको प्यार और सहयोग देंगे।

कर्क : आज मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पड़ने की बजाय विवादों से दूर ही रहें। शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के लिए आज कष्ट का अनुभव होगा।

सिंह: आज आपमें एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। आरोग्य के विषय में सावधानी रखिएगा। शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। फिर भी मानसिकरूप से प्रसन्नता बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा।

कन्या : आज सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि कुछ लोग आपके रास्ते में बाधा बनने की कोशिश कर सकते हैं। आज आपको अपनी इस विशेषता के लिए खूब तारीफ मिलेगी। आपकी ऊंची बौद्धिक क्षमताएं आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी।

तुला : आज आपसे कोई मिलने आएगा। अपनी सेहत और आराम का खास ध्यान रखें। जल्द ही ऐसी वित्तीय स्थिति बन रही है जो आपके लिए फायदे का सौदा साबित होगी। आर्थिक रूप से भी आपको लाभ होगा।

वृष्चिक: आज दिनभर आनंद मन पर छाया रहेगा। अपने कार्य में व्यवस्थित रूप से आप आगे बढ़ा पाएंगे और योजना के अनुसार कार्य भी कर पाएंगे। आपको कुछ घटनाओं की तह तक जाना पड़ेगा।

धनु: आज आपकी भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण आपका जीवनसाथी खुद को दरकिनार महसूस कर सकता है। आपकी मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी और सौभाग्य आपकी तरफ आएगा।

मकर : आज आर्थिक कार्य आज सुखपूर्वक संपन्न होंगे। नकारात्मक विचारों से आप दूर रहिएगा। कार्य सफलता और प्रतिस्पर्धियों पर विजय मिलने से आपके मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। उच्च अधिकारी के साथ कार्य करते समय संभलकर रहें।

कुंभ : यात्रा करने के लिए अच्छा दिन है। प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद न करें। आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचाएंगी। वे उत्सुक हैं कि आपकी निजी और व्यावसायिक जिंदगी में क्या चल रहा है।

मीन : आज खरीददारी संबंधी किसी ऑफर या लाटरी खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। भाग्य आपके साथ है, इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा। स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ़ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है।

कठुआ में वंदे भारत ट्रेन नहीं रुकने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

एजेंसी, कठुआ

कांग्रेस पार्टी कठुआ इकाई ने कठुआ रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन ना रुकने के विरोध में केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह के खिलाफ रेलवे स्टेशन कठुआ का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज डोगरा सहित अन्य कार्याकताओं ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह पिछले दस सालों से कठुआ की आवाम के साथ झूठ बोल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बीते 30 दिसंबर से कठुआ में वंदे भारत का स्टाप होने की घोषणा की थी और रेलवे स्टेशन पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। केंद्रीय मंत्री 30 दिसंबर को वंदे भारत ट्रेन में बैठकर कठुआ पहुंचे थे और आवाम

को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। वहीं स्थानीय लोगों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया था। लेकिन 30 दिसंबर को मात्र दो मिनट के लिए वंदे भारत जरूर रुकी, लेकिन उसके बाद आज दस दिन से कोई भी वंदे भारत ट्रेन कठुआ स्टेशन पर नहीं रुकी। उन्होंने कहा कि जितेंद्र सिंह पिछले दस सालों में कठुआ की जनता के साथ झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं, लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं।

तनवीर ने सिविल इंजीनियर की नौकरी छोड़ बसाल में लगाया टफंड ग्लास उद्योग

तीन साथियों संग किया 20 करोड़ का निवेश, अब 40 लोगों को दिया रोजगार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

अब पढ़े-लिखे युवा स्वरोजगार अपनाकर दूसरों को भी रोजगार मुहैया करवा रहे हैं। यहां बात हो रही है युवा उद्यमी तनवीर ठाकुर की, जिन्होंने प्राइवेट सेक्टर में सिविल इंजीनियर की अच्छी नौकरी छोड़कर ऊना के बसाल में टफंड ग्लास का उद्योग स्थापित किया है। इसमें तनवीर को अपने दो साथियों राहुल सैनी और सुखविंद्र सिंह का साथ मिला है। तीनों ने मिलकर देवभूमि ग्लास यूनिट पर लगभग 20 करोड़ का निवेश किया है।

इस उद्योग में अत्याधुनिक मनीशनरी स्थापित की गई है। पिछले दो माह से उत्पादन शुरू हो गया है, जिससे टॉप क्वालिटी का टफंड ग्लास तैयार किया जा रहा है। मौजूदा समय में इस उद्योग में 40 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 80 प्रतिशत हिमाचली हैं।

युवा उद्यमी तनवीर ठाकुर अपने सहयोगी से चर्चा करते हुए।

मशीन में टफंड ग्लास तैयार करते हुए।

कैसे आया आइडिया

तनवीर बताते हैं कि वह प्राइवेट सेक्टर में सिविल इंजीनियर की जॉब करते थे। इस दौरान उन्हें स्वरोजगार शुरू करने की सोच, जिससे दूसरों को भी रोजगार मिल सके। इसके बाद उन्होंने अपने साथियों राहुल सैनी और सुखविंद्र सिंह से अपना आइडिया शेयर किया, जिस पर दोनों ने हामी भर दी। इसके बाद तीनों साथियों ने मिलकर टफंड ग्लास यूनिट स्थापित किया। तनवीर कहते हैं कि शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी के पीछे भागकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसकी बजाय उन्हें स्वरोजगार अपनाने की पहल करनी चाहिए।

सरकार से मिला सहयोग

तनवीर ने बताया कि उन्हें टफंड ग्लास यूनिट लगाने के लिए प्रदेश सरकार का सहयोग मिला है। इसके लिए इंडस्ट्री विभाग ने बसाल में 1000 वर्ग मीटर प्लॉट अलॉट किया है, साथ ही प्रदेश सरकार से साढ़े सात लाख की सबसिडी भी मिली है।

नजदीक नौकरी से हो रही बचत

लालसिंगी के नरेश कुमार, तलवाड़ा के विवेक शर्मा और परागपुर के प्रदीप राणा ने कहा कि इस उद्योग के खुलने से उन्हें और अन्य हिमाचलियों को घर के नजदीक रोजगार की सुविधा मिली है। नरेश खुद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा होल्डर हैं, जो पहले दिल्ली में नौकरी करते थे। जहां वेतन कम था, जो रहने और घर आने-जाने में खर्च हो जाता था। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं के प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से उन्हें घर के नजदीक ही अच्छे वेतन के साथ रोजगार मिला है। तलवाड़ा के विवेक शर्मा पिछले 13 वर्षों से ग्लास इंडस्ट्रीज में नौकरी करते आ रहे हैं। पहले वह जालंधर पंजाब में नौकरी करते थे। उन्होंने कहा कि दो माह पहले उन्हें उक्त उद्योग में नौकरी मिली है। परागपुर के प्रदीप राणा ने बताया कि पहले वह जालंधर में नौकरी करते थे, जहां प्रतिमाह 17 हजार वेतन मिलता था, जबकि इस उद्योग में उन्हें प्रतिमाह 20 हजार वेतन मिल रहा, जिससे जालंधर की तुलना में बचत भी हो रही है।

शिक्षित युवा आगे आएं

जॉइंट डायरेक्टर इंडस्ट्री अंशुल धीमान ने कहा कि शिक्षित युवा अपना उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आएं। खुद आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्यों को रोजगार उपलब्ध करवाएं। इसके लिए विभाग द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस उद्योग को एक हजार वर्ग मीटर का औद्योगिक प्लॉट विभाग ने 50 फीसदी सबसिडी पर दिया है। इसके अलावा उद्योग को सरकार की ओर से रियायती दरों पर बिजली व वस्तु एवं सेवा कर के 80 फीसदी हिस्से की वापसी के साथ अन्य प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

दो कर्मियों पर हेराफेरी का आरोप, अस्पताल की ऑनर ने दर्ज करवाई रिपोर्ट, मामला दर्ज

ऊना। ऊना के एक निजी अस्पताल के दो कर्मचारियों पर खातों में हेराफेरी करने और धन का दुरुपयोग करने का आरोप जड़ा है। इस संबंध में अस्पताल की ऑनर डॉ. अंजना शर्मा ने थाना सदर में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार मरीजों को दवाई बेचने के लिए अस्पताल की अपनी फार्मेसी इकाई है। इसके लिए अस्पताल में मंजीत कौर और रजत वर्मा को कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था, लेकिन दोनों कर्मचारियों ने खातों में हेराफेरी, धन का दुरुपयोग किया, साथ ही गलत रिकॉर्ड तैयार करके उन्हें वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। दोनों के विरुद्ध थाना सदर में शिकायत दी गई है। उधर, एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर रही है।

प्रो. चमन लाल बंगा भी जाएंगे अयोध्या, प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मिला न्योता

ऊना। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। कार्यक्रम के लिए ऊना जिला के रायपुर मैदान क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले एसोसिएट प्रो. चमन लाल बंगा को भी निमंत्रण मिला है, जो मौजूदा समय में प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला में कार्यरत हैं। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से कॉलेज स्तर से ही जुड़े रहे हैं। उधर, एसोसिएट प्रो. चमन लाल बंगा ने कहा कि उन्हें भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ स्थल ट्रस्ट की तरफ से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता मिला है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह गौरव की बात है।

प्रो. चमन लाल बंगा

श्री अयोध्या के अक्षत निमंत्रण का हटली के रिवाड़ में स्वागत, सजा श्रीराम दरबार

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा कि हटली पंचायत के गांव रिवाड़ में श्री अयोध्या आए निमंत्रण अक्षत का भव्य स्वागत हुआ और घर-घर कीर्तन दरबार सजा। श्रीराम नाटक क्लब हटली की महिला विंग की प्रधान ज्योति वर्जाता की अध्यक्षता में हटली के सुलतानू से होते हुए रिवाड़ तक दर्जनों घरों में निमंत्रण अक्षत का स्वागत हुआ। हे राजा राम तेरी आरती गाऊं के साथ कीर्तन दरबार सजा। गांववासियों ने बताया कि श्रीराम नाटक क्लब हटली को श्री अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण क्लब की महिला प्रधान ज्योति बर्जाता व दर्जनों महिलाओं के आशीर्वाद से हमारा निवास भी उस समय पवित्र हुआ।

74 करोड़ से बनेगी बीत एरिया सिंचाई योजना, प्लान तैयार

उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री बोले- हर खेत को मिलेगा सिंचाई का पानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो,ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में बीत एरिया सिंचाई योजना के चरण-2 पर 74 करोड़ की लागत आएगी। इसके लिए विस्तृत प्लान तैयार कर लिया गया है। इसकी जल्द स्वीकृति लेकर तय समयावधि में पूरा किया जाएगा, जिससे बीत एरिया के हर खेत को सिंचाई के लिए पानी मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस योजना के पहले चरण में बाथू से पानी उठाकर शुरू किया गया। 20 करोड़ रुपए इस योजना की पाइपों को बदलने का काम किया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण को बीत क्षेत्र की धरती पर ही शुरू किया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हर घर, हर खेत को पानी हमारा लक्ष्य रहा है। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। बीत एरिया जिसे कभी पथरीली भूमि कहा जाता था और पानी का अकाल रहता था। उस क्षेत्र को पानी की सुविधा से जोड़कर आगे बढ़ने का काम जनता के आशीर्वाद से हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में 46 करोड़ रुपए से सिंचाई योजना बनाई गई है, इसका क्षेत्र के गांवों को जल्द लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र में दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट पंडोगा-त्यूड़ी पुल है, जो हमारी घोषणा और वादा रहा है। इसको पूरा करने के लिए हरसंभव कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा। यह पुल हरोली के विकास में नया मील पत्थर होगा। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण को लेकर लोग उत्साहित हैं और इससे दो क्षेत्रों की दूरी कम होगी।

हरोली-रामपुर पुल बनेगा आकर्षण का केंद्र

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली-रामपुर पुल लगातार आकर्षण का केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे असामाजिक तत्व कोई गतिविधि न कर सके। पुल पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। पेयजल के लिए स्थान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस पुल पर जल्द ही तिरंगा झंडा स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुल के नजदीक जल शक्ति विभाग के सुपरीटेंडेंट इंजीनियर का कार्यालय बनेगा। इसके अलावा ट्रैफिक पार्क और रेस्ट हाउस भी बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान बनाने की योजना है। अन्य काम इस पुल के आसपास किए जाएंगे और हिमाचल का यह सबसे लंबा पुल जनता के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

अग्निहोत्री की चिट्टा माफिया को दो-टूक, हिमाचल छोड़ दो

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा एजेंडा विकास है। हम विकास को आगे बढ़ते हुए जनता के हित की बात करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता को हर सुविधा देना हमारा धर्म है। उन्होंने चिट्टा माफिया को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वह हिमाचल छोड़ दे। उन्होंने कहा कि देवभूमि में चिट्टा माफिया के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें लगातार युवाओं को बचाना है। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक ड्रग की चपेट में देवभूमि न आए, इसके लिए प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सख्त से सख्त कदम उठाएंगे।

उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री आज हरोली में

- विधानसभा क्षेत्र में कई योजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास
- हरोली से शिमला वाया नंगल-कीरतपुर बस सेवा को दिखाएंगे हरी झंडी

ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 10 जनवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुकेश अग्निहोत्री सुबह 10 बजे गोंदपुर में लालूवा-गोंदपुर रोड पर निर्मित रेन शेल्टर, सुबह साढ़े 10 बजे पुलिस स्टेशन टाहलीवाल, सुबह 11 बजे बीटन कॉलेज में नई कैंटीन, सुबह साढ़े 11 बजे पूवोबाल में जलापूर्ति योजना के ऑग्मेंटेशन वर्क का लोकार्पण करेंगे। सुबह पौने 12 बजे पूवोबाल में आईटीआई भवन और दोहपर सवा 12 बजे सामुदायिक केंद्र हीरां का लोकार्पण करेंगे।

उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री दोपहर पौने तीन बजे हरोली से शिमला वाया नंगल-कीरतपुर फोरलेन मंडी भराड़ी एम्स (बिलासपुर-भरतगढ़) के रास्ते चलने वाली एचआरटीसी की नई बस सेवा को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इसके बाद शाम सवा तीन बजे पंडोगा में नवनिर्मित आईटीआई भवन और शाम पौने चार बजे भदसाली ट्यूबवैल का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि शाम साढ़े चार बजे ऊना में जल शक्ति विभाग सर्कल कार्यालय भवन की आधारशिला रखेंगे।

हटली स्कूल में पहुंचे थाना प्रभारी अनिल कुमार, एनएसएस यूनिट को बताए नशे के दुष्प्रभाव

18 वर्ष से कम आयु वाले स्टूडेंट्स न चलाएं वाहन

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में चल रहे एनएसएस कैंप के चौथे दिन थाना प्रभारी बंगाणा अनिल कुमार ने शिरकत करके एनएसएस यूनिट को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया और नशे के दलदल से दूर रहने का आह्वान किया।

थाना प्रभारी अनिल ने कहा कि राज्य सरकार समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जोर-शोर से हर मंडल हर स्कूल में कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक कर रही है, लेकिन फिर बाहरी राज्यों से नशे के सौदागर हिमाचल आकर समाज को नशे के दलदल में धकेलने का काम कर रहे हैं। हमें इससे सचेत रहना होगा, क्योंकि नशा एक धीमा जहर है, जिससे युवा नशे के दलदल में चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा हमारे समाज का भविष्य है और भविष्य को खूबसूरत बनाना और उसे संजोकर रखना हमारा कर्त्तव्य है। इसलिए नशे का त्याग करके पढ़ाई के साथ खेलों को चुनें। जीवन को सार्थक करें। उन्होंने कहा कि आजकल बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों को दोपहिया वाहन खरीद कर दे रहे हैं और 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे दो पहिया वाहनों को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, जो कि कानूनी अपराध है। सरकार ने 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर ड्राइवर लाइसेंस बनाने के लिए आयु निर्धारित की है, इसलिए 18 वर्ष से कम आयु वाले युवा खुद ही गाड़ी न चलाएं। घर पर माता-पिता को भी दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इस मौके पर प्रिंसीपल भूपेंद्र ठाकुर, एनएसएस प्रभारी व प्रवक्ता सुशील शर्मा ने थाना प्रभारी को समानित भी किया। इस मौके ओर स्कूल स्टाफ और अन्य गणमान्य लोग उपसिथित रहे।

टिकट बुकिंग की स्थिति स्पष्ट नहीं

अंब-अंदौरा से अयोध्या के लिए सात फरवरी को चलनी है स्पेशल ट्रेन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

अंब-अंदौरा से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन की टिकट बुकिंग को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इसके लिए बुकिंग के लिए पेसेंजर्स भी असमंजस में हैं। स्पेशल ट्रेन की न तो रेलवे स्टेशन के काउंटर पर रिजर्वेशन हो पा रही है, क्योंकि इसका शेडयूल अभी रेलवे के सिस्टम पर भी अपलोड नहीं हुआ है। इसके अलावा न ही आईआरसीटीसी के वेबसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग हो पा रही है। स्पेशल ट्रेन की बुकिंग कब से शुरू होगी, इसको लेकर भी अयोध्या जाने के इच्छुक लोगों को कोई अधिकृत जानकारी नहीं मिल पा रही है। हालांकि कई लोग ऊना और अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन में इस स्पेशल ट्रेन की टिकट बुकिंग के लिए आ रहे हैं, लेकिन उन लोगों को बिना टिकट बुकिंग के ही जाना पड़ रहा है। इस संबंध में ऊना रेलवे स्टेशन के अधिकारी भी कोई जानकारी होने से मना कर रहे हैं।

बताते चलें कि अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जानी हैं। उनमें एक स्पेशल ट्रेन अंब-अंदौरा से अयोध्या की भी शामिल है, जिसे सात फरवरी से अंब-अंदौरा से चलने की पहले जानकारी आई थी। नौ फरवरी को वापस अयोध्या से अंब-अंदौरा के लिए रवाना होने की बात कही गई थी, लेकिन अभी उत्तरी रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेन का कोई नंबर तक जारी नहीं हुआ है। इस वजह से अभी टिकट बुकिंग को लेकर असमंजस बना हुआ है।

पलटवार कुटलैहड़ से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा हूं, चुनाव, भाजपा में जाने का प्रश्न ही नहीं उठता, हार की बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रही भाजपा

एक वर्ष बाद भी हार को नहीं भुला पाए हैं पूर्व मंत्री : भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री एक वर्ष पूर्ण होने पर भी हार नहीं पचा पा रहे हैं और आए दिन जनता को गुमराह करने और अपनी पैरों तले राजनीतिक जमीन खिसकती देख बौखला गए हैं।

भुट्टो ने विधायक के भाजपा में आने की छलांग पर बंगाणा रेस्ट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि कुटलैहड़ से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा हूं, चुनाव, भाजपा में जाने का प्रश्न ही नहीं उठता है, मुझे कांग्रेस ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र से टिकट दिया था। कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता ने मुझे विधायक बनाया है। अब पूर्व मंत्री को यह ज्ञात हो गया है। कि कुटलैहड़ की जनता ने मुझे आठ हजार मतों से हराया है, इसलिए मुझे टिकट के लाले पड़ेंगे। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कभी दर्जनों कांग्रेस के टिकटार्थी हुआ करते थे, लेकिन अब कुटलैहड़ में वही कंडीशन भाजपा में होने वाली है। कुटलैहड़ के कुछ भाजपा नेता टिकट की चाह में दिल्ली दरबार भी पहुंच रहे हैं। पूर्व मंत्री को यह ज्ञात हो गया है कि कुटलैहड़ से अब भाजपा का नया टिकटार्थी होगा। एक तरफ हार, दूसरी तरफ टिकट कटना पूर्व मंत्री की बौखलाना सौभाविक है।

भुट्टो ने कहा कि हम एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड उस जनता के बीच रखेंगे, जिन्होंने 32 वर्षों बाद कुटलैहड़ से कांग्रेस को जताया है। कुटलैहड़ से मामा-भांजा सरकार को बर्खास्त किया है। भुट्टो ने कहा कि बीते पांच वर्षों में कुटलैहड़ में क्या-क्या हुआ है और कैसे 10 से 15 लाख बीड़ीसी खाते से निकाल कर चेहतों को सैर-सपाटे करवाए हैं, इसकी भी जांच होगी।

विधायक के भाजपा में आने की छलांग के बयान पर बंगाणा रेस्ट हाउस में मीडिया से बात करते हुए विधायक देवेंद्र भुट्टो।

विधायक भुट्टो ने बंगाणा में करीब 67 लाख के राहत राशि के चेक बांटे

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा मुख्यालय पर पशुपालन विभाग द्वारा नमसा परियोजना के तहत कार्यक्रम किया गया, जिसमें कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कार्यक्रम में 66 लाख 97 हजार 903 रुपए के चेक किसानों व जनता को वितरण किए। 72 परिवारों को सीएम राहत कोष से आर्थिक सहायता, हटली स्कूल की 19 गरीबी रेखा से नीचे रहित स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए निजी आय से नकद राशि, 16 परिवारों को आवास योजना के तहत हर परिवार को 1,75 हजार का चेक 13 परिवारों को वेल्फेयर द्वारा आर्थिक सहायता के चेक खंड विकास बंगाणा द्वारा 97 परिवारों को आर्थिक चेक, इस के अलावा नमसा के चेक व दवाइयां वितरण की। इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग बंगाणा द्वारा विधायक देवेंद्र कुमार भुटटो को समानित भी किया गया। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, एसबीओ डॉ. सतिंदर ठाकुर, डॉ. राजेश जंगा, डॉण अभिनव राणा, फार्मासिस बलबीर सिंह, नरेश कुमार, केशवानंद शर्मा, नंदलाल, राज कुमार, डिंपल ठाकुर, सुरेश कुमार, बिरेंद्र ठाकुर, सुभाष चंद, नमसा परियोजना के अध्यक्ष सुदर्शन शर्मा, कुलदीप शर्मा, पूर्व सिंह राणा, प्रकाश चंद जमासनी, ज्ञान चंद शर्मा, प्रधान महिंद्र सिंह राणा, यूवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर, दलजीत शर्मा, मौजी राम जसाना मौजूद रहे।

डॉ. सतिंद्र व उनकी पूरी टीम कर रही बेहतर कार्य

भुट्टो ने कहा कि बंगाणा उपमंडल के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. सतिंद्र ठाकुर व उनकी पूरी टीम बेहतर कार्य कर रही है। थानखास कौ सेंचुरी में गौमाता के घास एवं अन्य समस्याओं को पुख्ता से समाधान कर रही है। उसके लिए डॉ. सतिंद्र ठाकुर बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग बंगाणा को जब भी हमारी जरूरत होगी या किसी धनराशि की आवश्यता होगी। हम से डॉ. सतिंद्र संपर्क करें। हम तुरंत उस समस्या का समाधान करवाएंगे। ज्ञात रहे उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी थानखास कौ सेंचुरी में गौमाता की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं।

मौसम की बेरुखी से हिमाचल में सूखे जैसे हालात

हिमाचल में इस बार भी मौसम दगा दे गया। पिछले साल भी कुछ ऐसा ही हुआ था। वैसे 2004 के बाद से प्रदेश में इसी तरह के हालात बने हुए हैं। 2007 में जनवरी माह में माइन्स 99 प्रतिशत बारिश हुई थी, लेकिन इस साल जनवरी माह में अभी तक न तो बर्फ पड़ी और न ही बारिश हुई है। ड्राई स्पैल कुछ ज्यादा ही खिंच गया। मौसम की बेरुखी से हिमाचल में सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। जनवरी में आने वाले दिनों में भी बारिश और बर्फबारी की संभावना न के बराबर है। इस हिसाब से प्रदेश भयंकर सूखे की चपेट में आ सकता है। फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और पानी का संकट भी पैदा हो जाएगा। सर्दियों में बर्फबारी भरपूर मात्रा में हो जाती थी जिस वजह से गर्मियों में पानी की दिक्कत नहीं रहती थी, लेकिन इस बार हालात बदल गए हैं। किसानों को खेतों में सिंचाई करने के लिए पानी नहीं मिल रहा। सेहत के लिहाज से भी यह शुष्क मौसम ठीक नहीं है। शुष्क हवा में सांस लेने से सांस संबंधी बीमारियां हो सकती हैं और कुछ मामलों में अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सामान्य सर्दी, फ्लू और यहां तक कि नाक से खून आने की समस्या भी हो सकती है। हम सब सांस नाक से लेते हैं। ठंडी, शुष्क हवा हमारी नाक के अंदरूनी हिस्से को शुष्क और परेशान कर सकती है। ठंडी हवा शुष्क होती है, क्योंकि इसमें गर्म हवा की तुलना में कम नमी होती है। सर्दियों में आर्द्रता कम होती है जिससे आपके शरीर की कोई भी नमी जल्दी से वाष्पित हो जाती है। नतीजतन आपकी त्वचा शुष्क हो जाती है। मौसम के बिगड़े हालातों के लिए ग्लोबल पैटर्न भी जिम्मेदार है। जनवरी में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की बहुत कम संभावना है। सर्दियों के मौसम में बर्फबारी के लिए अटलांटिक सागर से हवाएं आती हैं। उत्तरी ध्रुव की ओर से ठंडी और भूमध्य सागरीय क्षेत्र की ओर से गर्म हवा आने पर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होता है। इस बार उत्तरी ध्रुव में हवा बेहद कम है और कम दबाव का क्षेत्रफल भी हावी है। कम दबाव के क्षेत्रफल के हावी रहने की वजह से हवाएं आगे की तरफ नहीं आ रही हैं। इसी वजह से प्रशांत सागर में भी तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। बर्फबारी मानसून का एक कारक है। मानसून सीजन के दौरान बारिश अधिक या कम होने को लेकर अभी संभावना जताना जल्दबाजी होगी। लगता है हिमाचल की खूबसूरती को किसी की नजर लग गई है क्योंकि जहां जनवरी महीने में बर्फबारी होती थी वहां अब सूखा पड़ा है। इसकी वजह ग्लोबल वार्मिंग भी है। धरती का तापमान पहले के मुकाबले एक जैसा नहीं रहा है। गाड़ियों की बेतहाशा वृद्धि से धुआं निकलता है जो वातावरण को गर्म कर दे रहा है। इसके अलावा गैसों के उत्सर्जन से भी ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इन कारकों का फर्क मौसम पर पड़ रहा है। क्या जनवरी के महीने में बर्फबारी नहीं होगी? क्या इस बार पिछले 20 सालों के रिकॉर्ड टूट जाएंगे? क्या प्रदेश में एक बार फिर से पानी की कमी हो जाएगी? यह सवाल इसलिए उठ रहे हैं, क्योंकि इस बार भी हिमाचल में पिछले साल की तरह स्थिति बन रही है। मौसम विभाग की मानें तो हिमाचल में बारिश और बर्फबारी न होने से प्रदेश में सूखा पड़ा हुआ है।

शांघड़ में माना जाता है देवता शंगचूल का कानून

लेखक
जितेंद्र कुमार सेठी, बंजार कुल्लू
ठाकुर दीक्षित धलारिया संधोल, मंडी

शांघड़ का इतिहास काफी प्राचीन है, कई प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में इस स्थान का वर्णन मिलता है। यहां देवता शंगचूल महादेव का प्राचीन मंदिर है, जिनका इतिहास तथ्यों से भरपूर रहा है। एक जनश्रुति के अनुसार देवता शंगचूल महादेव हिमालय का भ्रमण करते हुए जब इस स्थान पर पहुंचे, तो वह यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने यहीं रहने का निश्चय किया। शंगचूल महादेव को स्थानीय बोली में देओ शांघडू नाम से जाना जाता है।

इस स्थान पर देवता शंगचूल महादेव के कुछ अपने कानून चलते हैं। उदाहरण स्वरूप जैसे यहां स्थित 128 बीघा का विशाल घास का मैदान है, जहां कोई भी पुलिस कर्मी वर्दी पहनकर प्रवेश नहीं कर सकता है, यदि कोई अपराधी बाहर से आकर इस क्षेत्र में आ जाए, तो पुलिस अमुक व्यक्ति को हथकड़ी नहीं पहना सकती है। ऐसा भी कहा जाता है कि यदि कोई प्रेमी जोड़ा भागकर देवता शंगचूल महादेव जी के स्थान पर आ जाए, तो उनकी इच्छा के बगैर उनके माता-पिता उन्हें वापस नहीं ले जा सकते हैं। उनकी सुरक्षा देवता अपने पुजारियों के माध्यम से करते हैं।

हिमाचल प्रदेश एक ऐसा राज्य जो विश्व पटल पर देव संस्कृति व सुंदर प्राकृतिक वादियों के लिए विश्व विख्यात है। देवताओं की भूमि कहे जाने वाले हिमाचल के कुल्लू जिले की सैंज घाटी में स्थित एक प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल शांघड़ है। यह समुद्र तल से लगभग 7000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह स्थान देव आस्था का प्राचीन समय से एक प्रमुख केंद्र रहा है। खूबसूरती ऐसी मानो ईश्वर ने स्वयं इस स्थल का निर्माण किया हो। इसकी खूबसूरती मशहूर पर्यटन स्थल खजियार से कम नहीं है। यह क्षेत्र देवदार के घने जंगलों से घिरा हुआ है, जो इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। इसके अलावा शांघड़ देशभर में यहां विद्यमान जैव विविधता के लिए भी जाना जाता है। पर्यटन की दृष्टि से आज के समय में यह क्षेत्र अति महत्वपूर्ण है।

यहां प्रसिद्ध शंगचूल महादेव का भव्य मंदिर स्थित है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह प्राचीन मंदिर कुछ वर्षों पूर्व आग लगने से क्षतिग्रस्त हो गया था, परंतु अब इसका पुनर्निर्माण कर लिया गया है। यह मंदिर अपनी काष्ठ कला के लिए प्रदेशभर में विख्यात है। इसके अलावा यहां 128 हेक्टेयर भूमि में फैला हुआ घास का मैदान है, जो हर साल हजारों की संख्या में सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। शांघड़ का क्षेत्र ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क के अंतर्गत आता है, जिसे यूनेस्को ने साल 2014 में विश्व विरासत सूची में शामिल किया था।

शांघड़ का इतिहास काफी प्राचीन है, कई प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में इस स्थान का वर्णन मिलता है। यहां देवता शंगचूल महादेव का प्राचीन मंदिर है, जिनका इतिहास तथ्यों से भरपूर रहा है। एक जनश्रुति के अनुसार देवता शंगचूल महादेव हिमालय का भ्रमण करते हुए जब इस स्थान पर पहुंचे, तो वह यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने यहीं रहने का निश्चय किया। शंगचूल महादेव को स्थानीय बोली में देओ शांघडू नाम से जाना जाता है। इस स्थान पर देवता शंगचूल महादेव के कुछ अपने कानून चलते हैं। उदाहरण स्वरूप जैसे यहां स्थित 128 बीघा का विशाल घास का मैदान है, जहां कोई भी पुलिस कर्मी वर्दी पहनकर प्रवेश नहीं कर सकता है, यदि कोई अपराधी बाहर से आकर इस क्षेत्र में आ जाए, तो पुलिस अमुक व्यक्ति को हथकड़ी नहीं पहना सकती है। ऐसा भी कहा जाता है कि यदि कोई प्रेमी जोड़ा भागकर देवता शंगचूल महादेव जी के स्थान पर आ जाए, तो उनकी इच्छा के बगैर

उनके माता-पिता उन्हें वापस नहीं ले जा सकते हैं। उनकी सुरक्षा देवता अपने पुजारियों के माध्यम से करते हैं। देवता के इस पवित्र स्थान पर मदिरापान, ऊंची आवाज में चिल्लाना और स्पीकर आदि बजाना पूर्ण रूप से वर्जित हैं। उल्लंघन करने वालों पर मंदिर कमेटी की ओर से जुर्माना लगाया जाता है।

इस मैदान में आपको एक भी पत्थर का टुकड़ा प्राप्त नहीं होगा। इस बारे में लोगों का कहना है कि महाभारत काल में अज्ञातवास के दौरान पांडव यहां आए थे। उन्होंने धान उगाने के लिए यहां मिट्टी को छाना था। इस मैदान के चारों तरफ पत्थर की शिलाएं पांडवों ने ही खड़ी की थीं, ताकि कोई दानववृत्ति इस मैदान में कदम न रख सके। स्थानीय लोगों के अनुसार जब पांडव अज्ञातवास के दौरान इस गांव में आए, तो कौरव भी उनका पीछा करते हुए यहां पहुंच गए। तब शंगचूल महादेव ने कौरवों को रोका और कहा कि पांडव अभी मेरे क्षेत्र में हैं और जो भी मेरी शरण में आएगा, उसका कोई कु छ नहीं बिगाड़ सकता। इसके बाद कौरव वहां से लौट गए, तबसे आज तक समाज का ठुकराया हुआ कोई भी व्यक्ति यदि इस मंदिर में आ जाता है, तो उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। प्राचीन समय में शांघड़ का यह क्षेत्र कुल्लू के राजा के अधीन था। 15वीं शताब्दी में राजा बहादुर सिंह ने 285 बीघे का यह विशाल क्षेत्र मुआफी के तौर पर देवता शंगचूल महादेव को भेंट किया था। देवता ने अपनी दैनिक पूजा के लिए निरमंड गांव से ब्राह्मण पुजारी को यहां बसाया था। 285 बीघे में से आधे से अधिक भूमि पुजारी और पूजा में लोक वाद्ययंत्र बजाने वाले वादकों को खेती करने के लिए दे दी। गांव के लगभग सभी लोग इसी मैदान में अपनी गउओं को चराने लाते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य तथा देव संस्कृति पर अटूट आस्था इस क्षेत्र की प्रसिद्धि का प्रमुख कारण रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह मैदान हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है, जिससे क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के कई नए अवसर खुल चुके हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति का अनूठा संगम शांघड़ सांस्कृतिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र है। इस क्षेत्र को यदि हिमाचल का गुलमर्ग भी कहा जाए, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। देवभूमि के इस गुलमर्ग पर पहुंचने के लिए मंडी जिला मुख्यालय से पंडोह, हनोगी मार्ग से लारजी सुरंग के तक पहुंचना होगा। उसके बाद वहां से दाएं मार्ग से होकर लारजी पहुंचना होगा। लारजी से सैंज घाटी होते हुए लगभग 29 किलोमीटर के बाद न्यूली नामक छोटे से गांव पड़ता है, जहां से घाटी के इस स्वर्ग की दूरी लगभग 15 किलोमीटर रहती है। आप यहां पहुंचकर खूबसूरत वादियों का आनंद पा सकते हैं।

आपकी कविता, आपकी आवाज

एक किताब

एक किताब दशकों से मन के ताखों पर थी पड़ी
समय की धूल से जिल्द जिसकी थी भरी
वो कौन है जो मेरे मन के ताखों को टटोलता है
मुझसे छुपा मेरी किताब देखो कैसे वो खोलता है।
अरे नहीं कहीं वो मेरी किताब पा ना ले
उसकी हल्की-सी फूंक, धूल जिल्द की उड़ा ना ले
वो कौन है जो किताब की कहानियों को हौले-हौले बांचता है
वो कौन है जो दर्द भरे मेरी नज़्म को सामने मेरे गैरों से बांटता है
वो कौन है छुप के हल्की रोशनी में किस्सों को बुदबुदा रहा
वो कौन है जो गीत मेरे यूं ही गुनगुना रहा
सब धुंधला सा है या धूमिल सा होता जा रहा
स्पष्ट कुछ भी नहीं फिर भी मन में गूंजता ही जा रहा
मैं गौर से जब मन के ताखों को देखता हूं
वो कौन था, वो कौन था, खुद से यह मैं पूछता हूं
बनते-बिगड़ते बुलबुलों से विचार मरते-लेते जन्म
वो मैं था ? शायद मन था या मेरा वहम ?



कवि
ऋषि ठाकुर
शाहपुर
जिला कांगड़ा

प्रेरक कथा

गुजरा हुआ वक्त दोबारा नहीं आता

एक व्यक्ति के बारे में मशहूर हो गया कि उसका चेहरा बहुत मनहूस है। लोगों ने उसके मनहूस होने की शिकायत राजा से की। राजा ने लोगों की इस धारणा पर विश्वास नहीं किया, लेकिन इस बात की जांच खुद करने का फैसला किया। राजा ने उस व्यक्ति को बुला कर अपने महल में रखा और एक सुबह स्वयं उसका मुख देखने पहुंचा। संयोग से व्यस्तता के कारण उस दिन राजा भोजन नहीं कर सका। वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उस व्यक्ति का चेहरा सचमुच मनहूस है। उसने जल्लाद को बुलाकर उस व्यक्ति को मृत्यु दंड देने का हुक्म सुना दिया।

मंत्री ने जब राजा का यह हुक्म सुना तो उसने पूछा, महाराज! इस निर्दोष को क्यों मृत्युदंड दे रहे हैं? राजा ने कहा, हे मंत्री! यह व्यक्ति वास्तव में मनहूस है। आज सर्वप्रथम मैंने इसका मुख देखा तो मुझे दिन भर भोजन भी नसीब नहीं हुआ। इस पर मंत्री ने कहा, महाराज क्षमा करें, प्रात: इस व्यक्ति ने भी सर्वप्रथम आपका मुख देखा। आपको तो भोजन नहीं मिला, लेकिन आपके मुखदर्शन से तो इसे मृत्युदंड मिल रहा है। अब आप स्वयं निर्णय करें कि कौन अधिक मनहूस है। राजा अचंभित रह गया क्योंकि उसने इस दृष्टि से तो सोचा ही नहीं था। राजा को हक्का-बक्का देख कर मंत्री ने कहा, राजन! किसी भी व्यक्ति का चेहरा मनहूस नहीं होता। वह तो भगवान की देन है। मनहूसियत हमारे देखने या सोचने के ढंग में होती है। आप कृपा कर इस व्यक्ति को मुक्त कर दें। राजा ने उसे मुक्त कर दिया। मंत्री के उसे सही सलाह मिली और राजा की आंखें खुल गईं।

आखिर गूगल ने भी माना हिंदी का लोहा

आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय आज भले ही अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किंतु सच यही है कि हिंदी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिंदी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है।

वैश्विक स्तर पर हिंदी की बढ़ती ताकत का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिंदी बोलते हैं और दुनियाभर के सैकड़ों विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। दुनियाभर में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' द्वारा जब हिंदी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो

लेखक
योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तकनीकी रूप से हिंदी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिंदी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिंदी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिंदी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिंदी में अपनी 'ऐप' लेकर आ रही हैं।

विश्वभर में 75 करोड़ से भी ज्यादा लोग हिंदी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिंदी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिंदी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

माना जा रहा है कि देश में हिंदी में इंटरनेट उपयोग करने वालों की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिंदी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर 14 करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिंदी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिंदी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिंदी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिंदी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिंदी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

तकनीकी रूप से हिंदी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिंदी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिंदी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिंदी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिंदी में ही अपनी 'ऐप' लेकर आ रही हैं। हिंदी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिंदी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिंदी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिंदी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिंदी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी।

भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिंदी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैकड़ों देशों में हिंदी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगर भारतीय परिवेश में हिंदी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिंदी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं। लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि हिंदी उनकी राजभाषा है, जिसका सम्मान और प्रचार-प्रसार करना उनका कर्तव्य है और जब तक सभी लोग इसका उपयोग नहीं करेंगे, इस भाषा का विकास नहीं होगा। उन्हें यह अहसास कराए जाने का भी प्रयास किया जाना चाहिए कि भले ही दुनिया में अंग्रेजी भाषा का सिक्का चलता हो लेकिन हिंदी अब अंग्रेजी भाषा से ज्यादा पीछे नहीं है।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी की ओर भी हो विशेष ध्यान



ब्लॉगर

लेखक
मुमुक्षु के ठाकुर
स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार, मोहल्ला ओबड़ी, चंबा

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

इन दिनों, अभी तो और भी ज्यादा जरूरी हो गया है कि अन्य चिकित्सा-पद्धतियों के साथ ही इलेक्ट्रो होम्योपैथी भी सारे समाज और संपूर्ण देश की और भी ज्यादा सक्षम ढंग से सेवा करे। आम तौर पर लगभग उपेक्षा से पीड़ित इलेक्ट्रो होम्योपैथी, कोरोना और कोरोना के विविध विषाणु (वेरिएन्ट्स) की रोकथाम व कुछ इलाज में भी एक विशेष भूमिका निभा सकती है। ऐसे में हमारे प्यारे भारत देश में लाखों लोगों का शुभ और कल्याण होने की बहुत बड़ी संभावना हो जाती है। भारत सरकार, राज्य सरकारों और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से निवेदन किया जा सकता है कि निरंतर, स्पष्ट, संपूर्ण मान्यता देने के साथ ही चिकित्सा की विशिष्ट पद्धति 'इलेक्ट्रो होमियोपैथी' को भी विशिष्ट सुविधा तथा सहयोग प्रदान करना बहुत आवश्यक होना चाहिए। विशेषकर तब, जब इस चिकित्सा पद्धति के विश्व स्तरीय विद्वान और डॉक्टर भी ये दावा और घोषणा करते हैं कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी में लगभग सौ प्रतिशत प्राकृतिक दवाइयों और विधियों से इलाज किया जाता है और इसके कोई अप्रिय अतिरिक्त प्रभाव (साइड इफेक्ट) नहीं होते हैं। इस विशिष्ट चिकित्सा पद्धति से हजारों लोग लाभान्वित तथा स्वस्थ भी हुए हैं। प्रदेश, देश व समस्त विश्व में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी के माध्यम से इलाज करवाना अपेक्षाकृत काफी ज यादा सस्ता भी रहता है। मानव सेवा परमो धर्म सूत्रवाक्य को रखने, मानने वाली इस विशिष्ट चिकित्सा पद्धति के प्रति ज यादालापरवाह और उदासीन होना उचित नहीं माना जा सकता। कदाचित आदर्श मानवसेवा के प्रयास में सदैव तत्पर प्रतीत होने वाली इलेक्ट्रो होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति को भी सभी सरकारों और संबंधित प्राधिकार द्वारा अवश्य ही हरसंभव सुविधाएं और आर्थिक सहयोग निरंतर ही प्रदान करते रहने अनिवार्य हो सकता है।

आपका पत्र

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आम जन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह लावारिस मवेशी घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते हैं। पूछने वाला कोई नहीं है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं, साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी होते हैं। किसान बताते हैं कि पिछले साल उनकी अधिकांश फसल आवारा मवेशी चट कर गए। गर्मी और बारिश में तो जैसे-तैसे करके किसान रात में खेत की निगरानी कर आवारा मवेशियों से अपनी फसलों को बचाते आए हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड में रात के समय खेतों की रखवाली मुश्किल हो जाता है। गोमाता जब हर घर में पलेगी और गोमाता को वर्तमान में धार्मिक की बजाय उससे मिलने वाले अमूल्य गो उत्पाद उपहारों के मार्केटिंग और गोवंश के शारीरिक श्रम के उपयोगिता बढ़ेगी, तब समस्या का सही समाधान हो सकेगा। -प्यार चंद, बैजनाथ

आपकी डायरी

मुझको मेरे हाल पे छोड़ तू जुड़ा बांध
ले टहनी से फूल को तोड़ तू जुड़ा बांध
मेरी राहें मेरे पत्थर मेरे खार
ले अपने रस्ते का मोड़ तू जुड़ा बांध



शायर
विकास राणा
बैजनाथ, कांगड़ा

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

26 खिलाड़ियों को अर्जुन

05 कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार

- भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह में गवर्नर द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से किया सम्मानित
- चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन) को 2023 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार
- खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपए का पुरस्कार मिलता है

- क्रिकेट में मोहम्मद शमी शूटिंग में ऐश्वर्य प्रताप को अर्जुन अवॉर्ड
- सात्विक और चिराग को खेल रत्न अवॉर्ड

राष्ट्रपति भवन में मंगलवार नौ जनवरी को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए गए। इसमें 5 कोचों को द्रोणाचार्य तो 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। 3 लोगों को लाइफ टाइम सम्मान से नवाजा गया। सबसे पहले कोच को द्रोणाचार्य, फिर लाइफ टाइम और इसके बाद खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले फास्ट बॉलर मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया।

तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करते क्रिकेटर मोहम्मद शमी। शमी ने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में सात मैचों में 24 विकेट चटकाए थे और भारत को फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

मेरा लक्ष्य जहां तक संभव हो खुद को फिट रखना : शमी

टखने की चोट से उबर रहे शमी सम्मान हासिल करने के लिए समारोह में मौजूद थे। उन्होंने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में सात मैच में 24 विकेट चटकाए थे और भारत को फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी ने सोमवार रात को खेल मंत्रालय द्वारा इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं के लिए आयोजित समारोह के दौरान 'पीटीआई' से कहा कि मेरा लक्ष्य जहां तक संभव हो खुद को फिट रखना है, क्योंकि अगले दो टूर्नामेंट और शृंखलाएं बड़ी हैं। मैं फिटनेस पर ध्यान दूंगा।

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जहां क्रिकेटर मोहम्मद शमी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पहुंचे और सम्मान प्राप्त किया।

हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आम तौर पर 29 अगस्त को होने वाले खेल पुरस्कार समारोह को पिछले साल 23 सितंबर से आठ अक्तूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों के कारण स्थगित कर दिया गया था।

राष्ट्रपति भवन में समारोह में 26 खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हाल में शतरंज ग्रैंडमास्टर बनीं आर वैशाली को भी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह स्टार ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन हैं।

कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली वैशाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी हैं।

युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य दिग्गज खिलाड़ियों में पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और पिछले साल सीनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान अंतिम पंघाल, पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन और पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल थे। हांगझोउ एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल के फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ स्थिति के कारण दोनों हाथ नहीं हैं और वह दोनों हाथों के बिना तीरंदाजी करने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं। इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं, जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है।

मोहम्मद शमी (क्रिकेट), ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (निशानेबाजी), ईशा सिंह (निशानेबाजी), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (दृष्टिबाधित क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)।

अर्जुन पुरस्कार

दुनिया की नंबर वन जोड़ी के लिए 2023 रहा शानदार

बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी जीता। यह पुरुष जोड़ी वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है और इसलिए समारोह में शामिल नहीं हुई। पिछले साल दुनिया की नंबर एक जोड़ी बनने वाले चिराग और सात्विक की नजरें पेरिस ओलंपिक पर टिकी हैं। फिलहाल दूसरी विश्व रैंकिंग पर काबिज इस जोड़ी का इस साल होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करना लगभग तय है।

शीतल देवी ने पिछले साल अक्तूबर में अपने पहले एशियन पैरा गेम्स में रिकॉर्ड तीन पदक जीते। मिश्रित युगल और महिला व्यक्तिगत वर्ग में दो गोल्ड मेडल और महिला युगल कंपाउंड में एक सिल्वर मेडल शामिल था।

इलूरी अजय कुमार रेड्डी भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम के कप्तान हैं।

मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम रनर अप), कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र (द्वितीय रनर अप)।

उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)

ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स), शिवेंद्र सिंह (हॉकी), गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंभ)।

उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवन पर्यंत श्रेणी)

जसकीरत सिंह ग्रेवाल (गोल्फ), भास्करन ई (कबड्डी), जयंत कुमार पुशीलाल (टेबल टेनिस)।

जीवन पर्यंत उपलब्धि के लिए ध्यानचंद पुरस्कार

मंजूषा कंवर (बैडमिंटन), विनीत कुमार शर्मा (हॉकी), कविता सेल्वराज (कबडडी)।

न्यूज ब्रीफ

'एसए20' से मुझे कप्तानी के बारे में अधिक समझने का दिया मौका : मार्कराम

केपटाउन। 'एसए20' के पहले सत्र का खिताब जीतने वाली टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान एडेन मार्कराम अपनी नेतृत्व क्षमताओं में विश्वास दिखाने के लिए सनराइजर्स फ्रेंचाइजी के आभारी हैं। भारत के खिलाफ हाल ही में टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले मार्कराम खेल के सबसे छोटे प्रारूप में एक बार फिर से अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। मार्कराम ने कहा कि रन बनाना हमेशा अच्छा होता है। जाहिर है यह अलग प्रारूप है, लेकिन यह एक खिलाड़ी को आत्मविश्वास देते है। उस पारी के साथ 'एसए20' में आना शानदार अहसास है। आपको हालांकि यह इस बात का सम्मान करना होगा कि यह एक अलग प्रारूप है। 'एसए20' में सफलता के बाद मार्कराम को इंडियन प्रीमियर लीग में इस फ्रेंचाइजी की टीम सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तान करने का भी मौका मिला था। दक्षिण अफ्रीका के इस उपकप्तान ने कहा कि मैं कप्तान नियुक्त करने से जुड़े निर्णयों में शामिल नहीं हूं, लेकिन किसी भी टीम की कप्तानी करने का मौका शानदार होता है। सनराइजर्स की किसी भी टीम की कप्तानी करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। मेरे लिए टीम की अगुआई करना सीखने के नजरीये से बहुत अच्छा अनुभव है। उन्होंने कहा कि कप्तानी और एक अनुभवी खिलाड़ी के नजरिए से आप हमेशा महसूस करते हैं कि आपको आगे बढ़कर नेतृत्व करने करना होता है। हम अपने खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की आजादी देना चाहते हैं।

हॉकी इंडिया ने हरमन क्रूज को हाई परफोर्मेंस निदेशक किया नियुक्त

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को नीदरलैंड के हरमन क्रूज को नया हाई परफोर्मेंस निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। उन्हें सितंबर तक इस पद पर नियुक्त किया गया है। क्रूज हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय जूनियर और सीनियर कार्यक्रमों को देखेंगे, जिसमें कोच शिक्षा कार्यक्रम के साथ अन्य कार्य भी शामिल हैं। क्रूज नीदरलैंड के क्लब 'डेन बोश लेडीज' के मुख्य कोच भी रह चुके हैं और उनके मार्गदर्शन में टीम ने लगातार आठ बार यूरोपीय कप जीता। वह नीदरलैंड की इंडोर महिला हॉकी टीम के 2006 से 2008 तक मुख्य कोच रहे, जबकि 2008 से 2010 तक उन्होंने राष्ट्रीय आउटडोर टीम के कोच की जिम्मेदारी संभाली। वह 2016 से अगस्त 2023 तक बेलारूस की इंडोर और आउटडोर टीम के मुख्य कोच रहे। क्रूज एफआईएच के प्रमाणित कोच-शिक्षक हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि वह जूनियर और सीनियर टीम के कार्यक्रमों सहित हॉकी इंडिया द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को देखेंगे। क्रूज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय टीमें इतिहास रचने की दहलीज पर हैं और मैं इस वर्ष के लक्ष्यों को प्राप्त करने में टीमों और हॉकी इंडिया की मदद करने में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करने को लेकर उत्सुक हूं।

आईटीएफ मांडया ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे मनीष व सिद्धार्थ

मांड्या। भारतीय टेनिस खिलाड़ी मनीष गणेश और सिद्धार्थ विश्वकर्मा आसान जीत के साथ मंगलवार को आईटीएफ मांड्या ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। गणेश ने नीरज यशपाल को 6-1, 6-1 से हराया, जबकि विश्वकर्मा ने आदिल कल्याणपुर को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्वल देव को हालांकि पुरुष युगल में निराशा का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले डेविस कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले देव और उनके जोड़ीदार नितिन कुमार सिन्हा अंतिम 16 में नहीं पहुंच सके। सिन्हा के पेट में जकड़न के कारण दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को मुकाबला बी में छोड़ना पड़ा, जिससे भारत के करण सिंह और कोरिया के वूबीन सिन की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

पीसीबी ने विदेशी कोचिंग स्टाफ को किया बाहर, रिजवान टी-20 के नए उपकप्तान

एजेंसी, कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व कप सहित हाल के दिनों में सीनियर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अपने विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक से सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग होने का फैसला किया है।

बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ और मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर तीनों के साथ अंतिम समझौते पर बातचीत करेंगे।

एशिया कप और विश्व कप के दौरान पाकिस्तान टीम प्रबंधन का हिस्सा रहे इन तीनों ने भारत से लाहौर लौटने के बाद छुट्टियां लेने का फैसला किया और उन्हें सूचित किया गया कि अब राष्ट्रीय टीम के साथ उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।

मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के लिए टी-20 में ओपनिंग करते हैं। 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ उन्होंने मैच विनिंग फिफ्टी लगाई थी। रिजवान को टी-20 टीम का नया उपकप्तान बनाया गया है, वह लेग स्पिनर शादाब खान की जगह लेंगे।

पीसीबी को पता चला कि इन तीनों के अनुबंध में ऐसा कोई नियम नहीं था, जो उन्हें एनसीए में स्थायी रूप से काम करने के लिए मजबूर करता हो, क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान टीम के साथ काम करने के लिए अनुबंध किया था।

अधिकारी ने कहा कि मिकी पहले से ही डर्बीशर के साथ है और पुटिक तथा ब्रैडबर्न को नई जिम्मेदारियां मिल गई हैं, इसलिए कुछ विचार-विमर्श के बाद मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से समाप्त करने और उन्हें उनके अनुबंध से मुक्त करने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने स्वीकार किया कि बोर्ड तीनों को मुआवजे के तौर पर कुछ महीनों का वेतन देगा।

उन्होंने यह भी पुष्टि की कि बल्लेबाजी कोच पुटिक ने अनुबंध स्वीकार करने से पहले पीसीबी को अफगानिस्तान के साथ अपने नए कार्यभार के बारे में सूचित किया था।

सहवाग, अकरम व हरभजन डीपी विश्व आईएलटी-20 दूसरे सत्र की कमेंट्री टीम में

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, आफ स्पिनर हरभजन सिंह और पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम समेत कई नामी गिरामी पूर्व क्रिकेटर डीपी विश्व आईएलटी-20 लीग के दूसरे सत्र में कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। जी इंटरटेनमेंट ने मंगलवार को अपनी कमेंट्री टीम की घोषणा की। इसमें सहवाग, हरभजन, अकरम के अलावा सबा करीम, रोहन गावस्कर, वकार युनूस, शोएब अख्तर, भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा और नताली गेरमानोस शामिल है। लीग का दूसरा सत्र 19 जनवरी से 17 फरवरी तक दुबई, अबुधाबी और शारजाह में खेला जाएगा। इस मौके पर जी इंटरटेनमेंट के व्यवसाय प्रमुख राहुल जोहरी ने कहा कि हम आगामी सत्र के लिए अपने कमेंटेटरों की पेनल की घोषणा करते हुए काफी हर्षित हैं। उनके अनुभव और क्रिकेट से ज्ञान से इसकी लोकप्रियता में इजाफा होगा। सहवाग ने कहा कि पिछले कुछ अर्से में क्रिकेट की ताकत के रूप में यूएई कर बढ़ता ग्राफ शानदार रहा है। उम्मीद है कि दूसरे सत्र में भी शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगी।

इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट | मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन शुरू होने से पांच दिन पहले दाएं कूल्हे में आई चोट के कारण लिया फैसला

विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा एडीलेड टूर्नामेंट से हटीं

एजेंसी, एडीलेड

विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन शुरू होने से पांच दिन पहले दाएं कूल्हे में चोट के कारण मंगलवार को एडीलेड इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी वोंद्रोसोवा रूस की क्वालीफायर एलेक्सांद्रा सेसनोविच के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हट गईं। ड्रॉ में टेलर टाउनसेंड उनकी जगह लेंगी।

जॉर्डन थॉम्पसन ने लोरेंजो मुसेटी को किया चित

एडीलेड में एटीपी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन ने चौथे वरीय लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशल में 2017 की अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को चीन की 73वें नंबर की क्वालीफायर युवान युइ के हाथों 6-4, 3-6, 7-6 (5) से शिकस्त झेलनी पड़ी। वह पिछले हफ्ते ब्रिसबेन इंटरनेशनल के भी दूसरे दौर में हार गई थी।

येलेना ओस्टापेंको ने सोराना क्रिस्टिया को हराया

पहले दौर के अन्य मुकाबलों में छठी वरीय येलेना ओस्टापेंको ने सोराना क्रिस्टिया को 2-6, 6-2, 6-4 से हराया। येलेना अगले दौर में कैरोलिन गार्सिया से भिड़ेंगी, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की वाइल्ड कार्ड धारक टेलाह प्रेस्टन को 6-4, 1-6, 6-3 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन प्लिसकोवा को 6-2, 6-1 से हराकर उलटफेर किया। जर्मनी को यूनाइटेड कप का फाइनल जिताने के दो दिन का लॉरा सेगमुंड ने कड़े मुकाबले में सातवीं वरीय लुइडमिला सेमसोनोवा को 6-7 (1), 6-4, 6-4 से हराया।

सोफिया ने मिनेन पर की जीत दर्ज

ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व विजेता सोफिया केनिन ने ग्रीट मिनेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की, जबकि नौवीं वरीय तात्जाना मारिया ने नादिया पोडोरोस्का के 6-1, 4-3 के स्कोर पर मैच से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई। दो ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका और एम्मा राडुकानु के बीच मेलबर्न पार्क में होने वाला प्रदर्शनी मैच भी रद्द कर दिया गया।

पाक ने भी अरब सागर में शुरू की गश्त, समुद्री डाकुओं की अब खैर नहीं

अरब सागर में पहुंचे भारत के 10 युद्धपोत

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत ने अरब सागर में समुद्री निगरानी बढ़ा दी हैं। भारतीय नौसेना ने समुद्री डाकुओं और अपहरण की घटनाओं को देखते हुए यहां दस युद्धपोत तैनात किए हैं। नौसेना ने दस दिनों के भीतर यहां युद्धपोतों की संख्या दोगुनी कर दी है।

वॉरशिप पर नेवी के हेलिकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। अरब सागर में समुद्री डाकुओं द्वारा किए गए हाल के हमलों को ध्यान में रखते हुए, बीते दिनों भारतीय नौसेना ने यहां गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता

तैनात किए थे। भारत के इस कदम के बाद अब पाकिस्तान ने भी अरब सागर में अपने युद्धपोत तैनात किए हैं। पाकिस्तानी नौसेना का कहना है अरब सागर में हालिया घटनाओं के बाद पाकिस्तान ने यह युद्धपोत तैनात किए हैं। पाकिस्तान का कहना है उसने अपने समुद्री व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा नौसेना के लिए अरब सागर में गश्त शुरू की है। दरअसल हाल ही में हूती विद्रोहियों ने पाकिस्तान जाने वाले एक मालवाहक समुद्री जहाज पर मिसाइल से हमला किया था। इस समुद्री जहाज की कंपनी का कहना था कि किंग अब्दुल्ला पोर्ट, सऊदी अरब से कराची के रास्ते में उसके जहाज पर हुए हमला हुआ था। हालांकि इस हमले में जहाज या उस पर सवार किसी व्यक्ति को क्षति नहीं पहुंची। वहीं बीते सप्ताह समुद्री डाकुओं ने लाइबेरिया के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी लीला नॉरफॉक को हाईजैक करने की कोशिश की थी।

कैदियों से सप्ताह में दो बार ही मिल सकेंगे परिजन व वकील

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2018 दिल्ली जेल नियमों के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया, इसमें परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों और कानूनी सलाहकारों द्वारा कैदी से मिलने की संख्या की सीमा तय की गई है।

न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उठाए गए मुद्दे को नीतिगत मामला बताते हुए कहा कि वह पिछले साल फरवरी में पारित दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि कुल दौरे की संख्या को सप्ताह में दो बार सीमित करना पूरी तरह से मनमाना नहीं कहा जा सकता है।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान से श्रीराम के प्रसाद के लिए पांच मन मेवायुक्त दिव्य लड्डुओं का भोग होगा रवाना

मथुरा। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान से भगवान राम के प्रसाद के लिए पांच मन यानी 200 किलो मेवायुक्त देसी घी के लड्डू भेजे जाएंगे। सोमवार शाम भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान स्थित इंटरनेशनल गेस्ट हाउस पर आयोजित वार्ता में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वर चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन पहली बार भागवत भवन स्थित श्री राधा कृष्ण सियाराम के रूप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे तो वहीं श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जन्म स्थान परिसर में भव्य व्यवस्थाएं की जाएगी एवं मकर संक्रांति के दिन श्री कृष्ण जन्म भूमि से सुसज्जित वाहन में अयोध्या के लिए दिव्य लड्डुओं का भोग रवाना किया जाएगा, जो विभिन्न शहरों के रास्ते होते हुए अयोध्या पहुंचेंगे। साथ ही बताया कि जिस समय श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में मनाया जाएगा तो वहीं जन्म स्थान परिसर में भी सुबह नौ बजे से खीर-हलवा-पूरी प्रसाद का वितरण किया जाएगा एवं 12:15 बजे से भगवान श्री राम की दिव्य आरती और दो बजे से लीला मंच पर भजन गायक जगदीश बृजवासी अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 16 जनवरी से निरंतर 23 जनवरी तक संपूर्ण जन्म स्थान परिसर में रामधुन बजाई जाएगी एवं शाम को पांच बजे से संपूर्ण मंदिर परिषद में विशाल दीपदान का आयोजन प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की भव्य रंगोली बनाई जाएगी एवं शाम को सात बजे से भव्य दीपदान किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में समूचे मंदिर परिसर में दीपदान किए जाएंगे एवं जन्म स्थान परिसर में आने वाले सभी यात्री अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम भी देख सकें। जिसके लिए एक विशाल स्क्रीन भी जन्म स्थान परिसर में लगाई जाएगी।

यूएई के राष्ट्रपति के साथ पीएम मोदी का अहमदाबाद में रोड शो

पीएम मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

एजेंसी, गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन की पूर्व-संध्या पर मंगलवार को अहमदाबाद में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ भव्य रोड शो किया।

सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे यूएई के राष्ट्रपति का पीएम मोदी ने खुद स्वागत किया। इससे पहले, पीएम मोगी ने गांधीनगर में 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक व्यापार प्रदर्शनी-2024' का उद्घाटन किया। यह वैश्विक प्रदर्शनी गुजरात की राजधानी गांधीनगर में हेलिपैड ग्राउंड प्रदर्शनी केंद्र के कई हॉल में लगाई गई है। इसका कुल क्षेत्रफल करीब दो लाख वर्ग मीटर है। प्रदर्शनी में कुल 20 देश शिरकत कर रहे हैं। इसकी शुरुआत वाइब्रेंट

गुजरात शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुई है। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपराह्न तीन बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्रदर्शनी में लगे कई स्टॉल को देखा।

प्रदर्शनी में अपने उद्योगों के बारे में जानकारी देंगे देश

प्रदर्शनी में ऑस्ट्रेलिया, तंजानिया, मोरक्को, मोजाम्बिक, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड, एस्टोनिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, जर्मनी, नॉर्वे, फिनलैंड, नीदरलैंड, रूस, रवांडा, जापान, इंडोनेशिया और वियतनाम अपने उद्योगों के बारे में जानकारी देंगे।

'महात्मा गांधी मंदिर' में राष्ट्राध्यक्षों से की मुलाकात

प्रधानमंत्री मोदी ने निवेशक सम्मेलन के आयोजन स्थल 'महात्मा गांधी मंदिर' में मोजाम्बिक, तिमोर एवं तिमोर-लेस्ते के राष्ट्राध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कई वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी और तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति डॉ. जोस रामोस होर्टा ने गांधीनगर में मुलाकात की। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति होर्टा 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 8-10 जनवरी तक भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति होर्टा और उनके प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह दोनों देशों के बीच राज्य प्रमुख या सरकार स्तर की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री ने एक जीवंत दिल्ली-दिली संपर्क बनाने को भारत की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

नेपाल राष्ट्र से आएगा रामलला के लिए अष्टधातु निर्मित दिव्य धनुष

अयोध्या। भारत की अयोध्या व नेपाल के जनकपुर का संबंध त्रेतायुग से है। अयोध्या के राजा राम का विवाह महाराजा जनक की पुत्री सीता के साथ हुआ था। तब से लेकर आज तक जनकपुर व अयोध्या का संबंध जीवंत है। इस कड़ी में नेपाल में प्रभु श्रीराम के लिए धनुष निर्मित हो रहा है। इस धनुष को अयोध्या में रखा जाएगा। नेपाल के भक्तपुर में शिल्पकार अष्टधातु से भगवान राम का दिव्य धनुष बना रहे हैं। यह धनुष देखने में सुंदर व अलौकिक होगा। यह धनुष 20 वर्ष की आयु में राम का धनुष कैसा रहा होगा यह कल्पना कर बनाया जा रहा है। यह धनुष एक वर्ष बाद अयोध्या आयेगा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल के गर्भगृह पर जहां राम दरबार स्थापित होगा, वहीं पर इस धनुष को रखा जायेगा। यह धनुष देखने में विशाल होगा लेकिन दो लोग इसे उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर रख सकते हैं।

उम्र 85 साल, राम-मंदिर के लिए 31 साल से मौन

22 जनवरी को व्रत तोड़ेंगी झारखंड की सरस्वती देवी

एजेंसी, रांची

सरस्वती देवी ने 1992 में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने के बाद मौन व्रत ले लिया था। प्रण किया कि यह तभी खोलूंगी, जब राम मंदिर बन जाएगा।अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के लिए देशभर में उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को देशवासियों से दीये जलाने की अपील कर चुके हैं। अब राम मंदिर निर्माण को लेकर कई कहानियां भी सामने आ रही हैं। झारखंड की 85 वर्षीय बुजुर्ग सरस्वती देवी बीते 31 साल से मौन व्रत ली हुई हैं। वे परिवार के साथ राम मंदिर का उद्घाटन देखने 8 जनवरी रात को अयोध्या रवाना हो चुकी हैं।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर अमेरिका में होगा जश्न

एजेंसी, न्यूयार्क

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जश्न मनाने की अमेरिका में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इस ऐतिहासिक महोत्सव के अवसर पर अमेरिका के प्रमुख शहरों में भर में कार रैलियां निकाली जाएंगी।पिछले हफ्ते वाशिंगटन, शिकागो और अमेरिका के अन्य शहरों में कई रैलियां आयोजित

400 से अधिक कारों के प्रतिभाग करने की संभावना, रैली साउथ बे से प्रतिष्ठित गोल्डन गेट ब्रिज तक जाएगी

की गईं थीं। अमेरिका में 'कैलिफार्निया इंडियंस' नाम का समूह 'भगवान श्रीराम की घर वापसी' का जश्न मनाने के लिए 20 जनवरी को विशाल कार रैली का आयोजन करने जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि रैली में 400 से अधिक कारों के प्रतिभाग करने की संभावना है और यह रैली साउथ बे से प्रतिष्ठित गोल्डन गेट ब्रिज तक जाएगी। आयोजकों ने कहा कि उत्तरी कैलिफोर्निया के भारतवंशी भारत के आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े और गौरवपूर्ण कार्यक्रम का जश्न मनाने के लिए एकजुट है।

वर्ल्ड न्यूज

अमेरिकी होटल में विस्फोट, 21 घायल, एक की हालत गंभीर

वाशिंगटन। अमेरिकी राज्य टेक्सास प्रांत के फोर्ट वर्थ शहर के सैंडमैन सिग्नेचर होटल में सोमवार दोपहर हुए विस्फोट में कम से कम 21 लोग घायल हो गए। माना जा रहा है कि यह विस्फोट गैस रिसाव की वजह से हुआ। द न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारण सैंडमैन सिग्नेचर होटल को काफी नुकसान हुआ है। फोर्ट वर्थ अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता क्रेग ट्रोजसेक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक व्यक्ति की हालत ज्यादा गंभीर है।

झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स में 28 लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति रद्द की

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने रांची स्थित मेडिकल कॉलेज राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) में लैब टेक्नीशियनों के 28 पदों पर वर्ष 2020 में हुई नियुक्ति रद्द कर दी है। कोर्ट ने नियुक्ति के लिए तय किए मापदंडों को गलत ठहराया है। इसके साथ ही नए सिरे से लिखित परीक्षा आयोजित करने और अनुभव के आधार पर मापदंड निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। भुवन भास्कर नामक एक अभ्यर्थी ने कोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि रिम्स ने साल 2019 में इसकी नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था, लेकिन, इसमें जो अहर्ताएं रखी गईं, वह केंद्र सरकार के निर्देशों के विपरीत थीं।

पेपर लीक मामले में देश के तीन राज्यों में 12 स्थानों पर छापे

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे भर्ती केंद्र द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के प्रश्न और उत्तर पत्रों के लीक होने के मामले में मंगलवार को देश के तीन राज्यों में 12 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान सीबीआई को कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि गुजरात के सूरत, अमरेली, नवसारी के अलावा मुंबई और बिहार के बक्सर में छापेमारी की गई। सीबीआई ने रेलवे भर्ती केंद्र, पश्चिमी रेलवे, मुंबई द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के डिजिटल साक्ष्य और आपत्तिजनक दस्तावेज़ बरामद भी किए हैं।

गोवा ले जाकर चार साल के बेटे की हत्या, बैग में भरकर लाई लाश

गोवा। एक स्टार्ट-अप कंपनी की 39 वर्षीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सूचना सेठ ने अपने चार वर्षीय बेटे की गोवा में हत्या कर दी और फिर शव को बैग में भरकर पड़ोसी राज्य कर्नाटक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी के पति वेंकट रमन को घटना की जानकारी दे दी है। वह इस समय जकार्ता में हैं। सूचना सेठ एक स्टार्ट-अप कंपनी की सीईओ है। सेठ के लिंक्डइन पेज के अनुसार, वह माइंडफुल एआई लैब की सीईओ हैं और 2021 के लिए एआई एथिक्स में शीर्ष 100 ब्रिलियंट महिलाओं में से एक थीं। सूचना सेठ द माइंडफुल एआई लैब की संस्थापक हैं। वह चार सालों से अधिक समय से अपनी कंपनी का नेतृत्व कर रही है।

चीन और पाकिस्तान में नहीं है धार्मिक स्वतंत्रता : ब्लिंकन

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने जारी की सूची

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका ने कहा है कि चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है। धार्मिक स्वतंत्रता का दमन करने वाले देशों के नामों की सूची जारी करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका की विदेश नीति में धार्मिक स्वतंत्रता अहम मुद्दा है। अन्य देशों से संबंधों के विकास में अमेरिका इस मानदंड को बड़ा महत्व देता है।

अमेरिकी संसद ने साल 1998 में अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बनाकर वैश्विक स्तर पर धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया था। बीते वर्ष (2023) के अनुभवों के आधार पर तैयार इस सूची को सार्वजनिक करते हुए ब्लिंकन ने बताया कि इसमें म्यांमार, चीन, क्यूबा, उत्तर कोरिया, इरीट्रिया, ईरान, निकारागुआ, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के नाम हैं।

इन देशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति चिंताजनक है। इन देशों में अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार नहीं मिलते, साथ ही उनके साथ कई तरह से भेदभाव और अन्याय होता है। इसके अलावा अल्जीरिया, अजरबैजान, मध्य अफ्रीकी देश कोसोरोस और वियतनाम

में भी धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति अच्छी नहीं है। इन देशों में अल्पसंख्यकों को पर्याप्त धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है। विदेश मंत्री ब्लिंकन ने अल-शबाब, बोको हराम, हयात तहरीर अल-शाम, हाउती, आईएस-साहेल, आईएस-वेस्ट अफ्रीका, अल कायदा, जमात नस्त्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन और तालिबान को धार्मिक स्वतंत्रता के लिए खतरनाक बताया है।

ब्लिंकन ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता एक वैश्विक मुद्दा है। इसके अंतर्गत होने वाले भेदभाव और अन्याय को सतत और व्यवस्थित प्रक्रिया से दूर किया जा सकता है। अमेरिका का उद्देश्य विश्व में समतामूलक समाज की स्थापना है जिसमें सभी लोगों को बराबरी और इच्छानुसार धर्म और पूजा पद्धतियों का पालन करने की स्वतंत्रता हो।

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामला

ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की, राबड़ी और सांसद मीसा भारती का नाम

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष अपना पहला आरोप पत्र दायर किया, जिसमें अन्य के साथ बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी का नाम शामिल है।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के करीबी सहयोगी अमित कात्याल का भी आरोप पत्र में कुछ कंपनियों के साथ नाम लिया गया है। अभियोजन की शिकायत (ईडी के आरोप पत्र के बराबर) राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष दायर की गई है। अदालत ने जांच एजेंसी को मंगलवार को ही आरोप पत्र और दस्तावेजों की ई-कॉपी दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब यह मामला 16 जनवरी को संज्ञान में आने की संभावना है। हाल ही में, अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू यादव, उनके बेटे और पत्नी द्वारा आरोप पत्र के साथ दायर दस्तावेजों की आपूर्ति की मांग करने वाले एक आवेदन पर सीबीआई से जवाब मांगा था। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने ने आठ आरोपियों की दोषपूर्ण दस्तावेजों की आपूर्ति की मांग वाली याचिका पर सीबीआई से जवाब दाखिल करने को कहा था।

जैकी भगनानी के साथ शादी करेंगी एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह

एजेंसी, मुंबई

इस वक्त बॉलीवुड में शादियों की हलचल मची हुई है। कुछ दिनों पहले अभिनेता आमिर खान की लाडली बेटी आयरा ने नुपुर शिखर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की। अब एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी की खबरें आ रही हैं। शादी की तारीख से लेकर शादी की थीम तक की जानकारी सामने आ गई है। चर्चाएं चल रही हैं कि रकुल और जैकी 22 फरवरी को गोवा में शादी करेंगे। यह शादी समारोह करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में होगा। रकुल और जैकी अपनी शादी में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए एक खास नियम बनाने की योजना बना रहे हैं। चूंकि रकुल और जैकी प्राइवेट तरीके से शादी करना चाहते हैं, इसलिए शादी में आने वाले मेहमानों के फोन के इस्तेमाल पर रोक रहेगी।

शादियों के लिए बनाई एक खास थीम

रकुल और जैकी ने अपनी शादी के लिए खास थीम भी बनाई है। हालांकि, थीम के बारे में अभी तक कोई अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन जोड़े के एक करीबी रिश्तेदार ने जानकारी दी है कि दोनों एक समान थीम का उपयोग करेंगे जो उनके व्यक्तित्व के अनुरूप हो। रकुल और जैकी के रिश्ते की चर्चा पिछले कई महीनों से हो रही थी।

अक्तूबर, 2021 में दोनों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते को स्वीकार किया था।

दुखद कैंसर से जंग हार गए उस्ताद राशिद खान, संगीत जगत में पसरा शोक

नहीं रहे संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान

एजेंसी, नई दिल्ली

मशहूर संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का निधन हो गया है। वह काफी लंबे वक्त से प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। वह कोलकाता स्थित एक अस्पताल में इसका इलाज करवा रहे थे। वह आखिरी वक्त में वेंटिलेटर पर थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद संगीत सम्राट के निधन की दुखद खबर दी। उनके निधन से संगीत जगत को भारी क्षति पहुंची है।

संगीतकार को पिछले महीने सेरेब्रल अटैक आया था, जिसके बाद उनकी सेहत बिगड़ती चली गई. उस्ताद राशिद खान रामपुर-सहसवान घराने से ताल्लुक रखते थे। शुरू में उनका टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में इलाज चल रहा था। दिग्गज संगीतकार की इच्छा को देखते हुए उनके आगे का इलाज कोलकाता में हुआ।

उस्ताद निसार हुसैन खान से मिली थी संगीत की तालीम

उस्ताद राशिद खान का जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। उन्हें संगीत की शुरुआती शिक्षा उस्ताद निसार हुसैन खान से मिली थी। वह उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के भतीजे थे, जिन्होंने संगीत में उनकी प्रतिभा को पहचाना था और मुंबई में उन्हें इसकी तालीम दी थी।

सात साल की उम्र में किया था कॉन्सर्ट

उस्ताद राशिद खान ने सात साल की उम्र में पहला कॉन्सर्ट किया था। उन्होंने 1978 में दिल्ली में हुए आईटीसी कॉन्सर्ट की शोभा बढ़ाई थी। साल 1980 में जब उनके गुरु निसार हुसैन खान कोलकाता में आईटीसी संगीत रिसर्च अकेडमी से जुड़ गए, तो उन्हें भी इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह तब सिर्फ 14 साल के थे।

राष्ट्रपति भवन में 13 से 27 जनवरी के बीच नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह

नई दिल्ली। राजधानी में गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह 13 से 27 जनवरी के बीच नहीं होगा। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन ने आज यहां दी। यह समारोह एक सैन्य परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति भवन के गार्ड समय-समय पर बदले जाते हैं। रायसीना हिल्स पर स्थित राष्ट्रपति भवन में प्रत्येक शनिवार को चेंज ऑफ गार्ड समारोह आयोजित होता है। गणतंत्र दिवस समारोह के कारण 13, 20 और 27 जनवरी को चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा।

भारत-ओमान के बीच 16 जनवरी से एफटीए पर अगले दौर की बातचीत

नई दिल्ली। भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए अगले दौर की बातचीत 16 जनवरी से होगी। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) नाम दिया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के लिए दोनों पक्षों के बीच इससे पहले बातचीत हो चुकी है। इसी माह इस समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के लिए ओमान, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।

भारत और ओमान के बीच वित्त वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 12.39 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में यह पांच अरब अमेरिकी रहा डॉलर था। भारत का ओमान को निर्यात वित्त वर्ष 2018-19 में 2.25 अरब अमेरिकी डॉलर से उछलकर वित्त वर्ष 2022-23 में 4.48 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है।